हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

रांची ● मंगलवार ● 11.11.2025 ● वर्ष : 16 ● अंक : 106 ● पृष्ठ : 12 ● आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये

# लाल किले के पास कार में जोरदार धमाका, कई वाहनों में लगी आग, 10 की मौत, 30 लोग घायल

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** दिल्ली में लाल किले के पास इको वैन में जोरदार धमाका हुआ है, जिसके बाद यहां अफरातफरी मच गई है। धमाके में 10 लोगों की मौत हो गई है जबकि 30 लोगों के घायल होने की खबर है। जिनमें से कुछ की हालत गंभीर है। मृतकों के शव लोक नारायण जयप्रकाश अस्पातल में ले जाए गए हैं। मौत का आंकड़ा बढ़ भी सकता है। यह धमाका हाई इंटेंसिटी का था। एनआईए की टीम मौके पर भेजी जा रही हैं। धमाका इतना तेज था कि 5-6 गाड़ियों के परखच्चे उड़ गए।

फायर ब्रिगेड के पास धमाके की सूचना 6 बजकर 55 मिनट पर आई थी। दिल्ली पुलिस की टीम जांच में जुट गई है। फोरेंसिक और टेक्निकल एक्सपर्ट मौके पर पहुच रहे हैं जो यह पता लगाएंगे की आखिर यह ब्लास्ट किस तरह का है। ब्लास्ट की वजह से आस पास की स्ट्रीट लाइट भी टूट गईं। सूत्रों के मुताबिक लाल किला मेट्रो स्टेशन के गेट नंबर 1 के पास हुए विस्फोट के कारण कई घायलों को एलएनजेपी अस्पताल लाया गया है। धमाके के बाद पूरी दिल्ली में हाई अलर्ट घोषित कर दिया गया है। जिस तरह के हालात अभी हो गए हैं, उससे यह भी प्रतीत होता है कि यह बड़ी साजिश भी हो सकती हैं। इस बीच नजदीक की चांदनी चौक मार्केट को बंद कर दिया गया है। लाल के आसपास के पूरे इलाके और सड़कों को बंद कर दिया गया है।

धमाके के बाद कार में भीषण आग लग गई और उसकी चपेट में 7-8 और गाड़ियां भी आ गईं। धमाके की जो तस्वीरें आ रही हैं वो विचलति करने वाली हैं। यह धमाका लाल किला मेट्रो स्टेशन के गेट नंबर 1 पर हुआ है। धमाके के बाद आसपास खड़ी गाड़ियों के भी शीशे टूट गए। जिस समय यह धमाका हुआ उस समय वहां पर काफी भीड़ थी। 2-3 घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। धमाका कार में लगी सीएनजी से हुआ या फिर किन्हीं अन्य वजहों से, इसका अभी तक पता नहीं चल सका है। फायर ब्रिगेड की गाड़ियां भी मौके पर हैं और आग पर काबू पाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

लाल किले के पास हुए धमाके ने सुरक्षा एजेंसियों की नींद उड़ा दी है। शुरूआती जांच में यह मामला सिर्फ एक लोकल धमाका नहीं लग रहा।



विस्फोट के बाद दिल्ली में हाई अलर्ट जारी

## फरीदाबाद में बड़ी आतंकी साजिश का खुलासा सात गिरफ्तार, 2,900 किलो विस्फोटक बरामद



**फरीदाबाद :** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने बड़ी कामयाबी हासिल करते हुए एक अंतरराज्यीय और अंतरराष्ट्रीय आतंकी नेटवर्क का पर्दाफाश किया है। यह नेटवर्क प्रतिबंधित आतंकी संगठनों जैश-ए-मोहम्मद और अंसर गजवात-उल-हिंद से जुड़ा हुआ था। पुलिस ने इस कार्रवाई में सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है और करीब 2,900 किलो विस्फोटक, हथियारों का जखीरा और कई आपत्तिजनक वस्तुएं बरामद की हैं। गिरफ्तार आरोपियों में आरिफ निसार डार उर्फ साहिल, यासिर-उल-अशरफ, मकसूद अहमद डार उर्फ शाहिद, मौलवी इरफान अहमद, जमीर अहमद अहंगर उर्फ मुतलाशा, डॉ. मुजम्मिल अहमद गनई उर्फ मुसैब और डॉ. अदील के नाम शामिल हैं। पुलिस ने छापेमारी के दौरान भारी मात्रा में हथियार और विस्फोटक सामग्री बरामद की। इनमें एक चाइनीज पिस्टल और कारतूस, एक बेरेटा पिस्तौल और कारतूस, एक एके-56 और कारतूस, एक एके क्रिंकॉफ राइफल और कारतूस और 2,900 किलो आईईडी मटेरियल (जिसमें विस्फोटक, रसायन, बैटरी, टाइमर, वायर, रिमोट कंट्रोल और मेटल शीट्स) शामिल हैं। पुलिस जांच में पता चला है कि यह गिरोह विदेशी हैंडलर्स के संपर्क में था और एनक्रिप्टेड चैनलों के जरिए फंडिंग, भर्ती और लॉजिस्टिक सपोर्ट का काम किया जा रहा था। आतंकियों ने सोशल मीडिया और एजुकेशनल नेटवर्क्स के जरिए फंड जुटाने की व्यवस्था बनाई थी, ताकि शक न हो। यह पूरा नेटवर्क 'व्हाइट कॉलर टेरर इकोसिस्टम' के रूप में काम कर रहा था, जिसमें कुछ पेशेवर और छात्र भी शामिल थे। इस आतंकी मॉड्यूल का खुलासा तब हुआ जब 19 अक्टूबर को नौगाम, श्रीनगर के विभिन्न इलाकों में जैश-ए-मोहम्मद के धमकी भरे पोस्टर लगाए गए थे। इस मामले में एफआईआर दर्ज की गई, जिसमें यूएपीए एक्ट, एक्सप्लोसिव सब्सटेंस एक्ट और आर्म्स एक्ट की कई धाराएं लगाई गईं। जांच के दौरान पुलिस ने श्रीनगर, अनंतनाग, गांदरबल और शोपियां के साथ-साथ फरीदाबाद (हरियाणा) और सहारनपुर (उत्तर प्रदेश) में भी छापेमारी की। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने कहा कि यह ऑपरेशन आतंकवाद के खिलाफ उनकी दृढ़ निष्ठा और सतर्कता का सबूत है। पुलिस के अनुसार, फंडिंग की जांच जारी है और सभी संपर्कों को ट्रेस किया जा रहा है।

## एक नजर

### झारखंड कैबिनेट की बैठक कल

**रांची :** झारखंड सरकार की अगली कैबिनेट बैठक 12 नवंबर 2025 को आयोजित की जाएगी। यह बैठक दोपहर 3 बजे झारखंड मंत्रालय स्थित मंत्रिपरिषद कक्ष में होगी। बैठक की अध्यक्षता मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन करेंगे। इस संबंध में मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (समन्वय) की ओर से आधिकारिक सूचना जारी की गई है। बैठक में राज्य सरकार से जुड़ी कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर चर्चा और निर्णय लिए जाने की संभावना है।

### निर्माणाधीन दीवार गिरी 4 मजदूर मलबे में दबे

**जयपुर :** जयपुर में सोमवार दोपहर एक बड़ा और दर्दनाक हादसा हुआ है। जयपुर के सुभाष चौक थाना क्षेत्र के पन्नी गरान मोहल्ले में एक निर्माणाधीन मल्टी-स्टोरी बिल्डिंग की दीवार अचानक गिर गई। हादसे के समय वहां पर 4 मजदूर काम कर रहे थे, जो मलबे के नीचे दब गए।

## सारण जिले के मानस नयापानापुर-42 पट्टी गांव में मकान का छत गिरने से पांच की मौत

एजेंसी

**पटना :** बिहार में सारण जिले के अकिलपुर थाना क्षेत्र के मानस नयापानापुर -42 पट्टी गांव में इंदिरा आवास योजना से बना एक पुराना मकान अचानक भरभरा कर गिर पड़ा। इस मलबे में सोते हुए पूरे परिवार के पांच लोगों की मौत हो गई। मृतकों में 32 वर्षीय बबलू खान, उनकी पत्नी 30 वर्षीय रौशन खातून, 12 साल की बेटी रुकसार, 10 साल का बेटा मोहम्मद चांद और सबसे छोटी दो साल की चांदनी शामिल हैं। रात का खाना खाकर परिवार हर रोज की तरह सोया था। मकान गिरते ही आसपास के लोग दौड़े आए। चारों तरफ चीख-पुकार मच गई। ग्रामीणों ने तुरंत हाथों से मलबा हटाना शुरू किया। किसी ने पुलिस को फोन किया। मौके पर पहुंची अकिलपुर पुलिस ने भी बचाव कार्य में जुट गई, लेकिन जब तक शव बाहर निकाले गए, सभी ने दम तोड़ दिया था। एम्बुलेंस से अस्पताल ले जाया गया, वहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।



वरीय पुलिस अधीक्षक-सारण कुमार आशीष ने बताया कि रात्रि लगभग 09:30 बजे थाना अकिलपुर अंतर्गत ग्राम मानस में एक अत्यंत दुःखद घटना घटित हुई, जिसमें एक ही परिवार के पांच सदस्यों की दर्दनाक मृत्यु हो गई । घटना की सूचना थाना अकीलपुर को रात्रि लगभग 9:45 बजे प्राप्त हुई, जिसके उपरांत पुलिस बल द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए घटनास्थल पर पहुंच कर राहत एवं बचाव कार्य प्रारंभ किया गया। कुमार आशीष ने कहा कि प्रारंभिक जांच के अनुसार, यह ईंट एवं सीमेंट की पक्की छत वाला मकान लगभग 25-30 वर्ष पुराना बताया जा रहा है। देर रात अचानक मकान का छत गिर जाने से यह हादसा हुआ, जिसमें पांच व्यक्तियों की मृत्यु हो गई । कुमार आशीष ने कहा कि सभी मृतकों के शवों के मृत्यु समीक्षा रिपोर्ट की प्रक्रिया पूर्ण कर पोस्टमार्टम हेतु दानापुर, पटना भेजा गया है। घटनास्थल पर स्थानीय प्रशासन एवं पुलिस बल की उपस्थिति में सभी आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है ।

## त्रिकोणीय मुकाबले के लिए घाटशिला तैयार, मतदान आज

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**घाटशिला :** झारखंड के घाटशिला अनुसूचित जनजाति के लिए सुरक्षित विधानसभा उपचुनाव के लिए 11 नवंबर को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष मतदान कराने के लिए सारी तैयारियां पूरी कर ली गई है। राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने यहां बताया कि घाटशिला विधानसभा क्षेत्र में मंगलवार की सुबह 7:00 बजे से शाम 5:00 तक कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतदान होगा और इसकी सारी तैयारियां पूरी कर ली गई है।

### 14 नवंबर को होगी मतगणना

चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। वरीय पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडेय ने बताया कि सभी मतदान केंद्रों पर पर्याप्त संख्या में सुरक्षाबलों की तैनाती की गई है और संवेदनशील इलाकों पर विशेष नजर रखी जा रही है। बीते रविवार शाम पांच बजे प्रचार थमने के बाद से ही क्षेत्र में बाहरी नेताओं और कार्यकर्ताओं की आवाजाही पर रोक लगा दी गई है। अब उम्मीदवार केवल घर-घर जाकर ही संपर्क साध सकते हैं। मतगणना 14 नवंबर को होगी, जिसके बाद घाटशिला के नए विधायक का नाम स्पष्ट हो जाएगा।



मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने बताया कि मतदान के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के लिए केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल की 10 कंपनियों की भी तैनाती की गई है। कुल 300 मतदान केंद्रों पर 1,200 मतदान कर्मियों को तैनात किया गया है, जबकि 120 कर्मी रिजर्व के रूप में रखे गए है। बिष्टुपुर के को-ऑपरेटिव कॉलेज से कर्मियों को भेजा गया है। मतदान स्थल पर सुबह 5:30 बजे राजनीतिक दलों के एजेंटों की मौजूदगी में मॉक पोल होगा, ताकि वोटिंग प्रक्रिया का परीक्षण किया जा सके। क्षेत्र के 186 मतदान केंद्रों को संवेदनशील घोषित किया गया है, जिन पर विशेष सतर्कता बरती जाएगी। इसके लिए 30 माइक्रो ऑब्जर्वर तैनात होंगे। बीते रविवार शाम 5 बजे से चुनाव प्रचार पूरी तरह थम चुका है। अब मतदान से पहले का 48 घंटे का साइलेंस पीरियड लागू है। इस दौरान किसी भी प्रकार की जनसभा, रोड शो या लाउडस्पीकर से प्रचार पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। नियम उल्लंघन पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

बता दें कि झामुमो ने अपने दिवंगत नेता रामदास सोरेन की विरासत को आगे बढ़ाने के लिए झारखंड मुक्ति मोर्चा ने उनके बेटे सोमेश चंद्र सोरेन को उम्मीदवार बनाया है, जबकि भाजपा के बाबूलाल सोरेन संगठन की मजबूती और केंद्र सरकार की योजनाओं के भरोसे चुनाव मैदान में हैं। इसके अलावा जेएलकेएम के रामदास मुर्मू भी उपचुनाव में भाग ले रहे हैं जिससे यह मुकाबला त्रिकोणीय हो गया है। इसके अलावा पार्वती हांसदा (पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया-डेमोक्रेटिक), पंचानन सोरेन (भारत आदिवासी पार्टी), परमेश्वर टुडू, श्रीलाल किस्कू, मानस राम हांसदा, नारायण सिंह, विकास हेम्ब्रम, बसंत कुमार टोपनो, मनोज कुमार सिंह, और रामकृष्ण कांती महली उपचुनाव में भाग ले रहे हैं। फोटो युक्त पहचान पत्र न होने की स्थिति में मतदाता एपिक के अलावा पैन कार्ड, पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस सहित 12 अन्य वैकल्पिक दस्तावेजों के जरिए भी मतदान कर सकते हैं। ज्ञातव्य है कि झारखंड के घाटशिला विधानसभा क्षेत्र के विधायक और शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन के आकस्मिक निधन के कारण इस क्षेत्र में उपचुनाव कराया जा रहा है। इस उपचुनाव में कुल 13 उम्मीदवार चुनावी मैदान में हैं।

## बिहार में अंतिम चरण की 122 सीटों पर मतदान आज, 3.7 करोड़ मतदाता चुनेंगे अगली सरकार

एजेंसी

**पटना :** बिहार विधानसभा चुनाव 2025 अपने सबसे महत्वपूर्ण पड़ाव पर पहुंच गया है। आज यानी 11 नवंबर को राज्य में दूसरे और अंतिम चरण का मतदान होगा, जिसके बाद 243 सदस्यीय विधानसभा चुनाव में वोटिंग की प्रक्रिया संपन्न हो जाएगी। पहले चरण में 65 प्रतिशत के भारी मतदान के बाद अब दूसरे चरण में भी बंपर वोटिंग की उम्मीद की जा रही है। दूसरे चरण में 20 जिलों की 122 विधानसभा सीटों पर वोट डाले जाएंगे। सभी सीटों के लिए वोटों की गिनती 14 नवंबर को होगी। आपको बता दें कि दूसरे चरण में जिन 20 जिलों में मतदान होगा उनमें पश्चिमी चंपारण, पूर्वी चंपारण, सीतामढ़ी, शिवहर, मधुबनी, सुपौल, अररिया, किशनगंज, पूर्णिया, कटिहार, भागलपुर, बांका, जमुई, नवादा, गया, औरंगाबाद, जहानाबाद, अरवल, कैमूर और रोहतास शामिल हैं।



बिहार विधानसभा चुनाव के दूसरे फेज की 122 सीटों पर वोटिंग 11 नवंबर को होनी है। मतदान मंगलवार सुबह 7 बजे से शुरू होगा। इसके लिए 45,399 बूथ बनाए गए हैं। आज शाम तक चुनाव कर्मी ईवीएम लेकर बूथों पर पहुंच जाएंगे। 122 सीटों पर 1302 उम्मीदवार मैदान में हैं। विधानसभा चुनाव का रिजल्ट 14 नवंबर को आएगा। पहले फेज में रिकॉर्ड 65% वोटिंग हुई थी। इमामगंज प्रखंड के हेरहज, पथरा और केवलडीह गांव के मतदाता लगभग 25 साल बाद अपने गांव में ही मतदान कर सकेंगे। 2001 में आखिरी बार वोटिंग के बाद से इन तीनों गांवों के लोग वोट नहीं डाल पा रहे थे।

दरअसल, नक्सलियों के कारण प्रशासन ने इन गांवों का पोलिंग बूथ 10-12 किमी दूर सलैया बना दिया था। दूरी और ट्रांसपोर्ट की कमी के चलते ग्रामीण वहां तक नहीं पहुंच पाते थे, जिससे लोग वोटिंग से वंचित रह जाते थे। बिहार में दूसरे फेज के लिए कल यानी 11 नवंबर को वोटिंग होनी है। इससे पहले मोतिहारी से भाजपा कैंडिडेट लालबाबू प्रसाद गुप्ता पर पैसे बांटने के मामले में एफआईआर हुई है। राजद कैंडिडेट देवा गुप्ता के समर्थक को भी पुलिस ने 3 लाख कैश के साथ पकड़ा है। मोतिहारी की चिरैया विधानसभा से बीजेपी विधायक और एनडीए प्रत्याशी लालबाबू प्रसाद गुप्ता का एक वीडियो सामने आया है। वीडियो में वो मतदाताओं को पैसे बांटते दिखाई दे रहे हैं।

शिकायत के बाद एसपी स्वर्ण प्रभात ने संज्ञान लेते हुए एफआईआर दर्ज कराई है। इधर, मोतिहारी पुलिस ने एक राजद समर्थक को गिरफ्तार किया है। उस पर मतदाताओं को लुभाने के लिए पैसे और पार्टी सामग्री बांटने का आरोप है। पुलिस ने उसके पास से 3 लाख कैश और राजद प्रत्याशी देवा गुप्ता की प्रचार सामग्री जब्त की है। इधर, सीवान में वीवीपैट की पर्चियां मिलने के बाद सवाल खड़े हो रहे हैं।

## महिला आरक्षण कानून लागू करने में देरी पर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को भेजा नोटिस

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** देश के सर्वोच्च न्यायालय, सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को महिला आरक्षण कानून को लागू करने में हो रही देरी के संबंध में एक महत्वपूर्ण सुनवाई हुई। यह कानून महिलाओं को संसद और राज्य विधानसभाओं में 33 फीसदी आरक्षण देता है, लेकिन यह एक जटिल प्रक्रिया, सीमा-निर्धारण से जुड़ा हुआ है। याचिकाकर्ता ने तर्क दिया है कि सरकार ने आरक्षण तो दे दिया पर इसे लागू करने के लिए ऐसी शर्त लगा दी है जिसकी कोई समय सीमा तय नहीं है। कोर्ट ने इस मामले में केंद्र सरकार को एक नोटिस जारी किया है, जिससे अब सरकार को बताना होगा कि वह इस आरक्षण को कब तक लागू करने का इरादा रखती है।



हाल ही में संसद ने 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' (महिला आरक्षण कानून) पारित किया था, जिसके तहत लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए एक तिहाई (33 फीसदी) सीटें आरक्षित होंगी। हालांकि, इस कानून में एक शर्त जोड़ी गई है कि यह आरक्षण तभी लागू होगा जब देश में नई जनगणना होगी और उसके बाद परिसीमन (चुनावी क्षेत्रों की सीमाओं को फिर से तय करने की प्रक्रिया) पूरी होगी। एक याचिका में सुप्रीम कोर्ट से यह मांग की गई है कि इस आरक्षण को बिना परिसीमन की शर्त के तुरंत लागू किया जाए। याचिकाकर्ता का कहना है कि आरक्षण लागू करने के लिए परिसीमन का इंतजार करना समझ से परे है, क्योंकि परिसीमन की प्रक्रिया कब शुरू होगी और कब खत्म होगी, इसकी कोई समय-सीमा नहीं बताई गई है। अभी तक तो देश में जनगणना भी शुरू नहीं हुई है, जिसके बाद ही परिसीमन होता है।

## एक नजर

### रन फॉर झारखंड कार्यक्रम में बीडीओ ने भाग लेने की अपील



**बरही :** झारखंड राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर 11 नवम्बर मंगलवार को बरही में रन फॉर झारखंड कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। यह कार्यक्रम सुबह 8 निर्धारित की गई जो बरही चौक से कोबरा बटालियन मुख्यालय तक 200 मीटर की दौड़ लगाई जाएगी। इस सम्बंध में बीडीओ जयपाल महतो ने पत्र जारी कर सांसद, विधायक, पंचायत के जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ता, बुद्धिजीवी वर्ग को भाग लेने की अपील किया है।

### प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दंपति ने दी आत्मदाह करने की धमकी

**बड़कागांव :** बड़कागांव आजसू पार्टी के वरिष्ठ नेता शशि कुमार मेहता एवं उनकी पत्नी आशा मेहता ने दो अलग-अलग केस पर अब तक कार्रवाई नहीं करने का आरोप, प्रेस कॉन्फ्रेंस कर पुलिस पर लगाया है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में शशि कुमार मेहता ने बताया गया कि प्रथम केस 27 अगस्त 2024 को बेटे की मौत को लेकर है एवं द्वितीय केस 15 अक्टूबर 2025 को अपने रिश्तेदार के साथ बोर्ड लगाने से संबंधित मामले का है। शशि मेहता ने कहा कि 27 अगस्त 2024 को मेरे इकलौते बेटे 27 वर्षीय सुशांत कुमार की शव अपने ही घर में पंखे की फंदे से लगा जमीन में बैठा हुआ मिला था। जिसमें पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद अंतिम संस्कार के दौरान शरीर एवं गुप्तांग में कई गंभीर चोट के निशान भी देखे गए थे। इसी मामले में मैंने एक युवती एवं 3 युवक के खिलाफ लिखित आवेदन देकर बड़कागांव पुलिस से कार्रवाई करने की मांग की थी। सबूत के लिए मैंने बेटे एवं युवती के साथ हुई चैट से संबंधित मोबाइल भी पुलिस को सुपुर्द किया था ताकि पूर्ण रूप से कार्रवाई हो सके। मोबाइल में बेटे की मौत से संबंधित कई सबूत छिपे हुए थे। इसके बावजूद पुलिस के द्वारा किसी प्रकार कोई कार्रवाई नहीं की गई। अंततः मैंने राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राजपाल, मुख्यमंत्री, डीजीपी मानवाधिकार, डीआईजी, आईजी एसपी, एसडीपीओ समेत कई पदाधिकारीओं को आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई थी।

### डेबो पंचायत से शुरू होगी विकास यात्रा सांसद और विधायक करेंगे शिलान्यास

**चौपारण :** हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल और बरही विधायक मनोज कुमार यादव संयुक्त रूप से कई योजनाओं का मंगलवार को शिलान्यास करेंगे। उक्त बातों की जानकारी भाजपा मंडल अध्यक्ष मुकेश सिन्हा और राजेन्द्र चनद्रवंशी दी। कहा शिलान्यास कार्यक्रमों की शुरूआत डेबो पंचायत से होगी और फिर यह चौपारण मुख्यालय। शिलान्यास होने वाले योजनों में उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय पिपराडीह और कोरियाडीह का उन्नयन कार्य, पैक्स भवन का निर्माण कार्य और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चौपारण का उन्नयन कार्य चौपारण शामिल है। भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेंद्र ने कार्यक्रम में शामिल होने के लिए भाजपा नेतागण, सभी प्रकोष्ठों के मंडल अध्यक्ष, महामंत्री, मंत्री, पंचायत के जनप्रतिनिधिगण, स्थानीय भाजपा कार्यकर्तागण और पत्रकार बंधुओं से अपील की है। उन्होंने सभी शिलान्यास कार्यक्रम में शामिल होकर इस विकास यात्रा को सफल बनाने का आग्रह किया है।

# सरकार ने विस्थापितों को ठगा, आयोग को कानूनी दर्जा मिलने तक लड़ाई जारी रहेगी : विधायक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बड़कागांव :** पूर्व विधायक अम्बा प्रसाद द्वारा दिए गए बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए वर्तमान विधायक रौशन लाल चौधरी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि अंबा प्रसाद के द्वारा सत्य को तोड़ा-मरोड़ा जा रहा है और जनता को गुमराह करने की कोशिश की जा रही है। सच को आंच की जरूरत नहीं होती। आगे कहा यदि 8 जुलाई 2024 को झारखंड कैबिनेट से विस्थापन आयोग के गठन की प्रक्रिया पूरी हो गई थी, जैसा कि अम्बा प्रसाद दावा कर रही हैं, तो फिर 09 सितंबर 2025 को कैबिनेट से फिर क्यों पारित करना पडी? 11 सितंबर 2025 को राज्य सरकार को ह्यविस्थापन एवं पुनर्वास आयोग नियमावली, 2025 को दोबारा अधिसूचित करने की आवश्यकता क्यों पड़ी? यह स्पष्ट प्रमाण है कि 2024 में केवल नीति-घोषणा हुई थी, पर आयोग को कानूनी रूप और कार्यात्मक शक्ति प्रदान नहीं की गई थी। विधायक चौधरी ने कहा मैंने विस्थापन आयोग के गठन और उसकी वैधानिकता को लेकर बजट सत्र 2025 में ध्यानाकर्षण प्रस्ताव और गैर-सरकारी संकल्प के माध्यम से सरकार से जवाब माँगा था। सरकार ने सदन में कहा था कि 90 दिनों के भीतर आवश्यक प्रक्रिया पूरी की जाएगी। परंतु 90 दिन बीतने के बाद भी आयोग को कानूनी रूप से प्रभावी नहीं बनाया गया। तब मैंने पुनः मॉनसून सत्र 2025 में सरकार को विधानसभा में ध्यानाकर्षक सूचना के द्वारा इस विषय पर बजट सत्र में सरकार के वादा को याद दिलाया परिणाम स्वरूप सरकार ने आयोग गठन की अधिसूचना जारी की लेकिन आयोग को सरकार ने शक्ति विहीन रखा है। विस्थापितों को ठगा गया है। कहा कि सरकार ने विस्थापितों की आशाओं को बार-बार टाला है सिर्फ नाम का आयोग बनाना न्याय नहीं है। आयोग को वैधानिक और अर्ध-न्यायिक शक्ति देना आवश्यक है, ताकि उसका निर्णय बाध्यकारी हो सके।मैं यह क्रेडिट लेने नहीं, बल्कि विस्थापितों को उनका हक दिलाने के लिए लड़ रहा हूँ। जब तक आयोग को कानूनी दर्जा नहीं मिलेगा और विस्थापित परिवारों को न्याय नहीं मिलेगा, मेरी लड़ाई जारी रहेगी। अम्बा प्रसाद के इस दावे पर कि आयोग उनके कार्यकाल के प्रयासों से बना, विधायक चौधरी ने कहा यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि वे उस आयोग पर श्रेय लेने की राजनीति कर रही हैं, जो अभी तक पूरी तरह कानूनी अस्तित्व में ही नहीं आया है। जनता यह भली-भाँति जानती है कि जब मैं विधानसभा में इस मुद्दे को लगातार उठा रहा था, तब सरकार ने ही स्वीकार किया था कि नियमावली अभी निमार्णाधीन है। इसलिए इस तथाकथित श्रेय की राजनीति से उन्हें बाज आना चाहिए। जनता के प्रश्नों से भागना नहीं, जवाबदेही निभाना जरूरी। विस्थापन आयोग जनता की माँग है, किसी एक व्यक्ति की उपलब्धि नहीं। जो लोग जनता के बीच भ्रम फैला रहे हैं, उन्हें यह याद रखना चाहिए कि जनता अब सवाल करती है – और सच्चाई को पहचानती है। मैं हर विस्थापित परिवार के साथ खड़ा हूँ और यह सुनिश्चित करूँगा कि आयोग केवल कागज पर नहीं, बल्कि जमीन पर काम करे। बड़कागांव, हजारीबाग और आसपास के क्षेत्रों में खनन परियोजनाओं, उद्योगों और पावर प्लांट्स से हजारों परिवार प्रभावित हैं। रोशन लाल ने कहा कि मैं चाहता हूँ कि विकास हो, पर विस्थापितों को न्याय भी मिले।

## बिहार चुनाव को लेकर चौकसी तेज, चौरदाहा चेकपोस्ट पर प्रशासन की सघन जांच

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**चौपारण :** आगामी बिहार विधानसभा चुनाव को देखते हुए झारखंड-बिहार सीमा पर स्थित चौरदाहा चेकपोस्ट पर प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था को और कड़ा कर दिया है। शनिवार को अनुमंडल पदाधिकारी जोहन टुडू, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अजीत कुमार विमल, अंचल अधिकारी संजय कुमार यादव एवं चौपारण थाना प्रभारी सरोज सिंह चौधरी स्वयं मौके पर पहुंचे और सीमा क्षेत्र में सघन जांच अभियान चलाया। अधिकारियों ने सीमा पार आने-जाने वाले वाहनों की गहन जांच की तथा संदिग्ध व्यक्तियों और सामग्रियों पर विशेष निगरानी रखने का निर्देश दिया। मौके पर उन्होंने पुलिस जवानों को सतर्क रहते हुए हर वाहन की जांच सुनिश्चित करने को कहा, ताकि चुनाव अवधि में किसी प्रकार की अवैध गतिविधि, शराब या नकदी की तस्करी न हो सके। एसडीओ जोहन टुडू ने बताया कि आगामी बिहार विधानसभा चुनाव को देखते हुए झारखंड सीमा पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं। इसके लिए प्रशासन पूरी तरह सजग है। इस दौरान पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने क्षेत्र का मुआयना करते हुए सुरक्षा बलों की तैनाती की भी समीक्षा की।

## फांसी के फंदे पर लटकी मिली विवाहिता का शव, मायकेवालों ने लगाया हत्या का आरोप

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** हजारीबाग जिले के टाटी झरिया थाना अंतर्गत झरपो में सोमवार को 24 वर्षीय विवाहिता अंजली कुमारी की संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई। पुलिस ने शव फांसी के फंदे से उतारकर अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग भेज दिया है। मृतका के पिता दारू प्रखंड के हरली निवासी अवधेश कुमार ने ससुराल वालों पर हत्या का आरोप लगाया है थाना को दिए आवेदन में बताया है कि 2022 में झरपो निवासी गंभीर महतो के पुत्र अजय कुमार कुशवाह के साथ उनकी पुत्री की शादी हुई थी। लड़का पक्ष की मांगे पुरी करने के बाद धुमधाम के साथ शादी हुई थी। अंजली कुमारी का एक दो वर्ष का बेटा पीयुष कुमार है। मृतका के परिजनों के अनुसार अंजली कुमारी के पति अजय कुमार घाटो में काम करता है। वह रविवार को ही अपने घर झरपो लौटा था। अंजली को लंबे समय से उसके ससुराल वाले दहेज की खातिर मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित कर रहे थे। बताया की मेरी बेटी की शादी के समय दहेज में तीन लाख रूपया नगद दिया गया था तथा एक मोटरसाइकिल भी दिए थे। इसके बावजूद भी मेरी बेटी को पांच लाख रुपए और मांग करते रहे। तीन महीने पहले ही लडाई-झगडा घरेलू विवाद को लेकर पंचायत कर के समझाया गया था। परिजनों का आरोप है कि पति, ससुर गंभीर महतो, सास बलिया देवी, भैसुर आशीष कुमार और गोतनी ने मारपीट कर उसकी हत्या कर उसे फांसी के फंदे में लटका दिया है। सोमवार सुबह मृतका के पति अजय कुमार कुशवाह ने अपने ससुराल फोन कर मृतका के परिजनों को सुचना दी की आपकी बेटी फांसी लगा ली है। अभी लड़की के ससुराल वाले सभी अपने घर से फरार है। पुलिस इस मामले को गंभीरता से लेकर करवाई कर रही है। इस घटना को सुनकर टाटी झरिया थाना के एस आई पवन कुमार ए एस आई सुरेन्द्र कुमार अपने दल बल के साथ घटना स्थल पर आकर जांच पड़ताल शुरू कर दिया है।

## पेलावल विकास मंच का 14 वां रक्तदान शिविर संपन्न, 20 लोगों ने की रक्तदान

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** सामाजिक संगठन पेलावल विकास मंच की ओर से 14 वां रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का निर्देशन पेलावल विकास मंच के अध्यक्ष एम हक भारती ने किया। यह रक्तदान शिविर दो चरणों में संपन्न हुआ। प्रथम चरण में 9:30 बजे से अपराह्न 4:00 बजे तक पेलावल दक्षिणी पंचायत भवन में शिविर का आयोजन हुआ। दूसरे चरण में संध्या 6:00 बजे से रात्रि 8:00 बजे तक एसबीएमसीएच ब्लड बैंक में शिविर का समापन हुआ। पेलावल शिविर में मुख्य अतिथि डॉ. ए. के.मेहता सह पीवीएम संरक्षक तथा ब्लड बैंक शिविर में मुख्य अतिथि असिस्टेंट प्रो. श्रवण कुमार सहाय सह पीवीएम संरक्षक मुख्य रूप से मौजूद रहें शिविर का शुभारंभ पत्रकार शमीम अहमद ने रक्तदान कर किया तथा समापन समाजसेविका सह नियमित रक्तदात्रि रेखा रानी के द्वारा हुआ। रक्तदाताओं की हौसला अफजाई करने वालों में सह विशिष्ट अतिथिगण में प्रशांत कुमार वर्मा, सुरजीत नागवाला, धीरज कुमार सिंह, सदर यातायात थाना के आरक्षी मो.इमरान, एएसआई सुरेंद्र कुमार व देवाशीष मोजुमदार ने उपस्थित रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र सौंप कर बधाई एवं शुभकामनाएं दिए। शिविर में पेलावल की एक थैलेसिमिया पीड़ित बच्ची मानवी कुमारी ने भी अपनी उपस्तिथि दर्ज कराकर एक रक्तदाता को प्रशस्ति पत्र सौंपी एवं सभों को धन्यवाद देते हुए कहा कि आप लोगों की वजह से ही हम लोगों को खून प्राप्त होता है। रक्तदाताओं में संजय राणा, शकील अहमद, मो.परवेज आलम, ऐनुल हक, प्रशांत कुमार वर्मा, मो. अयुब उप मुखिया पेलावल उत्तरी, विजय राणा, सोहैल अहमद, राजन कुमार, राहुल यादव, फैज अंसारी, देवन ठाकुर, रेयान अहमद, शहादत हुसैन, मो. उर्मान,सिद्धार्थ कुमार राणा, मो.इमरान एवं मो.शादाब सहित कुल 20 रक्तदाताओं ने थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों के लिए रक्तदान कर इंसानियत का परिचय दिया।

## राष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन के प्रदेश संयोजक बने भरत यादव

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



डॉ सुनील दत्त, भरत यादव, अरुण प्रजापति

**बरही :** मानवाधिकार संरक्षण के लिए पूरे झारखंड में अलग पहचान बना चुका राष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन में लगातार सामाजिक कार्यकर्ता, शिक्षाविद, अधिवक्ता सहित कई सामाजिक कार्यों में बढ़ चढ़ कर भाग लेने वाले समाजसेवी जुड़ रहे हैं। मानवाधिकार संरक्षण के प्रति संकल्पित होकर बरही से तीन लोगों ने राष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन की सदस्यता ग्रहण की है। उन्हें उनकी योग्यता एवं कार्य क्षमता को देखते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष अरविंद कुमार, राष्ट्रीय महासचिव संजय सुमन एवं राष्ट्रीय संगठन मंत्री दिलीप कुमार की अनुशंसा के उपरांत प्रदेश अध्यक्ष कृष्णा प्रजापति के द्वारा प्रदेश कमेटी का विस्तार करते हुए बरही के भरत यादव को झारखंड प्रदेश का प्रदेश संयोजक, बरही कोनरा निवासी डॉ सुनील कुमार दत्त को प्रदेश विधि सचिव एवं खोड़ाहार दौरवा निवासी अरुण प्रजापति को प्रदेश सह संयोजक के पद पर मनोनीत किया गया है। गौरतल हो कि पूर्व में चौपारण निवासी मुकुंद साव को प्रदेश प्रभारी की जिम्मेदारी दी गई है। नव मनोनीत पदाधिकारियों ने राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं प्रदेश अध्यक्ष का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जो जिम्मेदारी राष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन के द्वारा उन्हें मिली है, उसका निर्वहन ईमानदारी पूर्वक करूंगा। संगठन की मजबूती, मानवाधिकार का संरक्षण उनकी प्राथमिकता रहेगी। तीनों ने कहा कि जल्द ही झारखंड स्तर पर एक हेल्पलाइन जारी की जाएगी।

# डिजिटल पंचायत प्रज्ञा केंद्र संचालकों का एक दिवसीय कार्यशाला सह प्रशिक्षण शिविर का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बरही :** सोमवार को नगर भवन बरही में डिजिटल पंचायत प्रज्ञा केंद्र संचालकों के लिए एक दिवसीय कार्यशाला सह प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया । कार्यक्रम का शुभारंभ ज़िप उपाध्यक्ष किसुन यादव, बीडीओ जयपाल महतो, सीओ चंद्रशेखर कुणाल, बीस सूत्री अध्यक्ष इकबाल रजा, प्रखंड प्रमुख मनोज रजक, उपप्रमुख देवलाल कुशवाहा, ज़िप सदस्य प्रिति गुप्ता, सेवानिवृत्त राष्ट्रपति पुरस्कृत शिक्षक ईशो सिंह, डिजिग्राम प्रबंधक मुकेश झा सीएससी जिला प्रबंधक रौशन कुमार, सभी पंचायतों के मुखिया ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पंचायत स्तर पर डिजिटल सेवाओं को सशक्त बनाकर ग्रामीणों को सरकारी व गैर-सरकारी योजनाओं का लाभ सरलता से दिलाना था। इस मौके पर बीडीओ जयपाल महतो ने प्रज्ञा केंद्र संचालकों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। वहीं सीओ ने झारसेवा में हो रही त्रुटियों को सुधारने के उपाय बताए और यूनिक कोड आधारित फॉर्म का लोकार्पण किया। प्रमुख मनोज रजक ने कहा कि प्रज्ञा केंद्र संचालक केवल डेटा एंट्री के लिए जिम्मेवार हैं, प्रमाणपत्र निर्गमन की जवाबदेही संबंधित कार्यालयों की होनी चाहिए। अल्पाहार उपरांत प्रशिक्षण सत्र की शुरूआत नशामुक्ति शपथ से हुई। सत्र में डीजीग्राम मैनेजर ने पंचायत अवार्ड व प्रोफाइल अपडेट की जानकारी दी, जबकि सीएससी मैनेजर ने डीजीपे और आयुष्मान भारत योजनाओं पर चर्चा की। एसबीआई लाइफ के डिविजनल मैनेजर मनीष कुमार ने बीमा योजनाओं की जानकारी दी। बीटीएम राकेश कुमार ने पीएम किसान, पीएम कुसुम और डीसीएस योजनाओं पर प्रशिक्षण दिया। कार्यक्रम के अंत में वंदे मातरम गीत के गायन के साथ समापन हुआ। मौके पर नितेश कुमार, नन्हू महतो, मोती सिंह, कुंदन कुमार, दिलीप रजक सहित कई प्रज्ञा संचालक मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### रे विश्व में शांति और विकास के लिए विज्ञान ही मात्र साधन : मुकुंद साव



**बरही :** विज्ञान दिवस पूरे विश्व में हर साल 10 नवंबर को मनाया जाता है। जिसका उद्देश्य समाज में विज्ञान की भूमिका को उजागर करना और वैज्ञानिक मुद्दों पर जनता को जोड़ना है। पहली बार इसे 10 नवंबर, 2002 को देश के तत्कालीन प्रधानमंत्री स्व अटल बिहारी वाजपेई के कुशल नेतृत्व में मनाया गया था। उन्होंने नारा दिया था जय जवान,जय किसान, जय विज्ञान। उक्त जानकारी राष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन के झारखंड प्रदेश प्रभारी मुकुंद साव ने आमजनों को जागरूक करते हुए दिया है, उन्होंने बताया है कि इस दिवस को मनाने का उद्देश्य शांति और विकास के लिए विज्ञान के महत्व को बढ़ावा देना, विज्ञान और समाज के बीच संबंध को मजबूत करना और वैज्ञानिक प्रगति के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। इसकी शुरुआत 1999 में बुडापेस्ट में विज्ञान पर विश्व सम्मेलन में विज्ञान के लिए एक सामाजिक अनुबंध की प्रतिबद्धता से हुई थी। यह दिवस वैज्ञानिक प्रगति को शांतिपूर्ण और टिकाऊ समाजों के निर्माण के लिए एक उपकरण के रूप में उपयोग करने पर जोर देता है। यह युवाओं को विज्ञान में रुचि लेने और भविष्य के लिए तैयार करने के लिए प्रोत्साहित करता है विश्व विज्ञान दिवस के अवसर पर मुकुंद साव ने विश्व की शांति और विकास को और आगे बढ़ाने के लिए विश्व के समस्त वैज्ञानिकों को आह्वान किया है कि आप और आगे बढ़े,विज्ञान को और बढ़ाए ताकि पूरा विश्व वसुधैव कुटुंबकम् की कहावत को और मजबूत करे, विश्व विज्ञान दिवस के अवसर पर राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त सेवा निवृत प्राचार्य डॉ बालेश्वर राम,सेवा निवृत प्राचार्य नकुलदेव पोद्दार,रोशन साव,राधाकांत पांडेय,सेवा निवृत प्रधानाध्यापक राम किशुन पांडेय, सुभाष पांडेय, ब्रह्मदेव सिंह, ईश्वर राम, लालजी साव, चूड़ामणि साव, मास्टर शमशुद्दीन, बद्री राम, कृष्णदेव पांडेय, उमा रजक, राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षक ईशो सिंह, प्राचार्य रतन कुमार वर्मा, सुनील रजक, महादेव प्रजापति, प्रो मुकेश अंगार, प्रो संदीप कुमार, प्रो घनश्याम राम, शिक्षक,ईश्वर राम, ब्रजकिशोर गुप्ता, राजकुमार साव , कामेश्वर वर्मा, कृष्णा कुमार शर्मा, मनोज कुमार रवि, अब्दुल कयूम, पंकज कुमार, प्रदीप पांडेय, प्रद्युम्न नायक, गणेश प्रसाद साव, सीताराम साव, अभिमन्यु यादव, संघमित्रा कुमारी, राजकिशोर गुप्ता, राखी देवी, रमेश प्रसाद गुप्ता ने विश्व के तमाम वैज्ञानिकों को उनके उज्वल भविष्य की कामना की है।

### ब्रह्म विद्या विहंगम योग ने किया सत्संग गोष्ठी का आयोजन



**बरही :** ब्रह्म विद्या विहंगम योग की ओर से शकुंतला पैलेस में सोमवार को सत्संग गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कृष्ण कुमार गुप्ता एवं संचालन डॉक्टर महेश प्रसाद मेहता ने किया। कार्यक्रम में ॐ कार ध्वनि, स्वागत गान, मंगल गान, माल्यार्पण एवं उद्घोष सामूहिक रूप से किया गया। साथ ही ज्ञान गुदड़ी राजेश कुमार तथा स्वर्वेद का अखंड पाठ समुद्री देवी ने किया। भजन कृष्ण गुप्ता, अनीता देवी, समुद्री देवी एवं कैलाश प्रसाद केशरी ने किया। वहीं प्रवचन राजेश कर एवं डॉ महेश प्रसाद ने किया। इस दौरान अनुमंडल सत्संग प्रभारी कृष्णा गुप्ता ने मौके पर मौजूद सभी गुरु भाई एवं बहनों को विस्तार पूर्वक ब्रह्म विद्या विहंगम योग की विशेषता को बताया। साथ ही स्वर्वेद ग्रन्थ के बारे में भी जानकारी दी। मौके मुख्य रूप से मौजूद थे। मौके पर रविन्द्र सिंह, प्रमोद गुप्ता, अनीता देवी, राजेश कुमार, कैलाश केशरी, सत्येंद्र सिंह, भारती देवी, सुनील कुमार आदि लोग मौजूद थे।

### हजारीबाग सदर अस्पताल में रोटी बैंक की जल्द होगी स्थापना



**हजारीबाग :** रांची रोटी बैंक के संस्थापक विजय पाठक ने समाजसेवी सह जदयू नेता राकेश गुप्ता को अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस दौरान हजारीबाग सदर अस्पताल में जल्द रोटी बैंक की स्थापना को लेकर काफी महत्वपूर्ण चर्चा हुई। जहां सैकड़ों जरूरतमंद मरीजों व उनके परिजनों को भोजन नि:शुल्क उपलब्ध कराया जाएगा। ज्ञात हो कि बीते 6 वर्षों से रांची रिम्स में रोटी बैंक कार्यरत हैं। जहाँ सैकड़ों जरूरतमंद मरीजों व उनके परिजनों को भोजन नि:शुल्क उपलब्ध कराने में जुटी रहती है। 500 से अधिक जरूरतमंद लोगों को भोजन रोटी बैंक के माध्यम से नि:शुल्क उपलब्ध होता है। रांची रोटी बैंक के सदस्यगणों सहित कई समाजसेवी उपस्थित रहे। राकेश गुप्ता के समाजसेवी कार्यों की सराहना की और उनके उज्वल भविष्य की कामना की। मौके पर समाजसेवी सह जदयू नेता राकेश गुप्ता ने कहा कि रोटी बैंक जैसा सराहनीय कार्य समाज में मानवता और सेवा की सशक्त मिसाल है। उन्होंने कहा कि हजारीबाग सदर अस्पताल में भी इसी तरह की व्यवस्था प्रारंभ होने से सैकड़ों जरूरतमंद मरीजों व उनके परिजनों को भोजन की सुविधा मिल सकेगी। यह एक अत्यंत पुण्य कार्य होगा, जो मानवता की सच्ची सेवा के रूप में समाज को प्रेरित करेगा। मौके पर मुख्य रूप से आयूष पाठक एवं नीरज सिन्हा सहित कई लोग उपस्थित रहे।

### झारखंड कुम्हार महासभा की बैठक में संगठन की मजबूती एवं विस्तार पर चर्चा



**हजारीबाग :** झारखंड कुम्हार महासभा झारखंड प्रदेश एवं रांची जिला के कार्यकारिणी की संयुक्त बैठक गेतलसूद डैम रांची में हुई । अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष राजू प्रजापति ने की । इस बैठक में प्रदेश कमेटी एवं रांची जिला कमेटी के विस्तार पर विस्तृत रूप से चर्चा हुई । निर्णय लिया गया कि आगामी जनवरी 2026 में रांची जिला की ओर से वनभोज सह पिकनिक का आयोजन किया जाएगा। बैठक में संगठन की मजबूती, प्रत्येक गांव में कुम्हार महासभा की कमेटी गठन कर मजबूत करने का प्रस्ताव लिया गया। इसके साथ ही कई अन्य प्रस्ताव भी पारित किए गए। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष राजू प्रजापति, प्रदेश महामंत्री संजय प्रजापति, प्रदेश उपाध्यक्ष युगल किशोर प्रजापति, पीतांबर महतो, रांची जिला उपाध्यक्ष संजय कुमार, तपेश्वर महतो, रांची जिला महामंत्री संजीत प्रजापति, ओरमांझी से राजेंद्र प्रजापति, मनोज प्रजापति ,राजेंद्र कुमार, विवेक कुमार, शिबू प्रजापति, अकलू महतो, राजेंद्र कुमार प्रजापति, दशरथ कुम्हार आदि सदस्य उपस्थित थे।

## एक नजर

### रिम्स प्रशासन में अनुशासनहीनता पर सख्ती, बिना अनुमति गैरहाजिरी बर्दाश्त नहीं

रांची : रिम्स प्रशासन में अनुशासनहीनता पर निदेशक ने सख्त रुख अपनाया है। 29 अक्टूबर को रिम्स के निदेशक प्रो डॉ राज कुमार ने प्रशासनिक ब्लॉक का औचक निरीक्षण किया था, जिसमें कई कर्मचारी भोजनावकाश के बाद अपने कार्यस्थलों से नदारद पाए गए। इस पर निदेशक ने नाराजगी जताते हुए संबंधित कर्मचारियों से स्पष्टीकरण मांगा था। अधिकांश कर्मचारियों के जवाब औपचारिक और गैर-गंभीर पाए गए। कई ने अनुपस्थिति का कारण बच्चों की तबीयत, पैर दर्द, अस्वस्थता या घर में विवाह की तैयारी जैसी व्यक्तिगत वजहें बताईं। निदेशक ने स्पष्ट किया कि इस प्रकार के कारण कार्यालय अनुशासन की दृष्टि से स्वीकार्य नहीं हैं। डॉ राज कुमार ने कहा कि बिना पूर्व अनुमति कार्यस्थल से अनुपस्थित रहना सेवा नियमों का उल्लंघन है और इसे किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने सभी कर्मचारियों को निर्देश दिया है कि वे निर्धारित कार्यालय समय में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें।

### राज्य में एंबुलेंस व्यवस्था चरमराई, खड़ी गाड़ियों पर भी वसूली का खेल जारी

रांची : झारखंड में एंबुलेंस व्यवस्था की स्थिति बदतर होती जा रही है। कई जिलों में एंबुलेंस की भारी कमी है। जो गाड़ियां संचालित हैं, उनकी भी हालत गंभीर बताई जा रही है। हैरानी की बात यह है कि महीनों से गैर-कार्यरत और गैर-मरम्मतशुदा एंबुलेंसों को भी कार्यरत दिखाकर भुगतान लिया जा रहा है। 108 एंबुलेंस सेवा संचालित करने वाली कंपनी सम्मान फाउंडेशन की लापरवाही और अनियमितताओं के चलते प्रदेशभर में एंबुलेंस सेवा प्रभावित हो रही है। कई जगह मरीजों को समय पर एंबुलेंस नहीं मिल पा रही है, जिससे जान जोखिम में पड़ रही है। एंबुलेंस कर्मियों से हुई बातचीत में एक गंभीर मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार, एंबुलेंस वाहन संख्या JH-01-CH-8816 दिनांक 15 जुलाई को SNNMCH से CHC टुंडी जाते समय दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी। इसके बाद से यह एंबुलेंस धनबाद के कुंज विहार स्थित एक गैराज में महीनों से खड़ी है। इसके बावजूद, ईएमएएस के रजिस्टर में इस गाड़ी की सेवा का एंट्री दिनांक 18 अक्टूबर से 23 अक्टूबर 2025 तक दर्ज है। दस्तावेजों में यह वाहन कार्यरत दिखाया गया है, जबकि वास्तविकता में यह कई सप्ताह से सड़क पर नहीं उतरी। यह सवाल उठता है कि जब वाहन गैराज में खड़ा है, तो यह मरीजों को सेवा कैसे दे रहा है। यह मामला गंभीर वित्तीय अनियमितता और रिकॉर्ड में हेरफेर का प्रतीक है। हालांकि अब तक कंपनी या संबंधित अधिकारियों की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं दी गई है।

### चैंबर प्रतिनिधिमंडल ने रांची एयरपोर्ट के निदेशक से की मुलाकात

रांची : फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रतिनिधिमंडल ने आज बिरसा मुंडा एयरपोर्ट के निदेशक विनोद कुमार से मुलाकात की। बैठक में एयरपोर्ट संचालन से जुड़ी कई समस्याओं और सुधार के सुझावों पर चर्चा की गई। चैंबर ने एयरपोर्ट पर पार्किंग और एग्जिट गेट सिस्टम सुधारने, फास्ट टैग दोबारा शुरू करने, और 9 मिनट फ्री एग्जिट को सुचारु बनाने की मांग की। सर्दियों में फ्लाइट रद्द होने से बचने के लिए कैट-III तकनीक लगाने का भी सुझाव दिया गया। साथ ही एयरलाइंस द्वारा स्लॉट बुक करने के बावजूद उड़ानें न शुरू करने पर कड़ा रुख अपनाने की बात कही गई।

# रांची पुलिस ने कंटेनर से जब्त की 61 लाख रुपये की अवैध शराब

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** झारखंड की राजधानी रांची में अवैध शराब तस्करी के खिलाफ पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। नामकुम थाना पुलिस ने सघन वाहन जांच अभियान के दौरान एक कंटेनर ट्रक को जब्त किया, जिसमें से भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद की गई। नामकुम पुलिस ने रांची-टाटा रोड में ग्राम सरजमडीह के पास टाटा की ओर से आ रही एक कन्टेनर (ट्रक) से 1868 कार्टून शराब जब्त किया है। कंटेनर से अलग-अलग ब्रांड के अवैध विदेशी शराब बरामद किया गया है। इनमें 49128 बोतल में भरी हुई कुल 16544 लीटर शराब बरामद किया गया है। बरामद शराब की कीमत 61 लाख 14 हजार बताया गया है। रांची के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन ने सोमवार को बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि जमशेदपुर से रांची की ओर एक कंटेनर ट्रक में अवैध शराब लाई जा रही है। सूचना मिलने के बाद नामकुम थाना प्रभारी के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई और त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने रांची-टाटा रोड पर सरजमडीह गांव के पास टाटा की ओर से आ रहे एक कंटेनर को रुकने का इशारा किया, लेकिन कंटेनर ट्रक का चालक वाहन को सड़क के किनारे खड़ा कर रात का फायदा उठाकर जंगल की ओर भाग गया। एसएसपी ने बताया कि निरीक्षण के दौरान कंटेनर सीलबंद पाया गया और पिछले गेट पर ताला लगा हुआ था। इसके बाद कंटेनर को निरीक्षण और सत्यापन के लिए नामकुम थाने लाया गया। मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में कंटेनर की सील और ताला काटा गया और दरवाजा खोला गया, तो कंटेनर के अंदर भारी मात्रा में अवैध शराब पाई गई। जांच करने पर कंटेनर ट्रक पर लगा रजिस्ट्रेशन नंबर फर्जी पाया गया। इस मामले में एफआईआर दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। घटना में शामिल फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

## रमा खलखो बनी प्रदेश कांग्रेस महिला कमेटी की अध्यक्ष



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने सोमवार को झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की नई अध्यक्ष के रूप में रमा खलखो की नियुक्ति की है। उनकी नियुक्ति पर झारखंड कांग्रेस परिवार में हर्ष और उत्साह का माहौल है। रमा खलखो की नियुक्ति अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने सोमवार को की। रमा खलखो की नियुक्ति पर प्रदेश कांग्रेस ने पार्टी के राष्ट्रीय नेता मल्लिकार्जुन खड़गे, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी, नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा और संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल, राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष अलका लांबा के प्रति आभार व्यक्त किया है। प्रदेश कमेटी ने कहा है कि राष्ट्रीय नेतृत्व ने एक सशक्त, जुझारू और जमीन से जुड़ी महिला नेत्री को यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। वहीं प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने रमा खलखो को बधाई देते हुए कहा कि रमा खलखो के नेतृत्व में झारखंड महिला कांग्रेस और भी अधिक मजबूती के साथ कार्य करेगी एवं प्रदेश की महिलाओं की आवाज बुलंद कर संगठन को नई दिशा, नई ऊर्जा तथा नया विस्तार देगी। उन्होंने कहा कि रमा खलखो का नेतृत्व महिलाओं के संघर्ष, स्वाभिमान और अधिकारों की मजबूत आवाज बनेगा। लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के साथ-साथ भाजपा की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ महिला कांग्रेस अब और भी प्रखरता से सड़क से सदन तक संघर्ष करेगी।

## सरस्वती विद्या मंदिर के विज्ञान मेले में विद्यार्थियों ने बनाए आकर्षक मॉडल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, धुर्वा में सोमवार को विद्यालय स्तरीय विज्ञान मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती वंदना के साथ हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित विनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय, धनबाद के पूर्व कुलपति डॉ अंजनी कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि विज्ञान वर्तमान ही नहीं, भविष्य की भी नींव है। विज्ञान के बिना विश्व की कल्पना असंभव है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि देश में ज्ञान प्राप्त कर विदेशों में सेवा देने से बेहतर है कि हम अपने देश की सेवा करें। भारत को नवाचार के साथ-साथ उद्यमशीलता की दिशा में आगे बढ़ना होगा, तभी सशक्त राष्ट्र का निर्माण संभव है। कार्यक्रम में सैकड़ों विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण, अक्षय ऊर्जा, जल प्रबंधन, विज्ञान और प्रौद्योगिकी के नवीन प्रयोग जैसे विषयों पर आकर्षक वैज्ञानिक मॉडल प्रस्तुत किया, जिनकी सभी ने सराहना की। विद्यालय के मंत्री अखिलेश्वर नाथ मिश्र ने कहा कि ऐसे आयोजन से विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच और सृजनशीलता को बढ़ावा देते हैं। प्राचार्य ललन कुमार ने अतिथियों का स्वागत और परिचय कराया, जबकि आचार्या मंजू चौबे ने विज्ञान मेला की भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। मौके पर एस वेंकट रमन, महावीर सिंह, डॉ उमाशंकर शर्मा, लाल अशोक नाथ शाहदेव, आशीष नाथ शाहदेव, नर्मदेश्वर मिश्र, विनोद कुमार और उप प्राचार्या मीना कुमारी सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं और शिक्षक मौजूद थे।

## झिरी डंप साइट और सीबीजी प्लांट का अपर प्रशासक ने किया निरीक्षण



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** रांची नगर निगम क्षेत्र के रिंग रोड स्थित झिरी में चल रही दो बड़ी परियोजनाओं झ पुराने कचरे को हटाने का काम और कचरे से गैस बनाने वाला सीबीजी प्लांट का आज अपर प्रशासक संजय कुमार ने निरीक्षण किया। उनके साथ नगर निगम की टीम भी मौजूद थी।

**पुराने कचरे को हटाने का काम**

करीब 33 एकड़ जमीन पर फैले पुराने कचरे को हटाया जा रहा है। अब तक लगभग 3.25 लाख मीट्रिक टन कचरा हटा लिया गया है। इस कचरे से बायो-सॉइल, ईंधन और अन्य सामग्री तैयार की जा रही है। अपर प्रशासक ने कहा कि काम की गति बढ़ाई जाए और जो मशीनें बंद हैं, उन्हें दोबारा चलाया जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि खाली की गई जगह पर दोबारा कचरा नहीं डाला जाए। साथ ही अभियंत्रण शाखा को कहा गया कि कचरा लाने-ले जाने के लिए सड़क बनाई जाए, ताकि निगम के वाहन आसानी से पहुंच सकें।

**सीबीजी प्लांट का निरीक्षण**

गेल इंडिया लिमिटेड ने झिरी में 150 मीट्रिक टन क्षमता के दो सीबीजी प्लांट लगाए हैं, जहां गीले कचरे से गैस बनाई जाती है। अपर प्रशासक ने कहा कि निगम में एक तकनीकी टीम बनाई जाए जो कचरे की गुणवत्ता और मात्रा की जांच करे। अधिकारियों ने बताया कि फिलहाल हर दिन करीब 55 मीट्रिक टन गीला कचरा गेल को दिया जा रहा है। अपर प्रशासक ने कहा कि गीले कचरे की मात्रा बढ़ाने के लिए कदम उठाए जाएं।

## मेकॉन का अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन आज से इस्पात निर्माण में उत्पाद बढ़ाने पर होगा मंथन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**रांची :** मेकॉन लिमिटेड की ओर से आधुनिक इस्पात निर्माण में दक्षता और दीर्घकालिक स्थिरता बढ़ाने के उद्देश्य से 11 और 12 नवंबर को रांची में दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। यह सम्मेलन इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स, झारखंड केंद्र के समन्वय में आयोजित होगा, जिसे इस्पात मंत्रालय का समर्थन प्राप्त है। मेकॉन के वरिष्ठ महाप्रबंधक देवाशीष वर्मा ने सोमवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य इस्पात निर्माण प्रक्रियाओं में कृत्रिम बुद्धिमत्ता, स्वचालन और नई प्रौद्योगिकियों के उपयोग को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि भारत की इस्पात उत्पादन क्षमता वित्त वर्ष 2024-25 में 200 मिलियन टन तक पहुंच गई है और अब सरकार का लक्ष्य 2030-31 तक 300 मिलियन टन उत्पादन क्षमता हासिल करना है। उन्होंने बताया कि सम्मेलन में आत्मनिर्भरता के लिए तालमेल विषय पर एक विशेष सत्र होगा, जिसमें बड़े और छोटे उद्योगों के बीच सहयोग बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की जाएगी। सम्मेलन में कई प्रौद्योगिकी आपूर्तिकर्ता, शोधकर्ता, शिक्षाविद और पर्यावरण विशेषज्ञ भी अपने अनुभव साझा करेंगे। सम्मेलन में इस्पात मंत्रालय के संयुक्त सचिव, स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल), राष्ट्रीय खनिज विकास निगम (एनएमडीसी), एमओआईएल, जेएसडब्ल्यू और जिंदल स्टील जैसे संस्थानों के शीर्ष अधिकारी, तकनीकी विशेषज्ञ और विदेशी प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं।

# झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने एसआईआर को लेकर की समीक्षा बैठक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने सोमवार को सभी जिलों के उप निर्वाचन पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की और मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण की तैयारियों का जायजा लिया। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हुई इस बैठक के दौरान उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी दिए। समीक्षा बैठक में मुख्य निर्वाचन अधिकारी के. रवि कुमार ने राज्य के सभी अधिकारियों को आगामी विशेष गहन पुनरीक्षण को सुविधाजनक बनाने के लिए वर्तमान मतदाता सूची का 2003 की मतदाता सूची के साथ अधिकतम मिलान सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने कहा कि राज्य में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम की तैयारियों के लिए भारत निर्वाचन आयोग से निर्देश प्राप्त हो गए हैं। मतदाता जितना अधिक 2003 की मतदाता सूची से पैरेंटल मैपिंग कराएंगे, उनके लिए फार्म भरना उतना ही आसान होगा। के. रवि कुमार ने कहा है कि चुनाव संबंधी कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यदि कोई बीएलओ चुनाव कार्य में आनाकानी करता है, तो उसकी रिपोर्ट विभाग को भेजें तथा निलंबन की प्रक्रिया शुरू कर नया बीएलओ नियुक्त करें। उन्होंने कहा है कि सभी स्तर के अधिकारियों के लिए चुनाव के लिए उन्हें सौंपे गए कार्य को करना अनिवार्य है, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने समीक्षा के क्रम में सभी जिलों के मतदाता सूची की मैपिंग की बिंदुवार समीक्षा की। समीक्षा के क्रम में जमीनी स्तर पर आ रही परेशानियों को दूर करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए । उन्होंने सभी पदाधिकारियों को फील्ड विजिट कर मतदाता सूची की मैपिंग की समस्याओं का निरीक्षण करते हुए उसके समाधान एवं कार्य में तीव्रता लाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर उप निर्वाचन पदाधिकारी धीरज कुमार ठाकुर की ओर से मतदान केंद्रों के युक्तिकरण के लिए पीपीटी के माध्यम से सभी पदाधिकारियों को जानकारी उपलब्ध कराई गई। बैठक में संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार, नोडल पदाधिकारी देव दास दत्ता, उप निर्वाचन पदाधिकारी धीरज ठाकुर, अवर निर्वाचन पदाधिकारी सुनील कुमार सहित मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के पदाधिकारी उपस्थित थे।

### राजपाल ने प्रधानमंत्री से की शिष्टाचार मुलाकात



**रांची :** प्रधानमंत्री से सोमवार को राजपाल ने नई दिल्ली में शिष्टाचार भेंट की तथा राज्य के विकास से संबंधित विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा की। इस अवसर पर उन्हें अपने सुपुत्र के विवाह एवं आशीर्वाद समारोह में सम्मिलित होने हेतु सादर आमंत्रित किया।


### राजपाल ने रक्षा मंत्री से की शिष्टाचार मुलाकात



**रांची :** केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से सोमवार को राजपाल ने नई दिल्ली में शिष्टाचार भेंट की।

## संक्षिप्त खबरें

### राज्य सरकार के पास धन की भारी कमी रुकी विकास कार्य की योजनाएं : जेपी पांडेय



**रांची :** भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश पदाधिकारी सह झारखंड राज्य आंगनवाड़ी कर्मचारी संघ के संयोजक जेपी पांडेय ने कहा है कि राज्य सरकार के पास धन की भारी कमी है, जिसके कारण विकास कार्यों की रफ्तार थम गई है। उन्होंने सोमवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर आरोप लगाया कि ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में सड़क, पुल-पुलिया, नल-जल योजना, वृद्धा पेंशन और स्वास्थ्य विभाग के कार्य लगभग बंद हो चुके हैं। पांडेय ने बताया कि ठेकेदारों पर राज्य सरकार का लगभग 1600 करोड़ रुपये बकाया है, जबकि ग्रामीण विकास विभाग को 4500 करोड़ की स्वीकृति मिली थी। धन की कमी से कई योजनाएं अधूरी पड़ी हैं। उन्होंने कहा कि आंगनवाड़ी केंद्रों में गर्भवती और बच्चों को मिलने वाला पोषण पाउडर तीन माह से बंद है, वहीं कार्यकताओं को मानदेय, मोबाइल रिचार्ज, मकान किराये को लेकर जारी की जानेवाली राशि कई महीनों से जारी नहीं की गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने ग्रामीण विकास की राशि अन्य योजनाओं में खर्च कर दी, जिससे हालात बिगड़ गए हैं। पांडेय ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने जल्द विकास कार्यों में तेजी नहीं लाई, तो जनता आंदोलन के लिए बाध्य होगी।

### श्री बालाजी महाराज का अखंड सवा लाख हनुमान चालीसा पाठ 13 से


**रांची :** श्री बालाजी महाराज का अखंड सवा लाख हनुमान चालीसा का पाठ 13 नवंबर से 20 नवंबर तक किया जाएगा। सवा लाख हनुमान चालीसा का पाठ राजधानी रांची के लालपुर स्थित गुजराती पटेल भवन में होगा। इस अवसर पर 51 जाडों की ओर से सामुहिक पूजन के साथ अखंड हनुमान चालीसा के पाठ का शुभारंभ होगा। कार्यक्रम में अयोध्या के कथावाचक दिलीप दास जी (त्यागी) शाम छह बजे से रात के आठ बजे तक श्री राम कथा का वाचन करेंगे। साथ ही श्री राणी सती दादी जी का मंगल पाठ भी किया जाएगा। इस अवसर पर सामुहित सुदंर कांड का पाठ भी किया जाएगा जो 19 नवंबर को दापेहर तीन बजे से होगा। कार्यक्रम में प्रसिद्ध भजन गायकों की ओर से 20 नवंबर की शाम छह बजे से भजनों की अमृत वर्षा भी होगी। यह जानकारी सोमवार को श्री नरसिंह बांध बालाजी धाम के अनिल अग्रवाल की ओर से प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी गई।

### प्रणामी मंदिर में राज्यपाल, मुख्यमंत्री, सांसद व विधायकों को दर्शन के लिए किया जाएगा आमंत्रित



**रांची :** श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट की कार्यकारिणी की बैठक सोमवार को श्री राधाकृष्ण प्रणामी मंदिर परिसर में ट्रस्ट के अध्यक्ष डूंगरमल अग्रवाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में आगामी धार्मिक और सामाजिक कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई। ट्रस्ट के प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ ने जानकारी दी कि शीघ्र ही श्री राधा-कृष्ण प्रणामी मंदिर में दर्शन के लिए झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, मंत्रीगण, सांसदों और विधायकों को आमंत्रित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि बैठक में मंदिर, अपना घर आश्रम, गौशाला सहित अन्य विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। ट्रस्ट ने निर्णय लिया कि आने वाले समय में मंदिर परिसर में वृहद स्तर पर धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। साथ ही जनसेवा के तहत इस माह में जरूरतमंदों के बीच कंबल, टी-शर्ट, गर्म कपड़े और खाद्य सामग्री का वितरण किया जाएगा। इसके अतिरिक्त ट्रस्ट द्वारा मीडिया सम्मान समारोह का भी आयोजन करने का निर्णय लिया गया। बैठक में ट्रस्ट के उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, निर्मल जालान, विजय कुमार अग्रवाल, पूरणमल सर्राफ, शिव भगवान अग्रवाल, मधुसूदन जाजोदिया, सुरेश अग्रवाल, विशाल जालान, विष्णु सोनी, सुरेश भगत, मनीष सोनी, अमर बाजोरिया सहित कई अन्य सदस्य मौजूद थे।

### स्थापना दिवस को लेकर तैयारियां तेज, मोरहाबादी-मेन रोड पर चला अतिक्रमण हटाओ अभियान



**रांची :** राज्य स्थापना दिवस समारोह की तैयारियां जोरों पर हैं. 11 से 16 नवंबर तक राजधानी रांची में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन्हीं तैयारियों के तहत 11 नवंबर को मोरहाबादी मैदान से मेन रोड तक मैराथन रन का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम को लेकर प्रशासन ने 11 नवंबर को वाहनों की एंट्री पर रोक लगा दी है। इसके साथ ही आज नगर निगम की टीम ने मोरहाबादी और मेन रोड इलाके में बड़े पैमाने पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। अभियान के दौरान सड़कों के किनारे खड़े ठेला, खोमचा और अवैध रूप से खड़ी गाड़ियों को जब्त किया गया। वहीं, जिन दुकानदारों ने सड़क पर कब्जा कर रखा था, उन्हें आखिरी चेतावनी दी गई। अधिकारियों ने बताया कि बार-बार समझाने और चेतावनी देने के बावजूद कुछ लोग सड़क पर अतिक्रमण कर ट्रैफिक में बाधा डालते हैं। अब आगे से ऐसा करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# विस्थापितों के पुनर्वास व रोजगार की मांग को लेकर झारखंड आंदोलनकारी युवा मोर्चा ने दिया धरना

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**बोकारो :** झारखंड आंदोलनकारी युवा मोर्चा की ओर से सोमवार को बोकारो उपायुक्त कार्यालय के समक्ष एक दिवसीय महाधरना कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता केंद्रीय अध्यक्ष ललित नारायण ने की, जबकि संचालन झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के जिला अध्यक्ष राजदेव महथा ने किया।धरना को संबोधित करते हुए केंद्रीय अध्यक्ष ललित नारायण ने कहा कि बोकारो इस्पात संयंत्र के निर्माण के लिए विस्थापितों ने अपनी जमीन राज्य सरकार को दी थी, लेकिन आज भी हजारों विस्थापित परिवार मुआवजा, पुनर्वास और नियोजन से वंचित हैं। उन्होंने बताया कि अब तक 4406 परिवारों को पुनर्वास नहीं मिला और 11598 परिवार नियोजन लाभ से वंचित हैं।ललित नारायण ने कहा कि बोकारो प्लांट की स्थापना में विस्थापितों की कुबार्नी रही है, इसलिए यहां का पहला अधिकार उन्हीं का बनता है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर बीएसएल स्थानीय लोगों की उपेक्षा जारी रखता है तो किसी भी विस्तारीकरण योजना का विरोध किया जाएगा। कार्यक्रम में झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के संस्थापक पुष्कर महतो ने कहा कि विस्थापितों के हक की लड़ाई में मोर्चा हमेशा साथ रहेगा। वहीं, केंद्रीय अध्यक्ष विदेशी महतो ने मांग की कि प्लांट के विस्तारीकरण से पूर्व विस्थापित एवं स्थानीय युवाओं को 75 प्रतिशत आरक्षण के तहत रोजगार दिया जाए। जिला अध्यक्ष राजदेव महथा ने अपने संबोधन में कहा कि आगामी 15 नवंबर 2025 को झारखंड स्थापना दिवस पर सभी चिन्हित आंदोलनकारियों को राजकीय सम्मान, प्रशस्ति पत्र और ताम्रपत्र देकर सम्मानित किया जाए।धरना के दौरान विस्थापितों ने उपायुक्त को 11 सूत्री मांग पत्र सौंपा जिसमें प्रमुख मांगे थीं। 2 सितंबर 2024 की त्रिपक्षीय वार्ता के समझौते का शीघ्र अनुपालनकनारी मौजा की 1030 एकड़ अनपेमेंट जमीन का मुआवजा शीघ्र भुगतानविस्थापित युवाओं को प्रशिक्षण व स्थायी रोजगारतुपकडीह से एसजीपी गेट तक सड़क चौड़ीकरण व मरम्मत बीएसएल और निजी कंपनियों में स्थानीय युवाओं को 75% रोजगार आईटीआई प्रशिक्षित बेरोजगारों की कोटिवार बहाली विस्थापितों को व्यवसाय हेतु प्लॉट आवंटन 20 किलोमीटर परिधि में ग्रामों का पेरिफेरल विकासबोकारो शहर व आसपास रिंग बस सेवा का संचालन इंजीनियरिंग व मेडिकल कॉलेज की स्थापनाबोकारो जनरल हॉस्पिटल की चिकित्सा व्यवस्था व सड़कों में सुधारकार्यक्रम में दुमका जिला अध्यक्ष जितेन कौल, सहदेव महतो, ठाकुर महतो, राजकिशोर महतो, कवि नागेश्वर महतो, खगेन्द्र नाथ वर्मा समेत हजारों स्थानीय एवं विस्थापित लोग शामिल हुए।

## कुष्ठ रोगी खोज अभियान के तहत बोकारो में जागरूकता रथ रवाना



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के तत्वाधान में चलाए जा रहे कुष्ठ रोगी खोज अभियान जो दिनांक 10 नवम्बर से 26 नवम्बर तक संचालित होगा, जिसके व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु सिविल सर्जन डॉ अभय भूषण प्रसाद एवं जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी डॉ सुधा सिंह के द्वारा सिविल सर्जन कार्यक्रम परिसर से जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह जागरूकता वाहन जिले के सभी नौ प्रखंडों के सभी पंचायतों में जागरूक करेंगी। इस दौरान सिविल सर्जन डॉ अभय भूषण प्रसाद ने बताया कि इस कुष्ठ रोगी खोजी अभियान के दौरान स्वास्थ्यकर्ता जब भी घर-घर भ्रमण करें तो सिर्फ कुष्ठ की ही जानकारी न ले बल्कि कुष्ठ के साथ साथ मलेरिया, हाथी पावं, टी0बी आदि का भी जानकारी लें। जागरूकता रवानगी के दौरान जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी डॉ सुधा सिंह, डॉ रेनू भारती, जिला कार्यक्रम प्रबंधक रविशंकर, जिला कार्यक्रम समन्वयक आशीष डीन, काय चिकित्सक सज्जाद आलम, अजय कुमार, मणिशंकर एवं स्वास्थ्य विभाग के अन्य कर्मी उपस्थित थे।

## सीआरएम-III में कर्मियों ने ईडी संग भरा दम, प्लांट को सुरक्षित बनाएंगे हम

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो :** कार्यस्थल पर सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने और कर्मियों में सुरक्षा संस्कृति को और सुदृढ़ करने के उद्देश्य से आज ईडी द्वारा सीआरएम-III में कार्यबल के साथ एक सुरक्षा संवाद सत्र आयोजित किया गया। इस अवसर पर सीआरएम-III के वरीय अधिकारियों एवं बड़ी संख्या में कर्मियों की उपस्थिति रही। इस दौरान ईडी ने कर्मियों को संबोधित करते हुए कहा कि – मेरी और मेरे साथी की सुरक्षा की जिम्मेदारी मेरी है –यही प्रत्येक कर्मचारी का सुरक्षा मंत्र होना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि उत्पादकता, सुरक्षा और गुणवत्ता तीनों आपस में गहराई से जुड़े पहलू हैं, और सुरक्षा के बिना अन्य दोनों की कल्पना संभव नहीं है। उन्होंने कर्मियों से कार्य के दौरान सदैव सतर्कता और अनुशासन का पालन करने का आह्वान किया तथा सभी को सुरक्षा का सामूहिक संकल्प दिलाया। संवाद के दौरान ईडी ने कार्मिकों से सुरक्षा से जुड़ी प्रतिक्रिया प्राप्त की और अपने अनुभव, सुझाव एवं उपयोगी टिप्स भी साझा किए।

## पब्लिक स्कूल ने आरपी मोदी इंटरनेशनल स्कूल को और संस्कार इंटरनेशनल स्कूल ने ग्रिजली विद्यालय को हराया

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**कोडरमा :** जिला क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में सोमवार को दो मैच खेले गए। पहला मैच चंदवारा स्थित पुलिस लाइन मैदान में झारखंड पब्लिक स्कूल और आर पी मोदी इंटरनेशनल स्कूल के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए आर पी मोदी इंटरनेशनल स्कूल ने 16 ओवर में सभी विकेट खोकर मात्र 55 रन बनाए। जिसमें शक्ति ने 15 रन और सागर ने 12 रन का योगदान दिया। गेंदबाजी करते हुए झारखंड पब्लिक स्कूल की ओर से अश्विन ने चार विकेट प्रिंस और शिवम ने दो-दो विकेट तथा अयान और अभिनव ने एक-एक विकेट लिए। बाद में बल्लेबाजी करने उतरी झारखंड पब्लिक स्कूल की टीम ने 5.4 ओवर में एक विकेट के नुकसान पर जीत दर्ज कर ली ।जिसमें प्रिंस कुमार 17 रन मोहम्मद फरहान 13 रन और शिवम ने 13 रन का योगदान दिया। गेंदबाजी करते हुए आर पी मोदी इंटरनेशनल स्कूल की ओर से शक्ति ने एक विकेट लिए। बेहतर खेल के लिए मैन ऑफ द मैच अश्विन कुमार को दिया गया। मैच में अंपायर सुरेंद्र प्रसाद और बसंत कुमार तथा स्कॉरर सत्यम थे। वहीं दूसरा मैच झुमरी तिलैया स्थित सी एच हाई स्कूल मैदान में संस्कार इंटरनेशनल स्कूल और ग्रिजली विद्यालय के बीच खेला गया। संस्कार इंटरनेशनल स्कूल ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 35 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 210 रन बनाए।जिसमें रंजन ने 50 रन सत्यम ने 43 रन और रतन ने 32 रन का योगदान दिया। गेंदबाजी करते हुए ग्रिजली विद्यालय की ओर से आलोक ने 4 विकेट आदित्य और सौरव ने दो दो विकेट तथा अभय ने एक विकेट लिए। बाद में बल्लेबाजी करने उतरी ग्रिजली विद्यालय की टीम 20 ओवर में 93 रन पर ढेर हो गई।

## मेघातरी चेक पोस्ट पर ट्रक से भारी मात्रा में अवैध अंग्रेजी शराब बरामद, चालक गिरफ्तार



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोडरमा :** बिहार विधान सभा आम चुनाव 2025 को शांतिपूर्ण, भयमुक्त, निष्पक्ष एवं पारदर्शी रूप से सम्पन्न कराने के उद्येश्य से झारखण्ड-बिहार सीमा पर अवस्थित मेघातरी मिरर चेक पोस्ट पर सघन वाहन चेकिंग अभियान लगातार चलाया जा रहा है। इसी क्रम में बिहार विधान सभा चुनाव का प्रचार खत्म होने के पश्चात उक्त चेक पोस्ट पर अत्यधिक सतर्कता बरतते हुए सख्ती से वाहन चेकिंग का निर्देश पुलिस अधीक्षक द्वारा चेक पोस्ट पर तैनात पुलिस पदाधिकारी एवं बलों को दिया गया था। इसी क्रम में आज अहले प्रातः अनुदीप सिंह, भा0पु0से0, पुलिस अधीक्षक, कोडरमा को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि एक ट्रक पर भारी मात्रा में अवैध अंग्रेजी शराब लोड कर मेघातरी चेक पोस्ट से होकर बिहार सीमा में प्रवेश करने वाला है। ऐसी सूचना के आलोक में आवश्यक कार्रवाई हेतु पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा मेघातरी चेक पोस्ट पर प्रतिनियुक्त पदाधिकारी एवं बलों को पूरी सर्तकता एवं सख्ती से सभी प्रकार के वाहनों को चेक करने का निर्देश दिया गया। इसी बीच चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध ट्रक पंजीयन संख्या- बी0आर0 56जी0- 4297 को रोका गया। जिसका जॉच एवं तलाशी करने पर कुल 279 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब लोड पाया गया।

## प्रेरणा शाखा की बैठक में समाज सेवा के नए संकल्प, 18 से 20 दिसंबर तक कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर का निर्णय

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**झुमरी तिलैया :** मारवाड़ी युवा मंच की प्रेरणा शाखा की एक महत्वपूर्ण बैठक श्री अग्रसेन भवन में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता शाखा अध्यक्ष सारिका लड्ढा ने की। बैठक की शुरूआत मंच के आदर्श वाक्य सेवा, संस्कार और समर्पण के साथ की गई। बैठक में दीपावली के अवसर पर आनंद सबके लिए अभियान, छठ महापर्व पर पूजन सामग्री वितरण कार्यक्रम तथा गोपाष्टमी पर गौशाला में आयोजित सेवा कार्यक्रम की समीक्षा की गई। सदस्यों ने इन सभी कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई थी, जिसके लिए प्रेरणा शाखा की ओर से सभी सदस्यों को धन्यवाद और बधाई दी गई। अध्यक्ष सारिका लड्ढा ने अपने संबोधन में कहा कि मानव सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है। मंच का मूल उद्देश्य समाज के अंतिम पायदान तक सेवा का भाव पहुँचाना है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक सदस्य यदि तन, मन और धन से अपना सहयोग दे, तो समाज सेवा के कार्यों को और भी व्यापक रूप दिया जा सकता है। बैठक में नवंबर माह में आयोजित होने वाले आगामी कार्यक्रमों पर भी चर्चा हुई। इसमें यह निर्णय लिया गया कि 14 नवंबर को बाल दिवस के अवसर पर बच्चों के बीच मनोरंजक व शैक्षिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके साथ ही अग्रवाल समाज के संयुक्त तत्वाधान में 18 से 20 दिसंबर 2025 तक श्री अग्रसेन भवन, झुमरी तिलैया में कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर आयोजित किया जाएगा। इस शिविर में जरूरतमंद लोगों को निःशुल्क कृत्रिम अंग उपलब्ध कराए जाएंगे। कोषाध्यक्ष द्वारा बैठक में पिछले माह के आय-व्यय का विस्तृत ब्यौरा प्रस्तुत किया गया। शाखा के सदस्यों ने पारदर्शिता और नियमितता की सराहना की। बैठक के अंत में इस माह में जन्मदिन मनाने वाले सदस्यों का केक काटकर उत्सवपूर्वक जन्मदिन मनाया गया। सचिव आकृति चौधरी ने आगामी आयोजनों के प्रति सभी को सक्रिय रहने का आग्रह किया और प्रेरणा शाखा को महिला सशक्तिकरण और समाज सेवा का उदाहरण बताया। सभा का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया।

## एक नजर

### ट्रेन में गुम हुई महिला की बाली आरपीएफ ने कराई बरामद




**कोडरमा :** सोमवार को ट्रेन संख्या 12801 एक्सप्रेस में एक महिला यात्री की गुम हुई बाली आरपीएफ टीम ने तत्परता दिखाते हुए बरामद कर ली ।जानकारी के अनुसार आरपीएफ पोस्ट बकसी के एएसआई एच.के. सिंह अपने स्टाफ के साथ ट्रेन नं. 12801 एक्सप्रेस को टाटानगर से बकसी तक एस्कॉर्ट ड्यूटी पर ले जा रहे थे। इस दौरान अद्रा एससीएनएल से रेल मदद शिकायत संख्या 2025111002696 प्राप्त हुई। शिकायत के आधार पर आरपीएफ टीम को कोच संख्या ए-1, सीट संख्या 50 पर भेजा गया, जहाँ शिकायतकर्ता से मुलाकात हुई ।शिकायतकर्ता ने बताया कि वे पुरी से गोमो जा रहे हैं। उनके पास ए-1 कोच में पुरी से टाटानगर तक की और बी-4 कोच में टाटानगर से गोमो तक की टिकटें थीं। सामान कोच बदलने के दौरान उनकी पत्नी की कान की बाली गुम हो गई थी, जिस पर उन्होंने तुरंत हेल्प लाइन नंबर 139 पर सूचना दी ।आरपीएफ टीम ने तुरंत ए-1 कोच के बर्थ नम्बर 50 पर कर्मचारियों व यात्रियों की मदद से जांच की और बाली बरामद की। इसे शिकायतकर्ता को दिखाया गया तो उन्होंने पहचान कर पुष्टि की कि यह उनकी ही बाली है। बाली का अनुमानित मूल्य करीब 20 हजार रुपये बताया गया। आरपीएफ अधिकारियों ने यात्रियों से सजग रहने और किसी भी समस्या पर तुरंत रेल मदद या हेल्पलाइन नंबर 139 पर संपर्क करने की अपील की।

### रेलवे ट्रैक पर मिला युवक का शव कर्ज के बोझ से आत्महत्या की आशंका

**बोकारो :** बालीडीह थाना क्षेत्र के बनसिमली गांव में सोमवार सुबह एक दर्दनाक घटना सामने आई, जब रेलवे ट्रैक से 25 वर्षीय युवक बीरबल आचार्य का शव बरामद किया गया। घटना से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। जानकारी के अनुसार, मृतक बीरबल आचार्य बोकारो स्टील प्लांट में ठेका मजदूर के रूप में काम करता था। परिजनों ने बताया कि उस पर करीब दो लाख रुपये का कर्ज था और वह पिछले कई दिनों से तनाव में चल रहा था ।मृतक के पिता कार्तिक आचार्य ने बताया कि कुछ दिन पहले बीरबल ने कहा था कि अगर कर्ज के पैसे नहीं मिले तो वह ट्रेन से कटकर जान दे देगा। पिता ने उसे दो लाख रुपये भी दे दिए थे, लेकिन मानसिक तनाव कम नहीं हुआ। सोमवार सुबह वह घर से शौच के लिए निकला और फिर लौटकर नहीं आया। कुछ देर बाद गांव वालों ने रेलवे ट्रैक पर शव मिलने की सूचना दी। मौके पर पहुंचकर पिता ने बेटे की लाश की पहचान की तो उनकी हालत बिगड़ गई ।बालीडीह थाना के एएसआई एस. मुर्मू ने बताया कि प्रारंभिक जांच में मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है और पुलिस आगे की जांच कर रही है।

### तुपकाडीह में 108 फीट ऊंचे हरि मंदिर का सौंदर्यीकरण जोरों पर

**बोकारो :** तुपकाडीह मेन रोड स्थित नहर किनारे नुतनडीह गांव में बन रहा 108 फीट ऊंचा हरि मंदिर इन दिनों आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। मंदिर के सौंदर्यीकरण का कार्य तेजी से चल रहा है ।जानकारी के अनुसार, नीचे गर्भगृह का निर्माण पूरा कर लिया गया है और अब मंदिर के गुम्बद पर कलश लगाने के स्थान तक का काम जारी है। समिति के अध्यक्ष सह उपमुखिया तिलेश्वर उर्फ तिलु महतो ने बताया कि यह हरि मंदिर संभवतः जिले का पहला ऐसा मंदिर होगा जिसकी ऊंचाई 108 फीट है।

## संक्षिप्त खबरें

### डोमचांच में मिला व्यक्ति का शव, परिजनों ने हत्या का लगाया आरोप




**डोमचांच :** थाना अंतर्गत बनू अहरा तालाब के निकट तेतरियाडीह निवासी प्रसादी पंडित के बाउंड्री वाल के पास मिला एक व्यक्ति की लाश मिली जानकारी के अनुसार मृतक व्यक्ति की पहचान राजकुमार राज उम्र लगभग 49 वर्ष पिता स्वर्गीय महादेव महतो साकिन डाड थाना कटकमसांडी जिला हजारीबाग के रूप में हुई है मृतक के रिश्तेदार राजू मेहता पिता रामेश्वर मेहता सकिन मसनोडीह निवासी ने बताया कि मृतक मेरा बहनोई है जो लगभग पिछले पंद्रह साल से मेरा बहनोई डोमचांच में ब्लॉक में कागज पत्र का काम करता था और यही डोमचांच में अपना परिवार के साथ वार्ड नंबर चार में किराए के मकान में रहता था मृतक आज सुबह अपने घर से स्कूटी खल्12ॠ5939 से नित दिन के तरह घर से निकला था जो आज अपने रिश्तेदार भांजी के माध्यम से घटना के बारे में फोन से पता चला वही आस पास के लोगों से पूछ ताछ करने पर पता चला कि लगभग दस बजे अपने घर से बकरी चराने के लिए जा रहे थे तो रोड के किनारे मृतक काफी देर तक पड़ा हुआ था जिसकी जानकारी स्थानीय जनप्रतिनिधि को पहचान के लिए कॉल के माध्यम से सूचित किया गया जिसके बाद डोमचांच थाना ए एस आई सुबोध पाठक अपने दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुंच के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए कोडरमा सदर भेज दिया वही मृतक के परिजनों ने साजिश के तहत जान से मारने का आरोप लगाया है ।अचानक घटी घटना से आस पास के लोग सदमे और अचंभित में है वही डोमचांच पुलिस ने बताया कि जांच का विषय है जांच के बाद ही मृतक कि वास्तविक स्थिति पता चल पाएगा अभी जांच का विषय है जांच के बाद पता चल पायेगा। वही मृतक के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

### होमगार्ड जवान अपने आप को एसआई बताकर किया 65000 की ठगी भाजपा नेता बसंत मेहता



**कोडरमा :** जिले के नगर पंचायत डोमचांच क्षेत्र अंतर्गत वार्ड नंबर 14 माधौती महुआ ग्राम निवासी पंकज शर्मा पिता विनोद शर्मा उर्फ कारू शर्मा मिली जानकारी अनुसार दो दिन पूर्व पशु लेकर वाहन से लौट रहे थे। इसी दरमियान चंदवारा थाना क्षेत्र मेन रोड में किसी होमगार्ड ने चेकिंग के नाम पर वाहन को रुकवाया और उससे रुपयों की ठगी चंदवारा थाने का एसआई बताकर किया। वही इस घटना की जानकारी पंकज शर्मा ने भाजपा नेता बसंत मेहता से बात करके पुरी घटना की जानकारी दिया। जानकारी लेने के बाद श्री मेहता ने कहा की यह घटना पुलिस प्रशासन के कार्यशैली पर बड़ा सवाल खड़ा करता हैं। आखिर चंदवारा थाना क्षेत्र में चेकिंग के नाम पर कोई होमगार्ड संदीप चंद्र यादव नामक ने वाहन चेकिंग के नाम पर बल पूर्वक पशु लोड वाहन को रुकवाकर थाना के एसआई अपने आपको बताकर अन्य तीन सहयोगियों के साथ मिलकर जबरदस्ती उससे नगदी 50 हजार एवं ऑनलाइन 15 हजार फोन पे के माध्यम संदीप चंद्र यादव के अकाउंट में ट्रांसफर करवाने का कैसे काम कर सकता हैं। वह भी अपने चंदवारा थाना का एसआई बताकर यह मामला गंभीर हैं। जब भाजपा नेता बसंत मेहता ने जिला कमांडेंट इंचार्ज कैलाश यादव से इस मामले पर बात करने के लिये उसके नंबर 7903716298 पर फोन किया तो उन्होंने फोन नहीं उठाया। जिसके बात भाजपा नेता बसंत मेहता ने कहा कि हम पुलिस प्रशासन से मांग करते हैं कि पूरे मामले की स्पष्ट रूप से जांच होनी चाहिए और इस मामले में जो भी दोषी हो उस पर कडी से कडी कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए ताकि आम लोगों का पुलिस प्रशासन पर विश्वास बना रहे। यदि युवक के द्वारा किसी प्रकार की कोई गलती हुई है तो उसे पर भी कार्रवाई होनी चाहिए।

### पुलिस को मिली बडी सफलता, चोरी की संपत्ति बरामद एवं अभियुक्त गिरफ्तार



**कोडरमा :** हाल के दिनों में कोडरमा जिला के विभिन्न क्षेत्रों में हुए चोरी की घटना का उद्भेदन एवं अपराधियों की गिरफ्तारी तथा चोरी गये सामानों की बरामदगी सुनिश्चित करने हेतु अनुदीप सिंह, भा0पु0से0, पुलिस अधीक्षक, कोडरमा द्वारा अनिल कुमार सिंह, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, कोडरमा के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया था। उक्त टीम द्वारा कई कांडों का उद्भेदन करने में सफलता पायी गयी। हाल ही में गुलगुलिया टीम की गिरफ्तारी गयी थी, जिसके निशानदेही पर काफी मात्रा में चोरी की सामानों को बरामद किया गया था तथा इसी कडी में तिलैया से एक शातिर चोर को गिरफ्तार करते हुए यामाहा मोटरसाईकिल शो रूम एवं टी0वी0एस0 शो रूम में हुए हुए चोरी का सफलतापूर्वक उद्भेदन किया गया था। इसी क्रम में उक्त टीम द्वारा प्रखण्ड कार्यालय, डोमचांच में हुए बैट्री चोरी की घटना, जिसके संबंध में डोमचाच थाना कांड सं0 99/25, दि0 08.11.2025 धारा 303(2) बी0एन0एस0 दर्ज की गयी थी, जिसका सफल उद्भेदन करते हुए अभियुक्त दीपक कुमार, उम्र 27 वर्ष, पिता नारायण प्रसाद, साकिन चुगलामो, थाना बरकट्ठा, जिला हजारीबाग को ईचाक मोड चैक से गिरफ्तार किया गया। उक्त अभियुक्त ने गहराई से पूछताछ के क्रम में प्रखण्ड कार्यालय, डोमचांच में बैट्री चोरी की घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार की तथा बतलाया कि उनके द्वारा चोरी की गयी बैट्री को ईचाक मोड, हजारीबाग स्थित एक दुकानदार रामासाहनी को एवं अरगाली, गिरिडीह के रहने वाले मो0 जाकीर एवं गुलजार को बेचे हैं।

### नवविवाहिता की जहर खाने से मौत, परिजनों ने किया थाने का घेराव

**कोडरमा :** कोडरमा थाना के लोहासिकर गांव में तीन दिन पहले नवविवाहिता की हुई मौत के मामले में परिजनों ने सोमवार को कोडरमा थाना का घेराव किया। जहर खाने के बाद रांची में इलाज के दौरान हुई मौत के बाबत परिजनों ने ससुराल वालों पर हत्या का आरोप लगाया है। मृतका के पीहर वाले जिसमें सैकड़ों की संख्या में महिला और ग्रामीणों ने मामले में आरोपितों को शीघ्र गिरफ्तारी की मांग को लेकर घेराव किया। मृतका की मां अम्बिका देवी ने बरियातू पुलिस के समक्ष दिए बयान में कहा था कि पुत्री प्रीति कुमारी (21) की शादी 7 मई 2025 को लोहासिकर के सचिंद्र कुमार के साथ हुई थी। अपने सामर्थ्य के अनुसार 7 लाख 50 हजार रुपया नगद और लगभग 5 लाख रुपए का सामान दिया। उन-?होंने बताया कि शादी के कुछ दिन बाद से ही उनकी लड़की के ससुराल वाले अतिरिक्त दहेज के रूप में 2 लाख रुपए की मांग करने लगे। पैसा नहीं देने पर उनकी लडकी के साथ मारपीट भी करने लगे। गत 7 नवंबर 2025 की सुबह 10 बजे मेरी लड़की के ससुराल से खुद सचिन्द्र कुमार यादव ने फोन किया कि आपकी लड़की सदर अस्-?पताल में भर्ती है।

# व्यापारी पर हमले के विरोध में बाजार समिति बंद, करोड़ों का नुकसान

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**धनबाद :** धनबाद के बरवाअड्डा थाना क्षेत्र स्थित बाजार समिति में रविवार की देर शाम व्यापारी श्याम भीमसरिया पर बाइक सवार तीन बदमाशों की ओर से की गई गोलीबारी और 4 लाख रुपये लूट की घटना से आक्रोशित व्यापारियों ने सोमवार को अपना विरोध जताते हुए बाजार समिति की तमाम दुकानें बंद रखी। साथ ही बाजार समिति के मुख्य गेट पर बैठ कर न सिर्फ धरना दिया, बल्कि घटना के विरोध में आगे की रणनीति पर भी विचार-विमर्श किया। सोमवार को घटना के विरोध में कृषि बाजार समिति के व्यापारियों ने मंडी परिसर स्थित सभी 417 दुकानों को बंद रखा और गेट के पास धरना-प्रदर्शन किया। व्यापारियों ने प्रशासन से जल्द अपराधियों की गिरफ्तारी और लूटी गई रकम की बरामदगी की मांग की। उनका कहना था कि लगातार व्यापारियों पर हमले की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं, जिससे व्यवसायी समुदाय असुरक्षित महसूस कर रहा है। धरना में जिलेभर के व्यापारी संगठनों ने हिस्सा लिया। मौके पर धनबाद सांसद ढुल्लू महतो, झरिया विधायक रागिनी सिंह और पूर्व मेयर चंद्रशेखर अग्रवाल भी पहुंचे और व्यापारियों के आंदोलन का समर्थन किया। मौके पर सांसद ढुल्लू महतो ने कहा कि अपराधियों का मनोबल बढ़ गया है, प्रशासन को सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। वहीं झरिया विधायक रागिनी सिंह ने राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि जब भी सदन में अपराध और कानून-व्यवस्था का मुद्दा उठाया जाता है, तब माइक बंद कर दिया जाता है। निवर्तमान मेयर चंद्रशेखर अग्रवाल ने कहा कि मंडी परिसर में तुरंत सीसीटीवी कैमरे, टॉप पुलिस पोस्ट और टाइगर जवानों की तैनाती की जरूरत है ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। जिला चेंबर अध्यक्ष चेतन गोयंका ने भी घटना की कड़ी निंदा करते हुए व्यापारियों की सुरक्षा को लेकर स्थायी समाधान की मांग की। उल्लेखनीय है कि धनबाद बाजार समिति के कुल 417 दुकानों से रोजाना 7-8 करोड़ रुपये का कारोबार किया जाता है।

## पिता का फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र बनाकर बेटी ने हड़पी संपत्ति, प्राथमिकी दर्ज

**रामगढ़ :** रामगढ़ जिले के रांची रोड में रहने वाली एक महिला ने अपने पिता की सारी संपत्ति हड़पने के लिए उनका फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र बनवा दिया। यह मामला तब उजागर हुआ जब बहू और बेटे ने जांच पड़ताल शुरू की तब पता चला कि बाप की उसंपत्ति हड़पने के लिए बेटी ने ही फर्जी प्रमाणपत्र बनवा लिया था। इस गोरखधंधे में बेटी का साथ उसके पति ने दिया। सदर थाने में सोमवार को इस मामले में प्राथमिकी दर्ज की गई है। रश्मि कुमारी ने अपनी ननद अल्का शर्मा और उनके पति राकेश शर्मा के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। रश्मि कुमारी ने पुलिस को बताया कि उनके ससुर अनिल कुमार शर्मा का निधन 27 अप्रैल 2022 को चेन्नई में हुआ था। वे कैंसर से पीड़ित थे और वहीं इलाजरत थे। उनके निधन के बाद अनिल शर्मा की बेटी अल्का शर्मा और दामाद राकेश शर्मा ने रामगढ़ सदर अस्पताल से फर्जी दस्तावेज तैयार किया। फर्जी मृत्यु प्रमाण–पत्र के सहारे उन लोगों ने अनिल कुमार शर्मा की सारी चल अचल संपत्ति और आइसीआइसीआइ म्युचुअल फंड का सारा यूनिट अपने नाम करा लिया।

# आरपीएफ की बड़ी कार्रवाई, 36.6 लीटर देशी शराब के साथ एक व्यक्ति गिरफ्तार



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** बिहार विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए वरीय मंडल सुरक्षा आयुक्त, धनबाद के निर्देशन में रेलवे सुरक्षा बल की टास्क टीम ने हजारीबाग रोड स्टेशन पर बड़ी कार्रवाई की। रविवार को सुबह करीब 02:55 बजे परसाबाद स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 2 पर गुप्त निगरानी के दौरान पच्छत्रकी टीम ने संदिग्ध अवस्था में एक व्यक्ति को पकड़ा। टीम, जिसमें सहायक उपनिरीक्षक सुनील कुमार सिंह, प्रधान आरक्षी मनोज कुमार सिंह, आरक्षी परमेश्वर महतो और आरक्षी रोहित कुमार शामिल थे, ने शक के आधार पर व्यक्ति से पूछताछ की। उसने अपना नाम राजेश सिंह (48 वर्ष), निवासी परसावा, थाना परैया, जिला गया, बिहार बताया। उसके पास दो उजले रंग के बोरे में भारी सामान था, जिसमें उसने देशी शराब होने की बात स्वीकारी। आरपीएफ ने मौके पर दोनों बोरों की जांच की, जिसमें 122 बोतलें (प्रत्येक 300 मिलीलीटर) रॉयल झारखंड सी. लिकर (मूल्य 65 प्रति बोतल) बरामद हुईं। कुल 36.6 लीटर शराब, जिसका अनुमानित मूल्य 7930 है, को विधिवत जब्त किया गया। स्वतंत्र गवाह न मिलने पर ऑन-ड्यूटी स्टाफ की मौजूदगी में जब्ती सूची तैयार की गई। आरोपी राजेश सिंह को 03:45 बजे गिरफ्तार कर लिया गया और उसे जप्त शराब के साथ RPF पोस्ट हजारीबाग रोड लाया गया। कागजी कार्रवाई पूरी कर आरोपी और शराब को आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए उत्पाद विभाग, गिरिडीह, झारखंड को सौंप दिया गया। यह कार्रवाई बिहार में शराबबंदी के मद्देनजर और चुनावी गतिविधियों पर नजर रखने के लिए की गई थी। आरपीएफ की इस त्वरित कार्रवाई की स्थानीय स्तर पर सराहना हो रही है।

**Member Secretary, Jharkhand Zoo Authority, Bhagwan Birsa Biological Park, Ormanjhi, Ranchi**

**Tender Notice No. 02/2025-26**

Sealed tender is invited from interested people for running canteen of Bhagwan Birsa Biological Park, Ormanjhi, situated inside the Zoological Section Near the Lake.

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Tender No. | 02/2025-26 |
| 2. | Availability of tender document | From 11.11.2025 |
| 3. | Last date for submission of Tender | 03.12.2025 (11.30 am) |
| 4. | Place for submission of Tender | Office of Member Secretary, Jharkhand Zoo Authority, Chakla, Ormanjhi, Ranchi-835219 |
| 5. | Opening of Tender | 03.12.2025 (12.30 pm) |
| 6. | Place for opening of Tender | Office of Member Secretary, Jharkhand Zoo Authority, Chakla, Ormanjhi, Ranchi. |
| 7. | Cost of Tender document & EMD | Cost of document : Rs. 2000/-<br>EMD : Rs. 50000/- |

Tender document and form can be obtained from the Office of Member Secretary, Jharkhand Zoo Authority during the specified period or can be downloaded from the website: www.birsazoojharkhand.in. For detailed information, one can contact the office of the undersigned or can visit the website.

Sd/-
**Member Secretary,
Jharkhand Zoo Authority,
Ormanjhi, Ranchi.**

PR 365686 (Jharkhand Zoo Authority)25-26*D

## संक्षिप्त खबरें

### 20वां चैंपियंस ट्रॉफी: अंश क्लब कांके बना चैंपियन



**अनगड़ा :** 20वां चैंपियंस ट्रॉफी फुटबाल टूर्नामेंट का चैंपियन अंश क्लब कांके की टीम बनी। सोमवार को अनगड़ा स्टेडियम में खेले गए खिताबी मुकाबले में कांके ने पेनाल्टी शूट आउट में चित्तरकोटा एफसी को हराया। फाइनल मैच को देखने दस हजार से अधिक दर्शक पहुंचे थे। मुख्य अतिथि जी एंड पी इंटरप्राइजेज के ऑनर अमर गोयल व विशिष्ट पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, कांग्रेस जिलाध्यक्ष सोमनाथ मुंडा, अभिषेक वस्त्रालय के संस्थापक सागर साहू, आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव पारसनाथ उरांव थे। किसे क्या मिला। विजेता टीम को पांच लाख, उपविजेता टीम को तीन लाख रुपया, सेमीफाइनल खेलने वाली भगत इलेक्ट्रॉनिक्स पारेपाट व ब्लैक पैंथर माथ टोली को 75 हजार रुपया प्रदान किया गया। अभिषेक वस्त्रालय गोंदली पोखर के तरफ से प्लेयर ऑफ टूर्नामेंट कांके के रोहित तिग्गा को एक स्मार्ट टीवी प्रदान किया गया। प्लेयर ऑफ मैच बासित, बेस्ट डिफेंडर सोमरा मुंडा, बेस्ट गोलाची रेमंड लकड़ा, बेस्ट स्कोरर केल्विन को पुरस्कार दिया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष राजेंद्र शाही मुंडा, सचिव अनिल कुमार चौधरी, कोषाध्यक्ष रामसाय मुंडा, पारसनाथ भोगता, विधायक प्रतिनिधि श्रवण कुमार मुंडा, छोटेलाल महतो, साकिर अंसारी, शिवदास गोस्वामी, सौरव कुमार, संजय महतो, बिपिन मुंडा, रंजीत महतो, आशाराम महतो, आतिश महतो, जीतवाहन महतो, अनुज महतो, प्रवीण महतो, जलेश महतो, बिगेश्वर महतो, राजन महतो, साइनाथ महतो, जयशंकर मुंडा, सुरेश महतो, अमन चौधरी थे।

### सड़क हादसे में डीएवी स्कूल के शिक्षक गणेश कुमार सिन्हा की दर्दनाक मौत, साथी घायल

**सरिया :** सरिया क्षेत्र में सोमवार सुबह एक भीषण सड़क दुर्घटना में डीएवी पब्लिक स्कूल के समर्पित शिक्षक गणेश कुमार सिन्हा (उम्र करीब 30 वर्ष) की मौके पर ही मृत्यु हो गई। हादसा उस समय हुआ जब उनकी बाइक की बालू लदे एक ट्रैक्टर से जोरदार टक्कर हो गई। बाइक पर पीछे बैठे अन्य व्यक्ति को गंभीर चोटें आईं, जिन्हें तुरंत नजदीकी अस्पताल में ले जाया गया।जानकारी के मुताबिक, गणेश सिन्हा अपने बगड़ो स्थित घर से स्कूल के लिए निकले थे। केसवारी के पास अचानक सामने आए ट्रैक्टर से उनकी बाइक टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि सिन्हा की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद स्थानीय लोगों में अफरा-तफरी मच गई, लेकिन उन्हें बचाया नहीं जा सका।सरिया पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा और ट्रैक्टर चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने का मामला दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू की। घायल की हालत स्थिर बताई जा रही है।डीएवी स्कूल के प्राचार्य मनीष कुमार सिन्हा ने घटनास्थल पर पहुंचकर गहरा शोक व्यक्त किया। उन्होंने कहा, श्री सिन्हा एक कुशल और लोकप्रिय शिक्षक थे, जिनकी कमी स्कूल और छात्रों को हमेशा खलेगी। स्कूल प्रबंधन ने मृतक के परिवार को हर संभव सहायता का आश्वासन दिया है।इस घटना ने क्षेत्र में सड़क सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ा दी है। पुलिस ने लोगों से सतर्कता बरतने और ओवरलोडेड वाहनों से सावधानी रखने की अपील की है। गणेश सिन्हा की असामयिक मृत्यु से परिवार, सहकर्मियों और समुदाय में शोक की लहर है।

**Office of the Executive Engineer
Drinking Water & Sanitation Division, Ranchi West, Ranchi**
**Email: eedwsd.ranchiwest@gmail.com**

**RFP No- 05/CDO/Ranchi/TPIA/2025-26 Dated:- 10.11.2025**

**NOTICE INVITING REQUEST FOR PROPOSAL (RFP)**

| Name of the work | Document Fee | Bid Security | Period of Project cycle |
|---|---|---|---|
| Third Party Inspection Agency to carry out inspection of all engineering works relating to civil, mechanical and electrical components of Rural water supply schemes executed under Jal Jeevan Mission in the State of Jharkhand For 05 (Five) Circles covering entire Districts (Phase-1). | Rs. 10,000.00 (Non-Refundable) | Rs. 5,00,000.00 | 29 (Twenty Nine) Months or 31st March 2028 whichever earlier |

**Date & Time Schedule:-**

| Sl. No. | Particulars | Date & Time |
|---|---|---|
| 1. | Date of uploading RFP Documents (online) (Publishing date) | 11.11.2025 |
| 2. | Document download start date (online) | 12.11.2025 |
| 3. | Pre-Bid meeting at CDO, DW&SD, Jharkhand, Doranda, Ranchi | 17.11.2025 at 3.00 P.M. |
| 4. | Last date & time of online submission | 01.12.2025 upto 5.00 P.M. |
| 5. | Time & Last Date and Place for Submission of Hard Copy | 02.12.2025 upto 4.00 P.M. |
| 6. | Date of opening of Technical Proposals (online) | 02.12.2025 at 6.00 P.M. |
| 7. | Date of Opening of Financial Proposal | To be Notified later |

1. EoI application Fee should be Paid Rs 10,000/- (Rupees Ten Thousand Only) (Non- Refundable) through Online Gateway Facilities two mode- Net Banking (SBI & 61 Others Bank) as well as NEFT/RTGS Challan Mode in favour of **Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Ranchi West** payable at **Ranchi**. **(As per IT & e-governance Department Letter-120, Date-03.10.2023 attached Annexure-1) Payment gateway of designated bank i.e. SBI for all Govt. Department.**
2. Bid Security should be Rs 5,00,000/=(Rs Five Lacs only) through Online Gateway Facilities two mode- Net Banking (SBI & 61 Others Bank) as well as NEFT/RTGS Challan Mode in favour of **Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Ranchi West** payable at **Ranchi**. Bid Security will be returned after the expiry of four years, extendable as and when required from the date of empanelment and after satisfactory completion of work. **(As per IT & e-governance Department Letter-120, Date-03.10.2023) Payment gateway of designated bank i.e. SBI for all Govt. Department.** EoI application fee, Bid Security & Bid Documents separately in Online Mode shall be deposited. Only those applications will be entertained whose EoI application fee, Bid Security & bid documents is being received separately and properly superscribed in Online Mode. The office of Executive Engineer, D.W. & S. Division, Ranchi West Ranchi will not be held responsible for any failure in payment by online Method. Bid Security should have validity period of 180 days.
3. In the event of e-Filing intending tenderer may download the RFP from the website directly.
4. In the event of online submission, RFP document will be submitted concurrently duly digitally signed in the Website https://jharkhandtenders.gov.in .
5. **Eligibility criteria for participation:**
a. The Firm must be registered and operational in India since last 5 years from the date of publish of this RFP and must be ISO 9001 Certified firm.
b. Working Experience: The TPIA must have completed at least 3 (three) similar assignments (TPI/Construction Supervision / PMC for Water Supply Project) of at least INR 10 (Ten) Crore value of project cost. (Copy of completion certificates/work order must be submitted) in the last 5 (five) years.
c. Average annual Turn-Over of not less than 10 (Ten) Crore for last three financial years (2021-22, 2022-23, 2023-24) and annual turnover in any one year of the last three financial years (2021-22, 2022-23, 2023-24) not less than 15 (Fifteen) Crore. Audited Report to be furnished along with balance sheet (For last financial year Provisional Certificate certified by CA shall be considered)
d. Valid GST Certificate and PAN Card, ITR Certificate for Assessment year 2024-25.
e. An Affidavit have to be submitted declaring that the applicant is not debarred/delisted/black listed by Govt./ Undertaking (Govt.)
6. Joint Ventures and consortium will not be allowed.
7. Bid Documents separately in hard copy shall be deposited in the office of the Chief Engineer (CDO), D.W.&S. Dept., Near Nepal House, Ranchi either by registered post / speed post or by hand.
8. Modalities of TPIA selection: - The Department will award the services to the TPIA whose offer has been determined to be substantially responsive to provisions contained in this document and has offered the lowest evaluated offer price, provided that such consultant has been determined to be eligible in accordance with the provisions of eligibility criteria.
9. The authority may accept or reject partly or whole RFP without assigning any reason.
10. The authority may cancel the RFP at any stage before issue of Work order without assigning any reason and for that no claim whatsoever will be made.
11. No conditional/ incomplete tender will be accepted under any circumstances.
12. Bid shall be valid 180 days from the date of opening bid.
13. All legal disputes will be entertained within the jurisdiction of Jharkhand High Court, Ranchi.

**Sd/- Executive Engineer,
DW&S Division, Ranchi West, Ranchi**

PR.NO.365711 Drinking Water and Sanitation(25-26):D

**समेकित जनजाति विकास अभिकरण, राँची
(कल्याण शाखा)**
(ब्लॉक-ए, कमरा संख्या- 112, ईमेल- dwo-ranchi@jharkhandmail.gov.in): 0651-2213348

**प्री–मैट्रिक छात्रवृति से संबंधित आवश्यक सूचना**

छात्र–छात्राओं के लिए:– **वित्तीय वर्ष 2025–26** में प्री–मैट्रिक छात्रवृति योजना अंतर्गत राँची जिला में संचालित सरकारी विद्यालय, सरकारी सहायता/अनुदान प्राप्त विद्यालयों {गैर सरकारी अल्पसंख्यक (सामान्य सहायता प्राप्त सहित) प्रारम्भिक विद्यालयों, गैर सरकारी अल्पसंख्यक माध्यमिक विद्यालयों, अराजकीय प्रस्वीकृत मदरसों एवं संस्कृत विद्यालयों} में अध्ययनरत वर्ग 1 से 10 के अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ी जाति के छात्र–छात्राओं को छात्रवृति की राशि से लाभान्वित किया जाना है। जिसके लिये अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, झारखण्ड राँची द्वारा छात्रवृति का लाभ हेतु ऑनलाईन पोर्टल ekalyan.cgg.gov.in पर प्रारम्भ की गई है। विद्यालय में अध्ययनरत छात्र–छात्राएँ अपने विद्यालय के प्रधानाध्यापक से संपर्क कर ई–कल्याण पोर्टल पर अपना नाम पंजीकृत कराना सुनिश्चित करेंगे।

प्री–मैट्रिक छात्रवृति राशि का लाभ लेने हेतु सभी योग्य छात्रों/अभिभावकों से अनुरोध है कि अपने संबंधित बैंक शाखा से संपर्क कर बैंक खाता संख्या को आधार के साथ **SEEDING/MAPPING** कराना भी सुनिश्चित करेंगें। छात्रों का बैंक खाता आधार के साथ **SEEDING/MAPPING** नहीं होने पर छात्रवृति का भुगतान नहीं किया जा सकेगा, जिसकी पूर्ण जवाबदेही छात्रों की होगी। आधार **Mapping /Inactive** होने या लिंक नहीं होने की जानकारी **UIDAI के बेबसाईट https://resident.uidai.gov.in/check-aadhaar-linking-status** पर भी प्राप्त की जा सकती है।

विद्यालयों के लिए:– ई–कल्याण पोर्टल पर सूचीबद्ध राँची जिले के सभी सरकारी विद्यालय, सरकारी सहायता/अनुदान प्राप्त विद्यालयों {गैर सरकारी अल्पसंख्यक (सामान्य सहायता प्राप्त सहित) प्रारम्भिक विद्यालयों, गैर सरकारी अल्पसंख्यक माध्यमिक विद्यालयों, अराजकीय प्रस्वीकृत मदरसों एवं संस्कृत विद्यालयों} के प्रधानों से अनुरोध है कि पोर्टल पर निधारित समयानुसार अपने विद्यालयों के छात्रों का ई–कल्याण पोर्टल पर प्री–मैट्रिक छात्रवृति योजनान्तर्गत छात्रों का ऑनलाईन पंजीकरण कर ससमय सत्यापित करते हुए सूची डाउनलोड कर हार्ड कॉपी में पुनः जाँच करते हुए प्रत्येक पृष्ट पर सत्यापित कर सत्यापित प्रति, प्रखण्ड कल्याण पदाधिकारी/प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी को उपलब्ध कराया जायेगा, ताकि योग्य छात्र–छात्राओं को छात्रवृति का भुगतान ससमय किया जा सके। सूची उपलब्ध नहीं होने पर छात्रवृति का भुगतान नहीं किया जा सकेगा, जिसकी पूर्ण जवाबदेही विद्यालय प्रबंधन की होगी।

**ऐसे सरकारी विद्यालय, सरकारी सहायता/अनुदान प्राप्त विद्यालयों {गैर सरकारी अल्पसंख्यक (सामान्य सहायता प्राप्त सहित) प्रारम्भिक विद्यालयों, गैर सरकारी अल्पसंख्यक माध्यमिक विद्यालयों, अराजकीय प्रस्वीकृत मदरसों एवं संस्कृत विद्यालयों} जो ई–कल्याण पोर्टल पर पंजीकृत नहीं है, तो वैसे विद्यालय अपना आवेदन जिला कल्याण कार्यालय, राँची में देकर विद्यालय को पंजीकृत कराना सुनिश्चित करेंगे।**

प्रखण्ड कल्याण पदाधिकारी/प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी के लिये :– विद्यालय द्वारा ई–कल्याण पोर्टल पर ऑनलाईन पंजीकृत छात्रों का ऑनलाईन Approval ससमय विद्यालय द्वारा कराना सुनिश्चित करेंगे साथ ही **विद्यालयों द्वारा प्राप्त सत्यापित सूची (हार्ड कॉपी) को प्रखण्ड विकास पदाधिकारी के Forwarding Letter के साथ उक्त सूची को जिला शिक्षा पदाधिकारी/जिला शिक्षा अधीक्षक, राँची से सत्यापित कराते हुए जिला कल्याण कार्यालय, राँची में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे,** ताकि जिला स्तरीय गठित कमिटि से अनुमोदन प्राप्त कर छात्र–छात्राओं को छात्रवृति के लाभ से लाभान्वित किया जा सके।

परियोजना निदेशक,
समेकित जनजाति विकास अभिकरण, राँची

PR 365727 Welfare(25-26)#D

**।। कार्यालय जिला पशुपालन पदाधिकारी,गढ़वा ।।
जिला पशुपालन कार्यालय गढ़वा अन्तर्गत विभिन्न प्रखण्डों में दो द्विवसीय विशेष पशु चिकित्सा शिविर की सूची।
फेज–1 (माह –: नवंबर 2025)**

**–: आम सूचना :–**

सरकार के सचिव कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग झारखण्ड रॉची राज्यादेश सं0 01 रा0 (विभाग) दिनांक 14.05.2025 के द्वारा गढ़वा जिला अन्तर्गत सभी प्रखण्डों के पंचायतों में पंचायतवार दो द्विवसीय विशेष पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाना है जिसमें विभागीय योजनाओं की जानकारी, संक्रामक रोगो से बचाव हेतु जानकारी, बीमार पशुओं की चिकित्सा, मलमूत्र एवं रक्त आदि की जॉच की जाएगी। पशुपालक भाईयों से अनुरोध है कि पंचायत स्तर के पशु चिकित्सा शिविरों में अपनी उपस्थिति आवश्यक रूप से दर्ज कराएँ। विशेष पशु चिकित्सा शिविरों का आयोजन प्रातः 09:00 बजे से संध्या 03:00 बजे तक किया जायेगा। पंचायतवार कार्यक्रम विवरणी निम्नवत है
(नोटः– स्थान एवं दिनांक आवश्यकतानुसार परिवर्तनीय है।)

| कमांक | पंचायत का नाम | आयोजन स्थल का नाम | आयोजन की तिथि | उत्तरदायी पशुचिकित्सक का नाम/पदनाम |
|---|---|---|---|---|
| प्रखंड :– गढ़वा | | | | |
| 1 | उर्सुगी | पंचायत भवन | 10/11/2025 से 11/11/2025 | डॉ0 निरंजकान्त, प्र0प0पदा0, गढ़वा |
| 2 | मध्या | पंचायत भवन | 12/11/2025 से 13/11/2025 | |
| 3 | करूआ कला | पंचायत भवन | 14/11/2025 से 15/11/2025 | |
| 4 | परिहारा | पंचायत भवन | 16/11/2025 से 17/11/2025 | |
| 5 | दुबे मरहटिया | पंचायत भवन | 29/11/2025 से 30/11/2025 | |
| प्रखंड :– कांडी | | | | |
| 6 | चटनिया | पंचायत भवन | 10/11/2025 से 11/11/2025 | डॉ0 अमित कुमार अमित, भ्र0प0चि0पदा0, हरिहरपुर, गढ़वा |
| 7 | रानाडीह | पंचायत भवन | 12/11/2025 से 13/11/2025 | |
| 8 | शिवपुर | पंचायत भवन | 14/11/2025 से 15/11/2025 | |
| 9 | लमारी | पंचायत भवन | 16/11/2025 से 17/11/2025 | |
| 10 | पतीला | पंचायत भवन | 29/11/2025 से 30/11/2025 | |
| प्रखंड :– धुरकी | | | | |
| 11 | रक्सी | पंचायत भवन | 10/11/2025 से 11/11/2025 | डॉ0 रोहित कुमार, प्र0प0पदा0, धुरकी |
| 12 | खुटिया | पंचायत भवन | 12/11/2025 से 13/11/2025 | |
| 13 | गनियारी कला | पंचायत भवन | 14/11/2025 से 15/11/2025 | |
| प्रखंड :– मेराल | | | | |
| 14 | चेचरिया | पंचायत भवन | 10/11/2025 से 11/11/2025 | डॉ0 कृष्ण कुमार सिंह, भ्र0प0चि0पदा0, मेराल, गढ़वा |
| 15 | खोरीडीह | पंचायत भवन | 12/11/2025 से 13/11/2025 | |
| 16 | तिसर टेटुका | पंचायत भवन | 14/11/2025 से 15/11/2025 | |
| 17 | दुलदुलवा | पंचायत भवन | 16/11/2025 से 17/11/2025 | |
| 18 | गेरूआ | पंचायत भवन | 29/11/2025 से 30/11/2025 | |
| प्रखंड :– सगमा | | | | |
| 19 | घघरी | पंचायत भवन | 10/11/2025 से 11/11/2025 | डॉ0 रोहित कुमार, प्र0प0पदा0, धुरकी |
| 20 | कटहर कला | पंचायत भवन | 12/11/2025 से 13/11/2025 | |
| प्रखंड :– विशुनपुरा | | | | |
| 21 | पतिहारी | पंचायत भवन | 10/11/2025 से 11/11/2025 | डॉ0 दिनेश कुमार यादव, भ्र0प0चि0पदा0, मझिआंव गढ़वा |
| 22 | पिपरी कला | पंचायत भवन | 12/11/2025 से 13/11/2025 | |
| कमांक | पंचायत का नाम | आयोजन स्थल का नाम | आयोजन की तिथि | उत्तरदायी पशुचिकित्सक का नाम/पदनाम |
| प्रखंड :– भवनाथपुर | | | | |
| 23 | बंसानी | पंचायत भवन | 10/11/2025 से 11/11/2025 | डॉ0 सत्येन्द्र नारायण, भ्र0प0चि0पदा0, भवनाथपुर, गढ़वा |
| 24 | कैलान | पंचायत भवन | 12/11/2025 से 13/11/2025 | |
| 25 | अरसली 'उ' | पंचायत भवन | 14/11/2025 से 15/11/2025 | |
| 26 | अरसली 'द' | पंचायत भवन | 16/11/2025 से 17/11/2025 | |
| 27 | सिन्दुरिया | पंचायत भवन | 29/11/2025 से 30/11/2025 | |
| प्रखंड :– खरौंधी | | | | |
| 28 | सुन्डी | पंचायत भवन | 10/11/2025 से 11/11/2025 | डॉ0 सत्येन्द्र नारायण, भ्र0प0चि0पदा0, भवनाथपुर, गढ़वा |
| 29 | कुपा | पंचायत भवन | 12/11/2025 से 13/11/2025 | |
| 30 | अरंगी | पंचायत भवन | 14/11/2025 से 15/11/2025 | |
| 31 | सिसरी | पंचायत भवन | 16/11/2025 से 17/11/2025 | |
| 32 | चन्दनी | पंचायत भवन | 29/11/2025 से 30/11/2025 | |
| प्रखंड :– केतार | | | | |
| 33 | बलिगढ़ | पंचायत भवन | 10/11/2025 से 11/11/2025 | डॉ0 सत्येन्द्र नारायण, भ्र0प0चि0पदा0, भवनाथपुर, गढ़वा |
| 34 | परसोडीह | पंचायत भवन | 12/11/2025 से 13/11/2025 | |
| 35 | मुकुन्दपुर | पंचायत भवन | 14/11/2025 से 15/11/2025 | |
| 36 | लोहरगाड़ा | पंचायत भवन | 16/11/2025 से 17/11/2025 | |
| प्रखंड :– रंका | | | | |
| 37 | बहाहारा | पंचायत भवन | 10/11/2025 से 11/11/2025 | डॉ0 रंजीत कुमार डे भ्र0प0चि0पदा0, रमकण्डा, गढ़वा |
| 38 | सिरोई खुर्द | पंचायत भवन | 12/11/2025 से 13/11/2025 | |
| 39 | तमगे कला | पंचायत भवन | 14/11/2025 से 15/11/2025 | |
| प्रखंड :– डंडई | | | | |
| 40 | झोतर | पंचायत भवन | 10/11/2025 से 11/11/2025 | डॉ0 चंदन कुमार चौधरी भ्र0प0चि0पदा0, रमना, गढ़वा |
| 41 | करके | पंचायत भवन | 12/11/2025 से 13/11/2025 | |
| 42 | सोनेहारा | पंचायत भवन | 14/11/2025 से 15/11/2025 | |
| 43 | तसरार | पंचायत भवन | 16/11/2025 से 17/11/2025 | |
| प्रखंड :– रमना | | | | |
| 44 | सिलिदाग | पंचायत भवन | 10/11/2025 से 11/11/2025 | डॉ0 चंदन कुमार चौधरी भ्र0प0चि0पदा0, रमना, गढ़वा |
| 45 | बहियार कला | पंचायत भवन | 12/11/2025 से 13/11/2025 | |
| 46 | बहियार खुर्द | पंचायत भवन | 14/11/2025 से 15/11/2025 | |
| 47 | मड़वनिया | पंचायत भवन | 16/11/2025 से 17/11/2025 | |
| 48 | हरदाग कला | पंचायत भवन | 29/11/2025 से 30/11/2025 | |
| प्रखंड :– नगरउंटारी | | | | |
| 49 | बेलासपुर | पंचायत भवन | 10/11/2025 से 11/11/2025 | डॉ0 शमशाद अली भ्र0प0चि0पदा0, नगरउंटारी, गढ़वा |
| 50 | हलिवन्ता | पंचायत भवन | 12/11/2025 से 13/11/2025 | |
| 51 | कधवन | पंचायत भवन | 14/11/2025 से 15/11/2025 | |
| 52 | कोलझिकी | पंचायत भवन | 16/11/2025 से 17/11/2025 | |
| प्रखंड :– मझिआंव | | | | |
| 53 | करमडीह | पंचायत भवन | 10/11/2025 से 11/11/2025 | डॉ0 दिनेश कुमार यादव, भ्र0प0चि0पदा0, मझिआंव गढ़वा |
| 54 | तलसबरिया | पंचायत भवन | 12/11/2025 से 13/11/2025 | |
| 55 | मोरबे | पंचायत भवन | 14/11/2025 से 15/11/2025 | |
| 56 | खरसोता | पंचायत भवन | 16/11/2025 से 17/11/2025 | |

नोट :–
1.शिविर का समय सुबह 09:00 बजे से शाम 03:00 बजे तक होगा।
2.संबंधित मुखिया एवं पंचायत प्रतिनिधि को सूचित करते हुए उनसे अनुरोध करेगें की कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग प्रदान करेगें।
3.शिविर में पशु औषधि का वितरण आवश्यकता एवं उपलब्धता के आधार पर किया जाएगा तथा अनउपलब्ध औषधि के बारे में परामर्श दिया जाएगा।
4.शिविर में उपलब्धता के अनुसार टीकाकरण कार्य करेगें।
5.पशुपालकों को केन्द्र एवं राज्य प्रायोजित योजनाओं का पशुपालन विभाग द्वारा दिया जायेगा।
6.रक्त, गोबर, मूत्र आदि का नमूना एकत्र कर पशु स्वास्थ्य उत्पादन संस्थान, रॉची को भेजने हेतु कार्यालय को उपलब्ध करायेंगे।
7.शिविर का प्रतिवेदन विहित प्रपत्र में प्रतिदिन फोटोग्राफ के साथ उपलब्ध करायेगें।
8.विभागीय राज्यादश सं0 01 रा0 दिनांक 14.05.2025 का नियमानुसार पालन किया जाय।
9.संबंधित MVU Camp में आवश्यकता अनुसार कार्य करेंगें।
10.संबंधित प्रखण्ड एवं पशु चिकित्सालय कर्मी शिविर में उपस्थित होकर अपना आवश्यक सहयोग करेंगें।

निवेदक
जिला पशुपालन पदाधिकारी,
गढ़वा

PR 365731 (Animal Husbandry)25-26*D

## आशाओं के जंगल, उम्मीदों के मंगल

संयुक्त राष्ट्र की प्रमुख विशिष्ट एजेंसी खाद्य एवं कृषि संगठन (एफएओ) ने 22 अक्टूबर को वैश्विक वन संसाधन आकलन (जीएफआरए) का आंकड़ा प्रस्तुत किया। यह आकलन भारत के पर्यावरण संरक्षण के ईमानदार प्रयासों पर मुहर लगाता है। इससे साफ है कि भारत में पेड़ों को बचाने का अभियान सतत चल रहा है। एफएओ के नवीनतम जीएफआरए-2025 के अनुसार, विश्व का कुल वन क्षेत्र लगभग 4.14 बिलियन हेक्टेयर है। यह कुल भूमि क्षेत्र का लगभग 32 प्रतिशत है। इसमें प्रति व्यक्ति लगभग 0.5 हेक्टेयर वन है। भारत ने कुल वन क्षेत्रफल के मामले में दुनिया भर में नौवें स्थान पर पहुंचकर महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। पिछले आकलन में भारत 10वें स्थान पर था। भारत ने वन क्षेत्रफल में शुद्ध वार्षिक वृद्धि के मामले में भी दुनिया भर में अपना तीसरा स्थान बरकरार रखा है। इस अभियान की सफलता में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रयासों की अनदेखी नहीं की जा सकती। उनकी दूरदृष्टि और इच्छाशक्ति का ही नतीजा है-
'एक पेड़ मां के नाम' अभियान। प्रधानमंत्री मोदी ने पिछले साल पांच जून को विश्व पर्यावरण दिवस पर हर नागरिक से एक पौधा मां के नाम रोपने की अपील की थी। प्रधानमंत्री ने देशवासियों को पर्यावरण संरक्षण के साथ अपनी मां या धरती मां को सम्मान देने के लिए प्रेरित किया। प्रधानमंत्री को सचमुच कुछ भूलता नहीं है। उन्हें अपना अभियान याद रहा। उन्होंने इस साल भी पांच जून को 'एक पेड़ मां के नाम 2.0' अभियान का देश से आह्वान किया। इस अभियान से स्कूल, सरकारी विभाग और आम जन सीधे जुड़े हैं। लोग मां के नाम पर पौधे रोपकर उनकी देखभाल कर रहे हैं। पौधरोपण या वृक्षारोपण को प्रोत्साहित करने का उनका यह भावनात्मक आह्वान सचमुच कारगर साबित हो रहा है। एफएओ भुखमरी को दूर करने और वन सहित विभिन्न प्राकृतिक संसाधनों के सतत प्रबंधन को बेहतर बनाने के अंतरराष्ट्रीय प्रयासों की अगुवाई करती है। जीएफआरए दुनिया भर में वनों की स्थिति का एफएओ के माध्यम से किया गया आवधिक आकलन होता है। यह आकलन वन क्षेत्र, परिवर्तन, प्रबंधन और उपयोग से संबंधित व्यापक आंकड़े प्रदान करता है। नवीनतम जीएफआरए के अनुसार, विश्व का कुल वन क्षेत्र लगभग 4.14 बिलियन हेक्टेयर है। यह कुल भूमि क्षेत्र का लगभग 32 प्रतिशत है और इसमें प्रति व्यक्ति लगभग 0.5 हेक्टेयर वन है। वैश्विक स्तर पर भारत में लगभग 72,739 हजार हेक्टेयर वन क्षेत्र है। यह विश्व के कुल क्षेत्रफल का लगभग दो प्रतिशत है। आंकड़ों के अनुसार, यूरोप में सबसे बड़ा वन क्षेत्र है। यह दुनिया के कुल वन क्षेत्र का 25 प्रतिशत है। दक्षिण अमेरिका में वनों का अनुपात सबसे अधिक है। यह कुल भूमि क्षेत्रफल का 49 प्रतिशत है। दुनिया के आधे से अधिक (54 प्रतिशत) वन केवल पांच देशों रूस, ब्राजील, कनाडा, संयुक्त राज्य अमेरिका और चीन में हैं। वन अधिकार अधिनियम, 2006 भारत में वनों को दो श्रेणियों में विभाजित करता है। एक प्राकृतिक रूप से पुनर्जीवित और दूसरी रोपित। रोपित वनों के विस्तार में भारत की सफलता अभूतपूर्व है। बांस के बागान का उदाहरण समझें। वैश्विक स्तर पर अनुमानित रूप से कुल 30.1 मिलियन हेक्टेयर में बांस बागान फैले हैं। इसमें से 21.2 मिलियन हेक्टेयर (70 प्रतिशत) एशिया में है। भारत में 11.8 मिलियन हेक्टेयर क्षेत्र है। वर्ष 1990 और 2025 के बीच बांस के जंगलों का वैश्विक क्षेत्रफल 8.05 मिलियन हेक्टेयर बढ़ा है। इसका मुख्य कारण चीन और भारत में हुई वृद्धि है। इसी तरह कुल 831 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में रबर के बागानों के साथ भारत दुनिया भर में पांचवें स्थान पर है और वैश्विक स्तर पर रबर के बागानों के कुल क्षेत्रफल 10.9 मिलियन हेक्टेयर में योगदान देता है। भारत और इंडोनेशिया को मिलाकर एशिया में कृषि वानिकी के तहत आने वाले कुल क्षेत्र का लगभग शत-प्रतिशत हिस्सा आता है। इसका कुल क्षेत्रफल लगभग 39.3 मिलियन हेक्टेयर है। भारत और इंडोनेशिया मिलकर वैश्विक स्तर पर कृषि वानिकी के तहत आने वाले कुल क्षेत्र का लगभग 70 प्रतिशत हिस्सा बनाते हैं। यह लगभग 55.4 मिलियन हेक्टेयर है।

# भागवत की नई दृष्टि और समरस भारत की परिकल्पना

**ललित गर्ग**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को प्रायः हिंदूवादी संगठन के रूप में देखा जाता रहा है, परंतु वस्तुतः वह केवल एक धार्मिक या सांप्रदायिक संगठन नहीं, बल्कि भारतीयता और राष्ट्रीयता की जीवंत चेतना का प्रतीक है। संघ की मूल प्रेरणा "वसुधैव कुटुम्बकम" के भाव से उपजी है, जो भारत की सनातन संस्कृति की आत्मा है। इसी दृष्टि का विस्तार संघ प्रमुख डॉ. मोहन भागवत के हालिया बेंगलुरु वक्तव्य में परिलक्षित हुआ, जब उन्होंने खुले हृदय से कहा कि 'ईसाई और मुसलमान भी संघ में शामिल हो सकते हैं'। यह कथन न केवल साहसिक है बल्कि यह नए भारत, विकसित भारत और संतुलित भारत की सोच का परिचायक भी है। संघ में मुस्लिम, ईसाई समेत किसी भी संप्रदाय के लोगों के स्वागत की भागवत के वक्तव्य की व्यापक चर्चा होना स्वाभाविक है। लेकिन यह वक्तव्य संघ की व्यापक सोच का भी परिचायक है और उसके प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाया जाना चाहिए।
मोहन भागवत का यह वक्तव्य संघ की विचारधारा में निहित उस भारतीय दर्शन की पुनः पुष्टि करता है जिसमें धर्म का अर्थ संप्रदाय नहीं बल्कि जीवन-मूल्यों का समुच्चय है। संघ के लिए हिंदुत्व किसी धर्म विशेष का नाम नहीं, बल्कि जीवन जीने की वह पद्धति है जिसमें समरसता, सह-अस्तित्व, करुणा और राष्ट्रनिष्ठा के तत्व समाहित हैं। यही कारण है कि संघ की दृष्टि में 'हिंदुत्व' का अर्थ भारतीयता है अर्थात भारत की संस्कृति, परंपरा, इतिहास, संवेदना और जीवनशैली से आत्मीय जुड़ाव। ऐसा नहीं है कि इसके पहले संघ में विभिन्न संप्रदायों के लोगों को आने की अनुमति नहीं थी, यह अनुमति पहले से है और सच तो यह है कि उसके कार्यक्रमों में विभिन्न संप्रदायों के लोग आते भी रहे हैं। इनमें मुस्लिम और ईसाई भी हैं। इस सबके बाद भी धारणा यह भी है कि संघ के कार्यक्रमों में केवल हिंदू संप्रदाय के लोग शामिल होते हैं। इस धारणा का कारण यह है कि हिंदू संप्रदाय को लेकर संघ की अपनी विशिष्ट धारणा और परिभाषा है। उसके अनुसार देश में रहने वाले सभी लोग हिंदू ही हैं, भले ही उनका संप्रदाय और उनकी उपासना पद्धति कुछ भी हो। संघ की ओर से बार-बार यह स्पष्ट किया गया है कि चूंकि इस देश में रहने वाले समस्त लोगों के पूर्वज हिंदू ही थे, इसलिए वह सभी को हिंदू के रूप में देखता, मानता और संबोधित करता है। आखिर इस अवधारणा में कठिनाई क्या है?
संघ के दूसरे सरसंघचालक गुरुजी गोलवलकर ने कहा था, 'हिंदुत्व केवल धर्म नहीं, वह संस्कृति है, जीवन का एक दृष्टिकोण है।' इसी सूत्र को आगे बढ़ाते हुए मोहन भागवत स्पष्ट करते हैं कि हिंदुत्व किसी जाति, भाषा, मजहब या सीमित परंपरा का नाम नहीं है। संघ यह मानता है कि भारत में रहने वाले सभी लोग, चाहे वे किसी भी पंथ या विश्वास से जुड़े हों, इस धरती के सांस्कृतिक उत्तराधिकारी हैं। इसीलिए वे भारतीय हैं और इस दृष्टि से 'हिंदू' अर्थात इस भूमि की सभ्यता के उत्तराधिकारी। संघ की दृष्टि में 'हिंदू' शब्द धार्मिक पहचान से अधिक सांस्कृतिक अवधारणा है। यह भारतीय जीवन का पर्याय है, जो समानता, सहिष्णुता और एकात्मता में विश्वास करता है। यही भाव 'सर्वे भवन्तु सुखिनः' और 'एकं सत विप्रा बहुधा वदन्ति' जैसे मंत्रों में प्रतिध्वनित होता है।
आज की राजनीति में समाज को जाति, धर्म और भाषा के आधार पर बाँटने का जो विषवमन चल रहा है, उससे राष्ट्र की एकात्मता को गहरी चोट पहुँच रही है। संघ का उद्देश्य इस विभाजनकारी मानसिकता के प्रतिरोध में खड़ा होना है। मोहन भागवत का यह वक्तव्य इसी विषहरण की प्रक्रिया का हिस्सा है, एक ऐसी पुकार जो समाज के हर वर्ग को यह विश्वास दिलाती है कि राष्ट्र की आत्मा किसी संकीर्ण धार्मिक पहचान में नहीं, बल्कि साझा सांस्कृतिक चेतना में निहित है। संघ के लिए राष्ट्र ही सर्वोच्च देवता है। इस राष्ट्रभक्ति के केंद्र में धर्मनिरपेक्षता नहीं बल्कि धर्मसम्मतता है अर्थात ऐसी आस्था जो सभी मतों का सम्मान करती है। इसी भाव से प्रेरित होकर संघ अपने कार्यकर्ताओं को 'हिंदू समाज की सेवा के माध्यम से समग्र भारतीय समाज की एकता' का लक्ष्य देता है।
भागवत का यह संदेश उस भारत की परिकल्पना करता है जिसमें मतभेद तो हो सकते हैं, पर मनभेद नहीं। वे मानते हैं कि 'जो भी इस भूमि में जन्मा है, उसका पूर्वज कोई न कोई हिंदू ही रहा है।' यह कथन ऐतिहासिक नहीं, सांस्कृतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है। यह इस तथ्य की ओर संकेत करता है कि भारत की सभ्यता का मूल एक ही रहा है, जिसने विविध रूपों में विकसित होकर अनेक धर्मों और संप्रदायों को जन्म दिया। इस संदर्भ में भागवत का दृष्टिकोण गांधीजी की उस संकल्पना से मेल खाता है जिसमें उन्होंने कहा था- 'मेरा हिंदुत्व सबको समेटने वाला है, किसी को बाहर करने वाला नहीं।' यही समावेशी भाव राष्ट्र की एकता का आधार बन सकता है। यदि संघ इस पर बल देता है कि उसका उद्देश्य हिंदुओं को संगठित करना है तो इसका अर्थ यही भी है कि वह सभी भारतीयों को संगठित करके एक सशक्त राष्ट्र की परिकज्पना करता है। कठिनाई यह है कि उसके विरोधी यह प्रचारित करने का कोई अवसर नहीं छोड़ते कि वह तो केवल हिंदू समाज का संगठन है। चूंकि यह दुष्प्रचार बड़े पैमाने पर हो रहा है, इसलिए आवश्यक हो जाता है कि संघ के स्तर एवं अन्य स्तरों पर इन देश तोड़क स्थितियों एवं दुष्प्रचार का स्पष्टीकरण होता रहे।
संघ को लेकर फैलायी जा रही यह भ्रांति एवं गुमराह पूर्ण स्थितियों का खुलासा होना जरूरी है कि संघ संप्रदाय विशेष के लोगों को एकजुट करने का कार्य कर रहा है। यदि यह मिथ्या धारणा दूर हो सके तो संघ का कार्य और अधिक आसान एवं सृजनात्मक हो जाएगा, लेकिन यह मानकर चला जाना चाहिए कि संघ के विरोधी उसके बारे में दुष्प्रचार करने में कोई कसर नहीं छोड़ रखी है। जो भी हो, संघ प्रमुख ने यह कहकर एक तरह से अपने विरोधियों और आलोचकों की ओर मित्रता का हाथ बढ़ाया है कि उसके कार्यक्रमों में सभी संप्रदायों के लोग आ सकते हैं, लेकिन केवल भारत माता के पुत्र के रूप में। उनकी इस पहल का सकारात्मक उत्तर दिया जाना चाहिए, उसका व्यापक स्तर पर स्वागत भी होना चाहिए। लेकिन बड़ी विडंबना यह है कि कुछ लोग भारत को माता के रूप में स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं। क्या यह किसी से छिपा है कि संकीर्ण राजनीतिक कारणों से भारत माता की जय कहने से बचा जाता है? पिछले दिनों इसी संकीर्ण दृष्टि के कारण वंदे मातरम के विरोध में स्वर सुनाई दिए।
इक्कीसवीं सदी का भारत केवल आर्थिक या तकनीकी महाशक्ति नहीं बनेगा, यदि उसके भीतर मानसिक और सांस्कृतिक एकता का सूत्र न हो। संघ इसी सूत्र को मजबूत करने का कार्य कर रहा है। भागवत का संदेश भारत के बहुलतावाद और धार्मिक विविधता में निहित एकता को स्वीकार करता है। यह एक ऐसा आमंत्रण है जो हर नागरिक को यह सोचने के लिए प्रेरित करता है कि 'भारतीयता' हमारी साझा पहचान है, बाकी सब उपाधियाँ हैं। इस दिशा में संघ का दृष्टिकोण 'समरस समाज' की रचना पर केंद्रित है? ऐसा समाज जहाँ मुसलमान, ईसाई, सिख, जैन, बौद्ध, पारसी सभी अपने धर्म का पालन करते हुए भी राष्ट्र को अपनी मातृभूमि मानें और भारतीय संस्कृति के गौरव से जुड़ें। मोहन भागवत के बेंगलुरु वक्तव्य ने हिंदुत्व की परिभाषा को एक व्यापक और आधुनिक संदर्भ दिया है। उन्होंने यह स्पष्ट कर दिया है कि संघ का हिंदुत्व किसी के विरुद्ध नहीं, बल्कि सबके लिए है। यह विभाजन नहीं, समन्वय का सूत्र है। यही सच्ची भारतीयता है- जो विविधताओं में एकता को, विरोध में संवाद को और मतभेद में सह-अस्तित्व को स्वीकार करती है। संघ का यह दृष्टिकोण बताता है कि हिंदुत्व का अर्थ किसी पंथ का वर्चस्व नहीं, बल्कि उस जीवनदर्शन का पुनर्जागरण है जिसमें भारत की आत्मा बसती है। यही भाव राष्ट्र को अखंडता, शांति और विकास के पथ पर अग्रसर करेगा।

# रफ्तार का कहर, कब लगेगा ब्रेक?

**डॉ. प्रियंका सौरभ**

देश की सड़कों पर हर दिन लगभग 400 लोग अपनी जान गंवाते हैं। यह आंकड़ा किसी आपदा या महामारी से नहीं, बल्कि हमारी सड़कों पर व्याप्त अव्यवस्था और लापरवाही से जुड़ा है। अनेक योजनाएं, अभियान और कानून बनने के बावजूद भारत आज भी दुनिया के सबसे अधिक सड़क दुर्घटना मृत्यु दर वाले देशों में गिना जाता है। सवाल यह नहीं कि सरकार ने कुछ किया या नहीं, बल्कि यह है कि हमने सड़क सुरक्षा को कितनी प्राथमिकता दी। यह स्थिति न केवल प्रशासनिक विफलता है, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी और नागरिक संस्कृति की भी परीक्षा है।
देश में सड़क सुरक्षा पर चर्चा अकसर किसी बड़ी दुर्घटना या प्रसिद्ध व्यक्ति के हादसे के बाद तेज होती है, लेकिन कुछ दिनों में सब सामान्य हो जाता है। सड़क सुरक्षा को लेकर जो नीतियां बनती हैं, वे अधिकतर कागजों तक सीमित रह जाती हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, भारत विश्व की कुल सड़क दुर्घटनाओं में मृत्यु का लगभग ग्यारह प्रतिशत अकेले वहन करता है, जबकि हमारे पास विश्व की कुल गाड़ियों का हिस्सा मात्र एक प्रतिशत है। यह असंतुलन किसी भी जिम्मेदार राष्ट्र के लिए चेतावनी है।
सड़क दुर्घटनाओं के पीछे कई गहरे और परस्पर जुड़े कारण हैं। सबसे प्रमुख कारण है-अवसंरचना की गुणवत्ता और डिजाइन में गंभीर खामियां। हमारे अनेक राष्ट्रीय और राज्य राजमार्गों पर संकेतक, डिवाइडर, प्रकाश व्यवस्था और सुरक्षा अवरोधक नहीं हैं। कई बार सड़कों का चौड़ीकरण बिना यातायात प्रवाह के वैज्ञानिक अध्ययन के किया जाता है। छोटे शहरों और ग्रामीण इलाकों में सड़कें वर्षा में टूट जाती हैं और वर्षों तक बिना मरम्मत के उपयोग में रहती हैं। सड़क निर्माण में भ्रष्टाचार और निम्न गुणवत्ता के कारण लोगों को अपनी जान से हाथ धोना पड़ता है।
दूसरा बड़ा कारण है-कमजोर प्रवर्तन प्रणाली। भारत में यातायात नियम तो हैं, पर उनके पालन की संस्कृति नहीं है। तेज गति, गलत दिशा में वाहन चलाना, बिना हेलमेट या सीट बेल्ट के यात्रा करना और नशे की हालत में गाड़ी चलाना आम बात है। पुलिस के पास न तो पर्याप्त संसाधन हैं और न ही तकनीकी प्रशिक्षण कि वे इन नियमों को सख्ती से लागू करा सकें। ई-चालान जैसी पहलें केवल बड़े शहरों तक सीमित रह जाती हैं, जबकि ग्रामीण भारत में यातायात नियंत्रण लगभग नाममात्र का है।
तीसरा कारण है-ड्राइविंग लाइसेंस व्यवस्था की खामियां। भारत में ड्राइविंग लाइसेंस प्राप्त करना कौशल का नहीं, बल्कि प्रक्रिया की औपचारिकता का प्रतीक बन गया है। प्रशिक्षण केंद्रों की कमी और भ्रष्टाचार के कारण बिना समुचित परीक्षण के लाइसेंस जारी कर दिए जाते हैं। परिणामस्वरूप असुरक्षित चालक सड़कों पर उतर जाते हैं। कई देशों में वाहन चलाना एक जिम्मेदारी का प्रतीक माना जाता है, जबकि भारत में यह केवल एक अधिकार की तरह देखा जाता है।
इसके अतिरिक्त, वाहनों की तकनीकी सुरक्षा प्रणाली का अभाव भी दुर्घटनाओं में मृत्यु का बड़ा कारण है। अधिकांश वाहनों, विशेषकर ट्रक, बस और ऑटो श्रेणी में टक्कर-चेतावनी प्रणाली, एयरबैग, या ऊर्जा-अवशोषक ढांचा नहीं होता। विकसित देशों में वाहन निर्माण के समय सुरक्षा प्रावधान अनिवार्य हैं, परंतु भारत में ये केवल महंगे मॉडलों तक सीमित रहते हैं। वाहन उद्योग और नियामक संस्थाओं के बीच जवाबदेही का अभाव स्पष्ट दिखाई देता है।
दुर्घटना के बाद की स्थिति और भी भयावह है। ट्रॉमा केयर और आपातकालीन चिकित्सा व्यवस्था की कमी के कारण घायल व्यक्ति समय पर उपचार नहीं पा पाते। स्वर्णिम घंटा यानी दुर्घटना के बाद का पहला घंटा जीवन बचाने के लिए निर्णायक होता है, परंतु हमारे देश में यह घंटा अकसर सड़कों पर तड़पते हुए बीत जाता है। ग्रामीण इलाकों में एम्बुलेंस सेवा भी सीमित है, और जो है, वे ईंधन या स्टाफ की कमी से प्रभावित रहती है।
सड़क दुर्घटनाओं का आर्थिक पक्ष भी गंभीर है। नीति आयोग के अनुसार, भारत हर वर्ष सड़क दुर्घटनाओं के कारण अपनी सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का लगभग तीन प्रतिशत तक खो देता है। यानी न केवल लोग मर रहे हैं, बल्कि विकास की रफ्तार भी घट रही है। एक व्यक्ति की मृत्यु परिवार, समाज और अर्थव्यवस्था के लिए स्थायी क्षति है। यह केवल आंकड़ों की बात नहीं, बल्कि मानवीय जीवन के सम्मान का प्रश्न है।
अब प्रश्न यह है कि इस स्थिति को बदला कैसे जाए? सबसे पहले तो सड़क सुरक्षा को प्रतिक्रियात्मक नहीं, निवारक नीति के रूप में अपनाना होगा। इसका अर्थ है कि दुर्घटनाओं के बाद कार्रवाई करने के बजाय पहले से ऐसा तंत्र विकसित किया जाए जो दुर्घटनाओं को रोके। इसके लिए सड़क निर्माण, वाहन प्रौद्योगिकी, यातायात प्रबंधन और आपातकालीन सेवाओं में समन्वित दृष्टिकोण आवश्यक है।
पहला कदम होना चाहिए- वैज्ञानिक सड़क डिजाइन और रखरखाव। हर सड़क परियोजना में निर्माण से पहले सड़क सुरक्षा लेखा-परीक्षण अनिवार्य किया जाना चाहिए। सड़कें केवल चौड़ी नहीं, बल्कि सुरक्षित और समझदार हों। संकेतक, गति अवरोधक, क्रैश बैरियर और रात्रि प्रकाश जैसे तत्वों को डिजाइन का अभिन्न भाग बनाना होगा। उदाहरण के लिए, चेन्नई और पुणे जैसे शहरों में शून्य मृत्यु गलियारा योजना के तहत मृत्यु दर में पचास प्रतिशत तक कमी आई है।
दूसरा कदम- लाइसेंस व्यवस्था में सुधार। पासपोर्ट सेवा केंद्र की तरह लाइसेंस सेवा केंद्र बनाकर पारदर्शी, डिजिटल और कौशल आधारित मूल्यांकन किया जा सकता है। प्रत्येक चालक को सड़क सुरक्षा प्रशिक्षण से गुजरना अनिवार्य किया जाए। इससे भ्रष्टाचार घटेगा और योग्य चालक सड़कों पर उतरेंगे।
तीसरा कदम- वाहनों में सुरक्षा प्रौद्योगिकी का प्रसार। सरकार को सभी वाहनों में एयरबैग, सेंसर और टक्कर चेतावनी प्रणाली जैसे फीचर अनिवार्य करने चाहिए। भारत वाहन सुरक्षा मूल्यांकन कार्यक्रम (भारत एनसीएपी) सही दिशा में है, परंतु इसे प्रभावी क्रियान्वयन की आवश्यकता है।
चौथा कदम- पैदल यात्रियों और गैर-मोटर चालित वाहनों के लिए सुरक्षित अवसंरचना का विकास। हमारे शहरों में फुटपाथ अकसर गायब हैं या दुकानों और पार्किंग में बदल जाते हैं। सुरक्षित जेब्रा क्रॉसिंग, फुटओवर पुल और संकेत व्यवस्था से हजारों जानें बचाई जा सकती हैं। कोपेनहेगन और टोक्यो जैसे शहरों की तरह पैदल और साइकिल यात्रियों के लिए समर्पित मार्ग विकसित करने होंगे।
पांचवां कदम- आपातकालीन प्रतिक्रिया नेटवर्क को मजबूत करना। हर पचास किलोमीटर पर ट्रॉमा केंद्र, चौबीस घंटे एम्बुलेंस सेवा और हेल्पलाइन के साथ राष्ट्रीय दुर्घटना प्रतिक्रिया जाल तैयार किया जा सकता है। उपग्रह आधारित प्रणाली से एम्बुलेंस को शीघ्रतम मार्ग मिल सकता है। निजी अस्पतालों को दुर्घटना पीड़ितों को तत्काल प्राथमिक उपचार देने का दायित्व कानूनी रूप से लागू किया जाना चाहिए।
साथ ही, जन-जागरुकता का पहलू भी उतना ही महत्वपूर्ण है। सड़क सुरक्षा केवल सरकार की नहीं, बल्कि नागरिकों की जिम्मेदारी भी है। विद्यालय स्तर पर सड़क सुरक्षा शिक्षा, हेलमेट और सीट बेल्ट अभियान, तथा मीडिया के माध्यम से निरंतर जनसंवाद से व्यवहार में परिवर्तन लाया जा सकता है। जब तक नागरिक स्वयं जिम्मेदारी नहीं लेंगे, तब तक कोई भी नीति स्थायी परिणाम नहीं दे पाएगी।
कई देशों में सड़क सुरक्षा को राष्ट्र-निर्माण का अंग माना गया है। स्वीडन की विजन जीरो नीति इसका उदाहरण है, जहां 1997 से यह लक्ष्य रखा गया कि किसी को भी सड़क पर मरना नहीं चाहिए। अंततः यह स्वीकार करना होगा कि भारत की सड़क सुरक्षा समस्या केवल अवसंरचना की नहीं, बल्कि मानसिकता की भी है। जब तक लोग स्वयं अनुशासन को अपनाने और दूसरों के जीवन का सम्मान करने नहीं सीखेंगे, तब तक कोई भी कानून कारगर नहीं होगा। सड़क सुरक्षा को राजनीतिक नारे से आगे बढ़ाकर सामाजिक आंदोलन बनाना होगा।

**(लेखिका, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

## सूडोकु नवताल- 7610

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | | | 8 | | | | 9 |
| | | | | | | | | |
| | | 8 | 6 | | 9 | 5 | | |
| 6 | 5 | | | 4 | | | 7 | 1 |
| | 4 | | | | | | 2 | |
| 1 | 2 | | | 6 | | | 9 | 8 |
| | | 6 | 4 | | 5 | 8 | | |
| | | | | | | | | |
| 9 | | | | 1 | | | | 7 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -7609 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | 4 | 3 | 9 | 7 | 5 | 1 | 6 |
| 3 | 5 | 6 | 1 | 4 | 2 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 9 | 7 | 6 | 5 | 8 | 2 | 3 | 4 |
| 9 | 6 | 2 | 5 | 8 | 3 | 1 | 4 | 7 |
| 5 | 3 | 1 | 4 | 7 | 9 | 8 | 6 | 2 |
| 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 9 | 5 | 3 |
| 2 | 8 | 3 | 9 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 6 | 1 | 5 | 7 | 2 | 4 | 3 | 9 | 8 |
| 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | 2 | 1 |


# सट्टा बाजार बिहार में बनवा रहा है एनडीए सरकार!

**संजय सक्सेना**

बिहार विधान सभा चुनाव के पहले चरण के मतदान ने 121 सीटों पर रिकॉर्ड तोड़ 64.66 प्रतिशत वोटिंग के चलते चुनावी नतीजों का गणित लगाने वालों ने अपना सिर पीटना शुरू कर दिया है। बड़े से बड़े राजनीति के जानकार और पत्रकार भी अपनी रिपोर्ट बैलेंस करके लिख रहे हैं,लेकिन रिकार्ड तोड़ वोटिंग के चलते आने वाले परिणामों को लेकर सट्टा बाजार पूरी तरह से निश्चिंत है। सट्टा बाजार को यह रुझान महाराष्ट्र 2024 के एनडीए तूफान की याद दिला रहा है और सट्टा बाजार में हलचल मचा दी है। सट्टा बाजार के जानकार महागठबंधन की सरकार बनने की संभावनाओं को लगभग शून्य करार दे रहा हैं। पहले चरण के मतदान के बाद अनुमान है कि 243 सदस्यीय विधानसभा में एनडीए 145-150 से अधिक सीटें जीत सकता है,जो उसके 2010 के सर्वाधिक प्रदर्शन को भी पार कर सकता है और तेजस्वी यादव के गठबंधन को शर्मनाक हार की ओर धकेल सकता है।
इस बार की भागीदारी बिहार के चुनावी इतिहास में सबसे अधिक रही है। 2020 के कोरोना महामारी के समय 57.29 प्रतिशत की तुलना में इस बार पूरे 7.37 प्रतिशत अंक अधिक। इससे एनडीए खेमे में जोश भर गया है। बेगूसराय (67.32फीसदी) और मुजफ्फरपुर (मीनापुर जैसे क्षेत्रों में 73 फीसदी से अधिक) जैसे जिलों में महिलाओं की लंबी कतारें दिखीं, जिसे बीजेपी नेताओं ने अपनी कल्याण योजनाओं के समर्थन के रूप में देखा है। कहा जा रहा है बिहार में महाराष्ट्र दोहराया जा रहा है, मुंबई के एक सट्टेबाज ने जो कहा वह बीजेपी-नेतृत्व वाले गठबंधन की 2024 महाराष्ट्र की निर्णायक जीत की याद दिला रहा था, जिसने एंटी-इनकंबेंसी को दरकिनार कर विपक्ष को चकनाचूर कर दिया था। एनडीए खेमे के अंदरूनी सूत्रों के अनुसार, पहले चरण की 121 सीटों में से लगभग 100 सीटों पर बढ़त के संकेत हैं, और यह लहर 11 नवंबर को होने वाले दूसरे चरण तक जारी रह सकती है।
मुंबई और दिल्ली के सट्टा बाजार, जो हमेशा कानूनी धुंध में काम करते हैं, में 06 नवंबर के मतदान के बाद समीकरण काफी बदल गए हैं। पहले महागठबंधन सीमांचल और मिथिलांचल जैसे जातीय रूप से विभाजित इलाकों में मामूली बढ़त पर था, लेकिन 06 नवंबर की जबरदस्त वोटिंग ने विपक्षी दांव को तहस-नहस कर दिया। एक अनुभवी सट्टेबाज ने बताया, एनडीए की जीत की संभावनाएं अब 75-80 प्रतिशत तक पहुंच चुकी हैं, जबकि महागठबंधन की सीटों का अनुमान 80 से नीचे गिर गया है। खासकर अगर बाकी 122 सीटों पर ईबीसी और दलित मतदाताओं की भागीदारी बनी रही तो। सट्टा बाजार के कारोबारी अब एनडीए पर बड़े पैमाने पर दांव लगा रहे हैं, जिसका श्रेय प्रधानमंत्री मोदी के जोशीले अभियान और नीतीश कुमार की जातीय समीकरणों पर मजबूत पकड़ को दिया जा रहा है। वहां भी नवंबर 2024 में महिला और शहरी मतदाताओं की अभूतपूर्व भागीदारी ने बीजेपी-महायुति गठबंधन को जोरदार वापसी दिलाई थी, जिससे एक्जिट पोल ध्वस्त हो गए और महा विकास अघाड़ी की उम्मीदें खत्म हो गईं।
बिहार में गंगा के दक्षिण के हाई-स्टेक इलाकों में, जहां 2020 में महागठबंधन को 61-59 की मामूली बढ़त मिली थी, अब एनडीए का जोश चरम पर है।मोदी की कल्याण योजनाओं की बाढ़ और नीतीश की स्थानीय रसायनशास्त्र मिलकर एक बार फिर वही कहानी लिख रहे हैं एंटी-इनकंबेंसी की कोई गुंजाइश नहीं, एक वरिष्ठ बीजेपी रणनीतिकार ने कहा। इस बीच विपक्ष संभलने की कोशिश में है, तेजस्वी यादव की पक्की जीत की घोषणा अब खोखली लग रही है, जबकि आरजेडी की धांधली की शिकायतें चुनाव आयोग ने निराधार बताकर खारिज कर दी हैं।
सट्टा बाजार का मूड सिर्फ रुझान नहीं बल्कि आकार का संकेत दे रहा है। बिहार के 3.75 करोड़ मतदाता एक और रिकॉर्ड तोड़ भागीदारी के लिए तैयार हैं। सट्टा मॉडलों के अनुसार, एनडीए 150-160 सीटों के करीब पहुंच सकता है, विपक्ष के यादव-मुस्लिम गढ़ों में सेंध लगाते हुए और जन सुराज की सीमित उपस्थिति को पीछे छोड़ते हुए। प्रशांत किशोर की नई पार्टी, जो 239 सीटों पर चुनाव लड़ रही है, कुछ असर डाल सकती है, पर सत्ता समीकरण बदलने की ताकत नहीं रखती। एक सट्टेबाज ने कहा, अगर दूसरा चरण भी ऐसा ही रहा, खासकर ईबीसी बहुल और महिला मतदाता वाले क्षेत्रों में तो हम बिहार की राजनीति के नए समीकरण का साक्षी बनने जा रहे हैं। उधर, महागठबंधन समर्थक, जो कांग्रेस के 80 सीटों के दावे से उत्साहित हैं, कहते हैं कि उच्च मतदान परिवर्तन का संकेत है, लेकिन सट्टा बाजार की फुसफुसाहट कुछ और ही कहानी बयां कर रही है।
14 नवंबर की मतगणना से पहले निगाहें अब सीमांचल की सीमाओं, महिलाओं की 4-5 प्रतिशत अतिरिक्त भागीदारी और प्रवासी मतदाताओं वाले क्षेत्रों में एनडीए की बढ़त पर टिक गई हैं। बीजेपी-जेडीयू गठबंधन के लिए यह सिर्फ सत्ता बरकरार रखने की बात नहीं, बल्कि पुनर्निर्माण का क्षण है, महाराष्ट्र की तरह एक और सुनामी जो मोदी की पूर्वी दुर्ग को और मजबूत कर सकती है। वहीं महागठबंधन के लिए यह करो या मरो की लड़ाई है, दूसरा चरण कमजोर रहा तो लहर नहीं, बल्कि पूरा सफाया होगा।

## दैनिक पंचांग

**11 नवम्बर 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | तुला में | वृश्चिक | 06.39 ब.से |
| चंद्र | कर्क में | धनु | 08.55 बजे से |
| मंगल | वृश्चिक में | मकर | 11.00 बजे से |
| बुध | वृश्चिक में | कुंभ | 12.47 बजे से |
| गुरु | कर्क में | मीन | 14.20 बजे से |
| शुक्र | तुला में | मेष | 15.50 बजे से |
| शनि | मीन में | वृष | 17.30 बजे से |
| राहु | कुंभ में | मिथुन | 19.28 बजे से |
| केतु | सिंह में | कर्क | 21.42 बजे से |
| राहुकाल 3.00 से 4.30 बजे तक | | सिंह | 23.58 बजे से |
| | | कन्या | 02.10 बजे से |
| | | तुला | 04.21 बजे से |

**मंगलवार** 2025 वर्ष का 315 वा दिन
**दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** शरद।
**विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947
**मास** मृगशीर्ष (दक्षिण भारत में कार्तिक) **पक्ष** कृष्ण
**तिथि** सप्तमी 23.10 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** पुष्य 18.18 बजे को समाप्त।
**योग** शुभ 09.45 बजे को समाप्त।
**करण** विष्टि 11.33 बजे तदनन्तर बव 23.10 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 20.5 घण्टे
**रवि क्रान्ति** दक्षिण 17° 26'
**सूर्य** दक्षिणायन
**कलि अहर्गण** 1872525
**जूलियन दिन** 2460990.5
**कलियुग संवत्** 5126
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2552
**हिजरी सन्** 1447
**महीना** जमादि उल्लावल
**तारीख** 19

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रोग | 05.53 से | 07.22 बजे तक | काल | 05.42 से | 07.13 बजे तक |
| उद्वेग | 07.22 से | 08.15 बजे तक | लाभ | 07.13 से | 08.45 बजे तक |
| चर | 08.15 से | 10.19 बजे तक | उद्वेग | 08.45 से | 10.16 बजे तक |
| लाभ | 10.19 से | 11.48 बजे तक | शुभ | 10.16 से | 11.48 बजे तक |
| अमृत | 11.48 से | 01.16 बजे तक | अमृत | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| काल | 01.16 से | 02.45 बजे तक | चर | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| शुभ | 02.45 से | 04.13 बजे तक | रोग | 02.51 से | 04.22 बजे तक |
| रोग | 04.13 से | 05.42 बजे तक | काल | 04.22 से | 05.54 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

# सभी स्कूलों में पेयजल और शौचालय की हो सुविधा : डीसी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रामगढ़ :** शिक्षा विभाग द्वारा रामगढ़ जिले में किए जा रहे कार्यों को लेकर सोमवार को उपायुक्त रामगढ़ फैज अक अहमद मुमताज की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान उपायुक्त के द्वारा मध्यान भोजन अंतर्गत संचालित कार्यों की समीक्षा की गई। इस दौरान उनके द्वारा निर्धारित रोस्टर के अनुरूप बच्चों को मध्यान भोजन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। मध्यान भोजन अंतर्गत कार्यरत रसोइयों का आयुष्मान कार्ड व पेंशन संबंधित कार्यों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने शेष बचे रसोइयों का आयुष्मान कार्ड बनवाने व उनके पेंशन शुरू करने को लेकर गंभीरता पूर्वक कार्य करने एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी के साथ समन्वय करने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। विद्यालयों में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं यथा पेयजल, शौचालय आदि की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने जिन विद्यालयों में जलापूर्ति की उपलब्धता नहीं है उन्हें चिन्हित कर कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल से समन्वय करते हुए तत्काल रूप से कार्य करने एवं जल्द से जल्द सभी विद्यालयों में जलापूर्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान उपायुक्त के द्वारा बच्चों के बीच किताबें, यूनिफॉर्म, स्कूल बैग आदि उपलब्ध कराने के तहत अब तक हुए कार्यों की समीक्षा करते हुए इस संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इन सब के अलावा बैठक के दौरान उपायुक्त ने शिक्षा का अधिकार अधिनियम, छात्रवृत्ति, खेलो झारखंड, मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय, प्रखंड स्तरीय आदर्श विद्यालय आदि की भी समीक्षा करते हुए सफल संचालन को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। बैठक के दौरान उप विकास आयुक्त, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी, अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारियों सहित अन्य उपस्थित थे।

## एक नजर

### प्रबंधन विभाग में भाषण प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**रामगढ़ :** सोमवार को राधा गोविन्द विश्वविद्यालय के प्रबंधन विभाग में एक सफल उद्यमी कैसे बने इस विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रबंधन विभाग के छात्र-छात्राओं के बीच आयोजित इस प्रतियोगिता के विजेता कोमल, कृती और आलिया रहे। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य प्रबंधन विभाग के विद्यार्थियों का आत्मविश्वास बढ़ाना था। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी. एन. साह ने प्रतियोगिता के विजेताओं को बधाई दी और नए विद्यार्थियों को आगे बढ़ने की शुभकामनाएं दीं। मौके पर विश्वविद्यालय सचिव प्रियंका कुमारी, कुलपति प्रो. (डॉ.) रश्मि, कुलसचिव प्रो. (डॉ.) निर्मल कुमार मंडल, वित्त एवं लेखा पदाधिकारी डॉ. संजय, परीक्षा नियंत्रक प्रो. (डॉ.) अशोक कुमार,प्रबंध समिति के अजय कुमार विभाग के व्याख्याता डॉ. प्रशांत कुमार, मो. रिजवान नूरी, कुंदन कुमार और छात्र- छात्राएं उपस्थित थे।

### बरही अनुमंडलीय अस्पताल में चिकित्सकों का रोस्टर कार्य जारी

**बरही :** बरही अनुमंडलीय अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ प्रकाश ज्ञानी ने सप्ताह के सातो दिनों का चिकित्सकों का रोस्टर जारी किया है। प्रत्येक दिन 9 डॉक्टरों की ड्यूटी लगाई गई है। ओपीडी के लिए दो चिकित्सक, ट्रामा सेंटर के लिए एक चिकित्सक, आपरेशन थियेटर के लिए चार चिकित्सक, ओपीडी के बाद 3 बजे से रात 9 बजे तक एक चिकित्सक और नाइट ड्यूटी में रात्रि 9 बजे से सुबह 9 बजे एक चिकित्सक प्रतिदिन कार्य करेंगे। उपाधीक्षक ने कहा है कि जबतक दूसरे चिकित्सक रोस्टर के अनुसार ड्यूटी पर नहीं आ जाते तब तक पहले से कार्यरत चिकित्सक अपने कार्य पर बने रहेंगे। रोस्टर के अनुसार ड्यूटी पर नहीं आने वाले चिकित्सकों को अनुपस्थित माना जाएगा तदनुसार कार्रवाई की जाएगी।

COURT NOTICE

I, Surendra Giri, S/o Late Ganesh Giri, aged 71 years, R/o House No. 5F, Shakti Nagar, Baridih Basti, P.O. Baridih, P.S. Sidhgora, Jamshedpur, District East Singhbhum, Jharkhand, hereby inform that my youngest son Shri Akhilesh Kumar Giri and his wife Smt. Roshni Kumari left my residence in 2019 and are living separately at an unknown place.Due to his negligent and irresponsible behavior towards his parents, I have disowned and debarred him from all my movable and immovable properties.From this date onwards, I and my family shall not be responsible for any act, transaction, loan, or liability incurred by Shri Akhilesh Kumar Giri.The general public is hereby cautioned not to deal with him in respect of any property in my or my family's name. Anyone doing so shall do it at their own risk and responsibility.Sd/- (Surendra Giri) S/o Late Ganesh Giri R/o House No. 5F, Shakti Nagar, Baridih Basti,P.O. Baridih, P.S. Sidhgora, Jamshedpur,District East Singhbhum, Jharkhand.
Date: 01.11.2025
Place: Jamshedpur

## डीसी की अध्यक्षता में जिला स्थापना एवं अनुकंपा समिति की बैठक संपन्न



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सिमडेगा :** उपायुक्त सिमडेगा कंचन सिंह की अध्यक्षता में जिला स्थापना समिति एवं अनुकंपा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न सेवा और अनुकंपा नियुक्ति से संबंधित मामलों पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। अनुकंपा नियुक्ति से संबंधित कुल 16 मामलों पर विचार किया गया, जिसमें से 10 मामलों को स्वीकृति दी गई। एक मामले में उम्र की जांच हेतु विभागीय विचार का निर्देश दिया गया, एक मामले में आश्रित प्रमाण पत्र की मांग की गई, दो मामलों पर विभागीय सत्यापन की आवश्यकता बताई गई तथा दो मामलों को अस्वीकृत किया गया। इसके अलावा सेवा संपुष्टि से संबंधित कुल 11 मामलों पर विचार कर सभी को स्वीकृति प्रदान की गई। वहीं 16 एसीपी/एमएसीपी मामलों को भी स्वीकृति दी गई। अंतर जिला स्थानांतरण से संबंधित प्राप्त आवेदनों पर आवश्यक कार्रवाई हेतु निर्णय लिया गया। बैठक में अपर समाहर्ता ज्ञानेन्द्र, अनुमंडल पदाधिकारी प्रभात रंजन ज्ञानी सहित स्थापना शाखा के कर्मी उपस्थित रहे।

## बोलबा में पांच वर्षीय बच्चे पर टांगी से हमला, आरोपी की गिरफ्तारी की मांग

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोलबा :** प्रखंड के प्रमुख सुनीता केरकेट्टा के 5 वर्षीय पुत्र एडिशन केरकेट्टा को गांव के ही रोशन केरकेट्टा नामक व्यक्ति ने टांगी से मार कर किया घायल, सूचना मिलते ही कोलेबिरा विधायक प्रतिनिधि समी आलम एवं प्रमुख संघ के जिला अध्यक्ष विपिन पंकज मिंज फौरन अस्पताल पहुंचे एवं घायल बच्चे का हाल-चाल जाना एवं डॉक्टर से मिलकर हाल-चाल जानते हुए बेहतर इलाज करने का आग्रह किया साथ ही थाना प्रभारी से भी आग्रह किया कि ऐसे कुकृत्य में जिसका भी हाथ है, वह बक्सा नहीं जाना चाहिए एक बच्चे पर जानलेवा हमला यह गंभीर मामला है, अमानवीय है इस पर सख्त से सख्त कार्रवाई करने की मांग की। अस्पताल में थाना प्रभारी बोलबा, एसपी कार्यालय के जांच अधिकारी, सहबाज अली एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

### सिमडेगा विधायक प्रतिनिधि घायल बच्चे से मिलने सदर अस्पताल पहुंचे, बेहतर ईलाज का जताया भरोसा

**सिमडेगा :** सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा जी के निदेर्शानुसार जिला विधायक प्रतिनिधि संतोष कुमार सिंह एवं नगर अध्यक्ष अरसद हुसैन बोलबा प्रमुख के 5 वर्षीय पुत्र को टांगी से मार कर घायल की सूचना पर सदर अस्पताल पहुंचकर घायल बच्चे का हाल-चाल जाना। परिजनों को बेहतर स्वास्थ्य व्यवस्था का आश्वासन दिया। डॉक्टर से मिलकर बच्चे की स्वास्थ्य स्थिति जानते हुए बेहतर इलाज करने का आग्रह किया। साथ ही पुलिस प्रशासन से आग्रह किया कि ऐसे कुकृत्य में जिसका भी हाथ है, वह बक्सा नहीं जाना चाहिए। एक बच्चे पर जानलेवा हमला यह गंभीर मामला है, अमानवीय है इस पर सख्त से सख्त कार्रवाई करने की मांग की।

## शाकद्वीपीय ब्राह्मण महासभा रामगढ़ का 28वां स्थापना दिवस उत्सवपूर्वक संपन्न

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रामगढ़ :** शाकद्वीपीय ब्राह्मण महासभा रामगढ़ के 28 वें स्थापना दिवस पर बिजुलिया रामगढ़ स्थित गायत्री पीठ मंदिर में नौ नवम्बर को वार्षिक सम्मेलन का आयोजन उत्सव के रूप में किया गया। सार्वभौम शाकद्वीपीय ब्राह्मण महासंघ झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष मनोज मिश्र के नेतृत्व में आयोजित यह सम्मेलन सार्वभौम शाकद्वीपीय ब्राह्मण महासंघ झारखंड एवं सार्वभौम शाकद्वीपीय ब्राह्मण महासभा के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। भगवान सूर्य की आराधना से सम्मेलन आरंभ हुआ। इससे पहले आरती-हवन में समाज के लोग उमड़े। उनके बीच भोग बांटे गए। फिर समारोह में मग विभूतियों को सम्मानित किया गया। उन्हें सम्मान पत्र, अंग वस्त्र और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। साथ ही अभियंता ऋषिकेश मिश्र की लिखित पुस्तक 'हृदय अलंकरणम का लोकार्पण किया गया। उसके बाद विद्वतजनों ने समाज में उत्पन्न कुरीतियों पर चर्चा करते हुए अपने-अपने विचार रखे। सम्मेलन में झारखंड के विभिन्न जिलों के अलावा बिहार, उत्तर प्रदेश से भी समाज के लोगों का आगमन हुआ। कार्यक्रम में समाज से जुड़े 23 पत्रकारों को हिंदी पत्रकारिता जगत के भीष्म पितामह कहे जाने वाले शब्दों के शिल्पकार पं. बाबुराव विष्णु पराड़कर स्मृति सम्मान से नवाजा गया। पत्रकारों को पं. ज्योतिष कार्यालय गोला के विद्वान सुधाकर मिश्र और भास्कर मिश्र ने शॉल, मोमेंटो और प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर नवाजा। दरअसल पं. बाबुराव विष्णु पराड़कर पं. देवदत्त ज्योतिष कार्यालय गोला के कुलगुरु थे। उन्हीं की स्मृति में यह सम्मान पत्रकारों को भेंट किया गया। मंच संचालन प्रदेश अध्यक्ष मनोज कुमार मिश्र और धन्यवाद ज्ञापन जिला प्रवक्ता महेश मिश्र ने दिया।

## लेप्रोसी केस डिक्टेशन के तहत 12 लाख लोगों का होगा सर्वे, बनी 1157 टीम

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रामगढ़ :** रामगढ़ जिले में 10 से 26 नवंबर तक लेप्रोसी केस डिक्टेशन अभियान चलेगा। इस अभियान के तहत 1233870 लोगों का सर्वे किया जाएगा। इसके लिए 1157 टीमें बनाई गई है। इसमें 205 सुपरवाइजर को जोड़ा गया है। सोमवार को सिविल सर्जन डॉ महालक्ष्मी प्रसाद और जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी तूलिका रानी की ओर से अभियान की शुरूआत की गई। इस अभियान में डीसी फैज अक अहमद मुमताज काफी सक्रिय नजरआए। उन्होंने सभी प्रखण्डों को अपने-अपने माइक्रोप्लान के अनुसार कार्य करने का आदेश दिया। डीसी की ओर से जिले के सभी प्रखण्डों में कुष्ठ रोग खोज अभियान विधिवत रूप से किए जाने का आदेश दिया गया। इस अवसर पर कुष्ठ रोग के बारे में और इससे बचाव से संबंधित जागरूकता पर कहा कि कुष्ठ रोग अभिशाप नहीं हैं यह एक विषाणु माईको बेकटेरियम लेप्रि की ओर से होता हैं। जो नियमित दवा की सेवन से पूर्णतः रोग मुक्त हो जाता हैं। मौके पर सिविल सर्जन डॉ० महालक्ष्मी प्रसाद, और जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी डॉ० तुलिका रानी ने कहा कि वैसे व्यक्ति जिनके शरीर पर कोई दाग-धब्बा जो कि सुन्न हो, कुष्ठ का संभावित मरीज हो सकता हैं। इसकी सूचना तत्काल प्राथमिक स्वा० केन्द्र को देनी चाहिए, जिससे पूर्ण उपचार हो सकें। उन्होंने कहा कि कुष्ठ जागरूकता अभियान चलाया जाना है। साथ ही कुष्ठ रोग घर-घर खोज अभियान चलाया जाना हैं, जो हमारे स्वास्थ्य कार्यकर्ता (आशा, सहिया दीदी / सहिया) संदिग्ध कुष्ठ मामलों का जल्द से जल्द पता लगाने और उनकी पहचान करने के लिए घर-घर जाकर सर्वेक्षण करेंगे।

## रामगढ़ एसपी ने अपराध गोष्ठी में दिए सख्त निर्देश, थाना स्तर पर सुरक्षा व्यवस्था होगी मजबूत

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रामगढ़ :** सोमवार को अजय कुमार, (भा०पु०से०) पुलिस अधीक्षक, रामगढ़ के द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय, रामगढ़ स्थित सभागार कक्ष में अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य रूप से सभी थाना प्रभारी को थाना के प्रवेश/निकाश द्वार पर सी०सी०टी०वी० कैमरा लगाने का निर्देश दिया गया, एंटी क्राईम चेकिंग लगातार स्थान बदल-बदल कर करने, रक्षक एप का उपयोग करते हुए बिटवार क्यू०आर० कोड स्कैन करनें, वाहन चेकिंग का डाटा इन्ट्री करने, एन०डी०पी०एस० एक्ट में जप्त अफीम, मालखान में रखे लावारिस संपत्ति के निष्पादन करने, महिलाओं के सुरक्षा को लेकर सभी थाना / ओ०पी० प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि रात्रि के समय किसी महिला, बच्चों एवं बुजूर्ग को अकेला देख उन्हें हर संभव सहायता प्रदान करते हुए उनके गंतव्य स्थल तक सुरक्षित पहुँचाना सुनिश्चित करेंगे। थाना में आने वाले आम जनता के बैठने, पीने का पानी की समुचित व्यवस्था उनके साथ सौहार्दपूर्ण व्यवहार करने एवं उनके समस्याओं का समाधान करने का भी निर्देश दिया गया। बिट पुलिसिंग को लेकर सभी थाना प्रभारी को पुनः बिटवार पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों का बटवाँरा करते हुए उनकी जिम्मेवारी निर्धारित करने, नकली देशी एवं विदेशी शराब के विरूद्ध कडी कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया गया। इसके उपरांत बैठक में लंबित काण्डों, अतिसंवेदनशील काण्डों (हत्या, पोक्सो, आगजनी, अपराधिक, महिला उत्पीड़न, साइबर धोखाधड़ी, एन०डी०पी०एस०, लूट, डकैती, गृहभेदन, चोरी इत्यादि) की समीक्षा की गई, संगठित अपराध गिरोह एवं संवेदनशील काण्डों में जेल से बाहर निकले अभियुक्तों के विरूद्ध निगरानी प्रस्ताव समपर्ति करने एवं सत्यापन कर निगरानी रखने / चोरी, गृहभेदन एवं डकैती के काण्डों का उद्भेदन करने, प्रत्येक दिन थाना/ओ०पी० प्रभारी के द्वारा थाना में प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों के साथ मॉर्निंग मीटिंग कर टास्किंग करते हुए लंबित काण्डों में अद्यतन काण्ड दैनिकी समर्पित करने तथा लंबित कार्रवाई को पूर्ण करते हुए त्वरित गति से काण्ड का अनुसंधान पूर्ण कर काण्ड को निष्पादित करने, NETGRID (1Gandiva 2.Sudharshan) का प्रयोग करने, लंबित सम्मन, वारण्ट, कुर्की, पास्पोर्ट, चरित्र सत्यापन, पी०जी० पोर्टल, आयोग से संबंधित मामलों, लंबित मालखाना का त्वरित कार्रवाई करते हुए निष्पादित करने, महिला उत्पीड़न (पोक्सो एवं बलात्कार) के मामलों को 02 माह के अन्दर निष्पादन करने, सड़क सुरक्षा से संबंधित उपाय करने एवं जगरूकता अभियान चलाने, हिट एण्ड रन मामलों के पीड़ितो को ससमय मुआवजा दिलवाने, डायल 112 में प्राप्त होने वाले शिकायतों का स-समय निपटारा करें।

## संक्षिप्त खबरें

### राज्य स्थापना दिवस@25झारखंड का कार्यक्रम आज से शुरू

**सिमडेगा :** उपायुक्त सिमडेगा कंचन सिंह के नेतृत्व में जिले में धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती एवं झारखंड राज्य स्थापना दिवस के 25वें वर्षगांठ के उपलक्ष्य में 11 से 15 नवम्बर 2025 तक विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर जिलेभर में जनभागीदारी एवं उत्सव का माहौल रहेगा। कार्यक्रमों की शुरूआत 11 नवम्बर 2025 को "Run for Jharkhand" से होगी, जिसका शुभारंभ प्रातः 7:00 बजे से प्रातः 8बजे तक अल्बर्ट एक्का स्टेडियम, सिमडेगा से किया जाएगा। यह दौड़ परमवीर अल्बर्ट एक्का स्टेडियम से बाजार टांड़-सिमडेगाकॉलेज मोड़-केलाघाघ मोड़-मेन रोडझमहावीर चौक, झूलनसिंह चौक होते हुए पुनः स्टेडियम में समाप्त होगी। इस अवसर पर सभी प्रखंडों के प्रचार रथ को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा, जो जिले के सभी प्रखंडों एवं पंचायतों में जाकर राज्य स्थापना दिवस एवं आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार से जुड़ी जागरूकता फैलाएगा। 12 नवम्बर 2025 को सुबह ए झारखंड कार्यक्रम के अंतर्गत अल्बर्ट एक्का स्टेडियम परिसर में प्रातः 6:00 से 8:00 बजे तक रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा, जिसमें जिले के विद्यालयों के विद्यार्थी तथा शहर की इच्छुक महिलाएं अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सकेगी। वहीं स्ट्रीट डांस का आयोजन भी किया जाएगा। जिसमें विभिन्न विद्यालय के छात्र-छात्राओं, क्षेत्रीय कलाकार, आम जनमानस एवं पदाधिकारी भाग लेंगे। 13 नवम्बर 2025 को Know Your Tourist Place के तहत साइकिल रेस का आयोजन किया जाएगा। यह रेस अल्बर्ट एक्का स्टेडियम से प्रारंभ होकर केलाघाघ पर्यटन स्थल तक जाएगी। इस कार्यक्रम का उद्देश्य जिले के प्रमुख पर्यटन स्थलों के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। सभी जनमानस भाग लेंगे। 14 नवम्बर 2025 को प्रातः 11:00 बजे से 1.00बजे अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में पेंटिंग, क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा, जिसमें विभिन्न विद्यालयों के बच्चे सहित आम जनमानस भाग लेंगे। संध्या समय 5बजे से अपराह्न 7 बजे जतरा कार्यक्रम के तहत सांस्कृतिक झांकियों एवं लोकनृत्य की प्रस्तुति दी जाएगी, जिससे झारखंड की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का प्रदर्शन होगा। जतरा कार्यक्रम अल्बर्ट एक्का स्टेडियम से झूलन सिंह चौक होते हुए नीचे बाजार तथा वापस स्टेडियम तक होंगे। 15 नवम्बर 2025, जो कि धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150 वीं जयंती एवं राज्य स्थापना दिवस@25 झारखंड है, इस दिन जिले एवं सभी प्रखंड मुख्यालयों में स्वतंत्रता सेनानियों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया जाएगा। इसके उपरांत नगर भवन (टाउन हॉल) में विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण किया जाएगा तथा सांस्कृतिक संध्या का आयोजन कर कार्यक्रम का समापन किया जाएगा।

### सीनियर जिला स्तरीय महिला एवं पुरुष कुश्ती प्रतियोगिता सह ट्रायल 12 नवंबर को

**सिमडेगा :** जिला स्तरीय महिला और पुरुष कुश्ती प्रतियोगिता 2025 सह चयन ट्रायल दिनांक 12 नवंबर 2025 को पूर्वाहन 11.00 बजे से कुरडेग के कदम टोली स्थित युवा हब भवन में किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में अपने वजन भार में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को 14 से 16 नवंबर 2025 तक पिपरा पलामू में आयोजित झारखंड महिला और पुरुष राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता 2025 में सिमडेगा जिला टीम का प्रतिनिधित्व करने का अवसर प्राप्त होगा। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले अपने साथ आधार कार्ड और नगर निगम या पंचायत द्वारा निर्गत जन्म प्रमाण पत्र लाना अनिवार्य है। अधिक जानकारी के लिए सिमडेगा जिला कुश्ती संघ के उपाध्यक्ष बलबीर प्रसाद 9934114502 से संपर्क कर सकते है।

### राधा गोविंद विवि में धूमिल जयंती पर धूमिल का साहित्यिक अवदान विषय पर परिचर्चा आयोजित



**रामगढ़ :** सोमवार को हिंदी विभाग द्वारा प्रख्यात प्रगतिशील कवि सुदामा पाण्डेय धूमिल की जयंती के अवसर पर विभाग में धूमिल का साहित्यिक अवदान विषय पर परिचर्चा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने धूमिल की प्रतिनिधि कविताओं का पाठ किया तथा उनकी कविता में निहित जन-चेतना, राजनीतिक दृष्टि और सामाजिक यथार्थ पर विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता विभागाध्यक्ष डॉ. मनमीत कौर ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित कर तथा धूमिल जी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। इस अवसर पर कुलाधिपति बी एन साह का संदेश भी पढ़ा गया, जिसमें उन्होंने कहा— धूमिल की कविता हमें भाषा की सच्चाई और लोकतंत्र की नैतिक जिम्मेदारी की याद दिलाती है। आज जब अभिव्यक्ति का संघर्ष और गहरा होता जा रहा है, धूमिल की कविता और भी प्रासंगिक हो उठती है। विश्वविद्यालय सचिव प्रियंका कुमारी ने अपने संदेश में कहा—धूमिल ने कविता को यथार्थ के धरातल पर खड़ा किया। उनकी पंक्तियाँ हमें यह सिखाती है कि साहित्य तभी सार्थक है, जब वह समाज के संघर्ष और आम आदमी की पीड़ा को स्वर दे सके। वहीं कुलपति प्रो. (डॉ.) रश्मि ने अपने शुभकामना संदेश में कहा- धूमिल की कविताएँ व्यवस्था से सवाल करती हैं। उनका लेखन हमें संवेदनशील, सजग और सच्चे मनुष्य बनने की प्रेरणा देता है। विभागाध्यक्ष डॉ. मनमीत कौर ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि धूमिल की कविता में जो सीधी, साफ और निर्भीक भाषा है, वह हमें आत्म-मंथन के लिए विवश करती है। उनकी कविताएँ केवल पढ़ी नहीं जातीं, बल्कि जी जाती हैं। मौके पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो (डॉ) निर्मल कुमार मंडल, वित्त एवं लेखा पदाधिकारी डॉ संजय कुमार, परीक्षा नियंत्रक प्रो (डॉ) अशोक कुमार, प्रबंध समिति सदस्य अजय कुमार,विभाग के अन्य व्याख्यातागण एवं छात्र- छात्राएं उपस्थित रहे।

### कुष्ठ रोग उन्मूलन हेतु जागरूकता रथ को उपायुक्त ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**सिमडेगा :** राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के तहत जिले में कुष्ठ रोग के प्रति जनजागरूकता फैलाने के उद्देश्य से उपायुक्त सिमडेगा कंचन सिंह ने जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह प्रचार वाहन 10 नवंबर से 26 नवंबर 2025 तक जिले के सभी प्रखंडों के सुदूरवर्ती क्षेत्रों का भ्रमण करेगा। इस अवसर पर सिविल सर्जन सिमडेगा एवं जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे। उपायुक्त ने कहा कि कुष्ठ रोग पूरी तरह से उपचार योग्य है और समय पर पहचान एवं इलाज से इसे जड़ से समाप्त किया जा सकता है। उन्होंने लोगों से अपील की कि कुष्ठ रोग से ग्रसित व्यक्तियों से भेदभाव न करें, बल्कि उन्हें इलाज के लिए प्रेरित करें। सिविल सर्जन ने बताया कि इस जागरूकता रथ के माध्यम से जिलेवासियों को कुष्ठ रोग के लक्षण, पहचान, रोकथाम और उपचार की जानकारी दी जाएगी। इसके साथ ही समाज में इस रोग को लेकर फैली भ्रांतियों को दूर करने पर विशेष बल दिया जाएगा। अभियान के दौरान स्वास्थ्य कर्मी गांव-गांव जाकर संभावित लक्षण वाले व्यक्तियों की पहचान करेंगे और उनकी जांच कर आवश्यकतानुसार निःशुल्क उपचार सुनिश्चित करेंगे।

## एक नजर

### छत से गिरने से महिला हुई गंभीर घायल

**साहिबगंज:** जिला के राजमहल थाना क्षेत्र के लखीपुर गांव में सोमवार को एक महिला छत से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। मिली जानकारी के अनुसार नाजीर खान की पत्नी संजीदा बीबी (25) कुछ दिन पहले जलावन की लकड़ी सूखाने के लिए छत पर रखी थी। सोमवार को खाना बनाने के लिए लकड़ी लेने के दौरान अचानक पैर फिसल जाने से वह सर के बल नीचे गिर पड़ी। परिजनों ने आनन-फानन में उन्हें इलाज के लिए अनुमंडल अस्पताल राजमहल लाया। जहां ड्यूटी पर उपस्थित चिकित्सक डॉ. कुमार सौरभ ने उनका प्राथमिक उपचार किया। महिला की स्थिति गंभीर बताई जा रही है।

### जिला खेल एवं पर्यटन से संबंधित योजनाओं की समीक्षा बैठक संपन्न



**साहिबगंज:** डीसी हेमंत सती की अध्यक्षता में जिला खेल एवं पर्यटन विभाग से संबंधित संचालित योजनाओं एवं कार्यों की समीक्षात्मक बैठक कार्यालय प्रकोष्ठ में आयोजित की गई।बैठक में डीसी ने विभागीय पदाधिकारियों से जिले में संचालित खेल परिसर, खेल प्रशिक्षण केंद्रों, स्टेडियम निर्माण कार्य, खेल सामग्री वितरण एवं पर्यटन विकास योजनाओं की अद्यतन प्रगति की जानकारी ली व आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। बैठक में जिला खेल पदाधिकारी कुमार हर्ष सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

### गैस लीक होने से रसोई में फैली आग बाल बाल बचे लोग

**साहिबगंज:** जिला के बरहरवा प्रखंड क्षेत्र के कोटालपोखर अंतर्गत रविवार की रात्रि खाना बनाने के दौरान गैस लीक होने से एक महिला बाल बाल बच गई। जानकारी के अनुसार नारायणपुर गांव के मुजकेरा बीबी घर में गैस चूल्हा को जैसे ही लाइटर से चूल्हा जलाया आग रसोई में फैल गया। आग फैलता देख महिला रसोई से किसी प्रकार बाहर निकली और शोर मचाने लगी। इसके बाद लोग पहुंचे और पानी में बोरा आदि भींगा कर किसी प्रकार सिलेंडर को बचा कर रेगुलेटर बंद किया। जिससे बड़ी घटना होते-होते बची। अन्यथा बड़ा नुकसान हो सकता था।

# कारा सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी : डीसी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** डीसी कार्यालय में डीसी हेमंत सती की अध्यक्षता में कारा एवं न्यायालय सुरक्षा व्यवस्था तथा जिला सुरक्षा समिति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य रूप से एसपी अमित कुमार सिंह उपस्थित थे। बैठक का उद्देश्य जिला अंतर्गत कारा एवं न्यायालय परिसरों की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाना था। बैठक में डीसी द्वारा साहेबगंज कारा की सुरक्षा व्यवस्था पर विस्तृत चर्चा की गई। उन्होंने कारा परिसर में स्थापित सीसीटीवी कैमरों की स्थिति की जानकारी ली तथा खराब पड़े कैमरों को यथाशीघ्र मरम्मत कर चालू कराने का निर्देश दिया। डीसी ने कहा कि कारा सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि कारा के मुख्य द्वार को प्रोटोकॉल के अनुरूप खोला और बंद किया जाए, जिससे सुरक्षा में किसी प्रकार की चूक न हो। डीसी ने अनुमंडल पदाधिकारी को निर्देश दिया कि वे प्रत्येक 15 दिनों में एक बार कारा का निरीक्षण करें तथा निरीक्षण प्रतिवेदन जिला प्रशासन को उपलब्ध कराएं। उन्होंने कहा कि निरीक्षण के माध्यम से कारा की सुरक्षा व्यवस्था, बंदियों की स्थिति एवं प्रशासनिक व्यवस्थाओं की सतत निगरानी सुनिश्चित की जा सकेगी। बैठक में एसपी अमित कुमार सिंह ने कारा एवं न्यायालय परिसर में पुलिस बल की तैनाती, सीसीटीवी निगरानी, तथा गश्ती प्रणाली को और प्रभावी बनाने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि जिले के सभी सुरक्षा कर्मियों एवं अंगरक्षकों को विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया जाए ताकि किसी भी आकस्मिक स्थिति में वे त्वरित और समुचित कार्रवाई करने में सक्षम हों। डीसी ने निर्देश दिया कि जिला के समस्त पदाधिकारियों के अंगरक्षकों को प्रशिक्षण प्रदान करने की समुचित व्यवस्था की जाए, ताकि सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक पेशेवर एवं सुदृढ़ बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि सुरक्षा केवल उपकरणों या बल की संख्या से नहीं, बल्कि सतर्कता, समन्वय और समय पर कार्रवाई से सुनिश्चित होती है। बैठक में उपस्थित अधिकारियों ने अपने-अपने विभागों से संबंधित सुरक्षा उपायों की प्रगति की जानकारी दी तथा भविष्य की कार्ययोजना प्रस्तुत की। डीसी ने कहा कि प्रशासनिक एवं पुलिस तंत्र के बीच समन्वय बनाए रखते हुए जिला में कानून-व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाए रखना हम सभी की प्राथमिक जिम्मेदारी है। बैठक में अपर समाहर्ता गौतम भगत, अनुमंडल पदाधिकारी अमर जॉन आईन्द, जिला आपूर्ति पदाधिकारी झुनू कुमार मिश्रा, कारा अधीक्षक सहित अन्य वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

## भगवान बिरसा मुंडा जयंती पर जिला स्तरीय कार्यशाला का हुआ आयोजन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** जिला के बरहरवा प्रखंड में भारतीय जनता पार्टी जिला साहिबगंज ने भगवान बिरसा मुंडा जयंती के उपलक्ष्य में एक पखवाड़े के रूप में मनाया और आज जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया। यह कार्यशाला बरहरवा आरबी पैलेस में संपन्न हुई। इस बैठक में जिला के अध्यक्ष उज्ज्वल मंडल, जिला महामंत्री कुशमाकर तिवारी, जिला उपाध्यक्ष ललिता देवी, पूर्व जिला अध्यक्ष रणधीर सिंह, प्रदेश कार्य समिति सदस्य और जनजाति कार्यशाला के प्रभारी चौकीदार हादसा, बरहरवा भाजपा मंडल अध्यक्ष संजीव गुप्ता, पतना मंडल अध्यक्ष कुणाल मंडल, सुनील प्रामाणिक सहित अन्य मुख्य रूप से उपस्थित थे। मंच में उपस्थित अतिथियों ने बड़ी-बड़ी बातों से कार्यकताओं को भगवान बिरसा मुंडा और जनजाति समाज के बारे में जानकारी दी। उन्होंने भगवान बिरसा मुंडा की जीवनी पर प्रकाश डाला और उनके आदर्शों को अपनाने का आह्वान किया। इस बैठक में जिले के सभी मंडलों के अध्यक्ष, महामंत्री, जिला के पदाधिकारी, सभी मोर्चा के जिला के अध्यक्ष और वरिष्ठ कार्यकर्ता गण उपस्थित थे। सभी ने भगवान बिरसा मुंडा के आदर्शों को अपनाने और जनजाति समाज के उत्थान के लिए काम करने का संकल्प लिया।

## अनुकंपा पर नियुक्त लिपिकों की हिंदी टंकण दक्षता परीक्षा संपन्न

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पाकुड़ :** जिला प्रशासन, पाकुड़ के निर्देशन में आज अनुकंपा के आधार पर नियुक्त लिपिकों की हिंदी टंकण दक्षता परीक्षा का सफल आयोजन किया गया। यह परीक्षा पुराना समाहरणालय स्थित नीलेट प्रशिक्षण कक्ष में आयोजित की गई। परीक्षा का उद्देश्य लिपिकों की हिंदी टंकण क्षमता का मूल्यांकन कर उन्हें प्रशासनिक कार्यों में अधिक दक्ष एवं प्रभावी बनाना है। इस परीक्षा में कुल 72 लिपिकों में से 68 लिपिक उपस्थित हुए तथा 4 लिपिक अनुपस्थित रहे। परीक्षा के दौरान जिला स्थापना शाखा के पदाधिकारियों ने समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की। परीक्षा निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई। जिला स्थापना उप समाहर्ता त्रिभुवन कुमार सिंह ने बताया कि प्रशासनिक कार्यों में दक्षता और पारदर्शिता बढ़ाने के लिए इस प्रकार की परीक्षाएं समय- समय पर आयोजित की जाती हैं। उन्होंने कहा कि अनुकंपा के आधार पर सशर्त नियुक्त निम्नवर्गीय लिपिकों के वेतन वृद्धि एवं सेवा संपुष्टि के लिए हिंदी टंकण दक्षता जाँच परीक्षा में उत्तीर्ण होना आवश्यक है। उन्होंने आगे कहा कि टंकण दक्षता से कार्यालयीन कार्यों में तीव्रता, सटीकता और पारदर्शिता आती है, जिससे नागरिकों को त्वरित सेवा का लाभ मिलता है। उपरोक्त अवसर पर स्थापना उप समाहर्ता त्रिभुवन कुमार सिंह, जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी, जिला स्थापना कार्यालय के कर्मी उपस्थित थे।

## बाइक की आमने-सामने की टक्कर में एक किशोर की मौके पर दर्दनाक मौत, दो घायल



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** जिले के राधानगर थाना क्षेत्र के दक्षिणी सरफराजगंज पंचायत अंतर्गत मनिहारी टोला मदिया झील के समीप सोमवार को एक भीषण सड़क दुर्घटना में एक किशोर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतक की पहचान मदिया निवासी अशरफ शेख (16 वर्ष) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार अशरफ शेख रोज की तरह गोहलबाड़ी स्थित अपनी दुकान बंद कर होंडा एसपी साइन जेएच 17 एन 2318 पर सवार होकर लगभग 1 बजे अपना घर मदिया लौट रहा था। इसी दौरान मदिया झील के पास विपरीत दिशा से तेज रफ्तार में आ रही सुपर स्प्लेंडर जेएच 18 जे 2101 बाइक दूसरी बाइक से उसकी आमने-सामने भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों बाइकों के अगले हिस्से के परखच्चे उड़ गए। दुर्घटना में अशरफ शेख की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि दूसरी बाइक पर सवार फुदकीपुर नौघरीया गांव के दीपक कुमार व मनिहारी टोला के एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया जा रहा है कि दीपक कुमार को इलाज के लिए पश्चिम बंगाल ले जाया गया है। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय ग्रामीण बड़ी संख्या में मौके पर जुट गए और इसकी जानकारी राधानगर थाना पुलिस को दी। पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए राजमहल अनुमंडल अस्पताल भेज दिया तथा दोनों बाइकों को जब्त कर जांच शुरू कर दी है।

स्थानीय लोगों के अनुसार, घायलों में शामिल दोनों युवक मदिया गांव से शराब पीकर नशे में धुत होकर बाइक चला रहे थे। नशे की हालत में उन्होंने सामने से आ रही बाइक को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे यह हादसा हुआ। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि मदिया गांव में अवैध रूप से शराब और महुआ की बिक्री बेरोकटोक हो रही है।

## पूर्व रेलवे ने तीनपहाड़ स्टेशन पर किया ट्रैक सुधार कार्य पूरा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**साहिबगंज :** ट्रेन परिचालन की सुरक्षा एवं दक्षता बढ़ाने की दिशा में पूर्व रेलवे के मालदा मंडल द्वारा ट्रैक ज्योमेट्री एवं परिचालन विश्वसनीयता को सुदृढ़ करने हेतु निरंतर बहुआयामी प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में दिनांक 10 नवम्बर 2025 को मालदा मंडल अंतर्गत साहिबगंज जिला के तीनपहाड़ स्टेशन पर फोर्स्ड लेआउट को सफलतापूर्वक हटाया गया। कार्य के अंतर्गत तीनपहाड़ स्टेशन सीमा के भीतर डाउन लाइन पर पॉइंट संख्या 55बी को बड़हरवा छोर की ओर 4 मीटर शिफ्ट किया गया, जिससे क्रॉस-ओवर तथा लूप लाइन पर मौजूद किंक्स पूरी तरह समाप्त हुए। इस हस्तक्षेप से ट्रैक एलाइनमेंट और ट्रेन मूवमेंट दोनों में स्पष्ट सुधार हुआ।इस कार्य को इंजीनियरिंग, ऑपरेटिंग, कर्षण तथा सिग्नल एंड टेलीकॉम सहित विभिन्न विभागों के समन्वित प्रयासों से सूक्ष्म योजना के तहत सफलतापूर्वक संपन्न किया गया। इस उपलब्धि से परिचालन सुरक्षा एवं विश्वसनीयता में वृद्धि, परिचालन दक्षता में सुधार तथा ट्रेन सेवाओं की समय पालन क्षमता में बढ़ोतरी होगी। मालदा मंडल की इंजीनियरिंग टीम द्वारा किए जा रहे ऐसे निरंतर प्रयास पूर्व रेलवे की उच्चतम परिचालन सुरक्षा, दक्षता तथा ट्रैक विश्वसनीयता बनाए रखने की अटूट प्रतिबद्धता को दशार्ते हैं, जिससे नेटवर्क पर ट्रेनों की निर्बाध आवाजाही सुनिश्चित होती है।

## रन फॉर झारखंड से होगी राज्य स्थापना के कार्यक्रमों की शुरूआत

- राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने पर विविध कार्यक्रमों का किया जाएगा आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पाकुड़ :** ज़िले में राज्य स्थापना दिवस के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जिले में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर को हर्षोल्लास के साथ मनाने हेतु जिला प्रशासन द्वारा कई जनभागीदारी आधारित आयोजन निर्धारित किए गए हैं। कार्यक्रमों की श्रृंखला के अंतर्गत 11 नवम्बर 2025 को प्रातः 6:00 बजे से "रन फॉर झारखंड" का आयोजन किया जाएगा, जो सिद्धू कान्हू मुर्मू पार्क, पाकुड़ से प्रारंभ होकर समाहरणालय, पाकुड़ तक संपन्न होगा। इस अवसर पर जिले के अधिकारी- कर्मचारी, विद्यार्थी, खेल प्रेमी, सामाजिक संस्थान तथा आम नागरिक बड़ी संख्या में भाग लेंगे। कार्यक्रम का उद्देश्य राज्य की एकता, ऊर्जा, युवा शक्ति और गौरवपूर्ण उपलब्धियों को उजागर करना है। वहीं उपायुक्त मनीष कुमार ने बताया कि "रन फॉर झारखंड का आयोजन जिला प्रशासन, पाकुड़ के तत्वावधान में किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह दौड़ न केवल एक खेल आयोजन है, बल्कि राज्य की एकता, सामूहिकता और प्रगति की भावना को अभिव्यक्त करने का प्रतीक है। उन्होंने अधिकाधिक लोगों से कार्यक्रम में शामिल होकर झारखंड राज्य स्थापना दिवस को उत्साहपूर्वक मनाने की अपील की।

## डीएवी सेक्टर-4 में नेशनल खिलाड़ियों का पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो :** डीएवी स्पोट्स के क्लस्टर लेबल और स्टेट लेवल पर विभिन्न खेलों के चुनौतीपूर्ण और कठिन मुकाबलों को क्वालीफाई करने के बाद डीएवी नेशनल लेवल हेतु चयनित खिलाड़ियों के लिए डीएवी सेक्टर-4 में बृहद स्तर पर 8 नवंबर से लेकर 12 नवंबर तक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया है जिसका मूल उद्देश्य डीएवी स्पोर्ट्स में सम्मिलित विभिन्न खेलों की तकनीकियों,बारीकी, जटिलताओं और छोटे बड़े दाँव- पेचों को निष्ठा और समर्पण के साथ सभी खिलाड़ियों को सीखाना और सन्नद्ध करना है। इस प्रशिक्षण शिविर से लाभान्वित होने हेतु पूरे झारखंड राज्य से डीएवी संस्थान के 12 जोन (ए,बी,सी,डी,ई,एफ,जी,एच, आई,जे,के और एल) से विभिन्न आयु वर्ग अंडर-14, अंडर -17 और अंडर- 19 के अंतर्गत करीब साढ़े चार सौ खिलाड़ी शिरकत करने आए हैं। क्रिकेट ,बैडमिंटन, कबड्डी, बास्केटबाल ,वॉलीबाल, योगा, टेबल टेनिस, जिमनास्टिक, रोप स्किपिंग, स्केटिंग, खो-खो, हैंडबॉल और लॉन टेनिस जैसे विविध खेलों के लिए कुशल प्रशिक्षक शिविर में मौजूद है जो पूरे मनोयोग के साथ खिलाड़ियों को मैदान- ए - जंग में झारखंड प्रदेश के जीत का परचम लहराने हेतु तैयार कर रहे हैं। इस अवसर पर क्लस्टर इंचार्ज सह प्राचार्य डीएवी सेक्टर-4 श्री एसके मिश्रा ने कहा कि विद्यार्थियों के लिए खेल-कूद के क्षेत्र में भी असीम संभावनाएं हैं और डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स के माध्यम से विभिन्न अंचलों,सुदूर क्षेत्रों ,ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में संचालित डीएवी स्कूलों के खेल के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को आगे लाने और राष्ट्रीय स्तर पर उन्हें स्थापित करने व पहचान दिलाने का प्रखर कार्य किया जाता है। प्रशिक्षण शिविर में प्रशिक्षण हेतु आए खिलाड़ी अत्यंत हर्षित और गौरवान्वित है कि उन्हें अपने खेल के क्षेत्र में उत्कृष्टता और प्रवीणता हेतु झारखंड प्रदेश के डीएवी संस्थान की ओर से इतने सार्थक और कारगर प्रयास किए गए हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### अंडर-16 जिला क्रिकेट लीग टूर्नामेंट में माही स्पोर्ट्स येलो ने 183 रन से जीता मैच



**साहिबगंज:** जिला क्रिकेट संघ के तत्वधान में सिदो-कान्हू स्टेडियम में चल रहे अंडर-16 जिला क्रिकेट लीग टूर्नामेंट के तहत सोमवार को संत जोसेफ स्कूल बनाम माही स्पोर्ट्स येलो के बीच मैच खेला गया। संत जोसेफ अकादेमी ने टॉस जीत कर पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला लिया। वहीं माही स्पोर्ट्स येलो ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 28.2 ओवर में 264 रन बना कर ऑल आउट हो गई। शंकर साहा ने 18, मयंक राज ने 50, राकेश कुमार ने 59, रौनक ने 14 व मनीष ने 31 रनों की पारी खेली। संत जोसेफ के गेंदबाज वारिस ने 2 व देवांशु ने 2 विकेट लिया। जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी संत जोसेफ स्कूल की टीम 18 ओवर में 81 रन बना कर ऑल आउट हो गई। शानू ने 13, ताबिश ने 12 व देवांशु ने 13 रनों की पारी खेली। माही स्पोर्ट्स के गेंदबाज अब्राहम शेख ने 4, रौनक दुबे ने 3 विकेट लिए। माही स्पोर्ट्स येलो ने 183 रन से जीत हासिल की। माही स्पोर्ट्स के खिलाड़ी राकेश कुमार को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। मुख्य अतिथि चतुरानंद पांडे ने राकेश को मैन ऑफ द मैच की ट्रॉफी से पुरस्कृत किया। मैच में अंपायरिंग मो अशफाक आलम व चंदन यादव एवं स्कोरिंग मो अनाउल्लाह अंसारी ने किया।

### गंगा स्वच्छता अभियान आयोजित- बासकोला घाट पर दिखी उत्साहपूर्ण सहभागिता



**साहिबगंज:** बासकोला घाट स्थित दुर्गा मंदिर के पास गंगा स्वच्छता अभियान का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों तथा विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों ने सक्रिय रूप से भाग लेते हुए स्वच्छता के प्रति जागरूकता का संदेश दिया।कार्यक्रम का नेतृत्व जिला पंचायती राज पदाधिकारी अनिल कुमार एवं गंगा पंप नहर के पदाधिकारियों द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस दौरान जिला पंचायती राज पदाधिकारी ने ग्रामीणों के साथ संवाद करते हुए गंगा की स्वच्छता के महत्व, नदी डॉलफि न संरक्षण, जलजीवों की पारिस्थितिकी में भूमिका तथा स्वच्छ घाट के सामाजिक-आर्थिक लाभों पर विस्तार से चर्चा की। ग्रामीणों ने भी अपने अनुभव साझा करते हुए यह भरोसा दिलाया कि वे गंगा की स्वच्छता और संरक्षण के लिए निरंतर योगदान देते रहेंगे। स्वच्छता गतिविधि के अंतर्गत घाट पर बिखरे हुए पत्ते, भूसा एवं अन्य कूड़े-कचरे को एकत्रित कर व्यवस्थित रूप से हटाया गया। स्थानीय लोगों, युवाओं और स्वयंसेवकों ने पूरे उत्साह के साथ अभियान को सफल बनाने में भागीदारी निभाई। गंगा संरक्षण के लिए जनभागीदारी को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए अधिकारियों ने भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित करने की बात कही।

### मॉडर्न पब्लिक स्कूल में हुई जनजातीय गौरव पखवाड़ा की शुरूआत




**कोडरमा :** जिले के मॉडर्न पब्लिक स्कूल में भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के अवसर पर जनजातीय गौरव दिवस पखवाड़ा की शुरूआत की गई ,जिसके तहत सोमवार को विद्यालय के प्रातः कालीन प्रार्थना सभा में छात्रों द्वारा भगवान बिरसा मुंडा की जीवन गाथा एक नाटक के माध्यम से प्रस्तुत की गई। छात्रों ने बड़े ही उत्साह और सुंदर ढंग से बिरसा मुंडा जीवनी के साथ साथ उनके सभी योगदानों को विशेषकर स्वतंत्रता संग्राम में उनकी विषय योगदान एवं आदिवासियों के अधिकारों के लिए उनके योगदानों को प्रदर्शित किया गया। इस नाटक प्रस्तुति में भाग लेने वाले छात्रों के नाम क्रमशः हैं: अंकित कुमार, रणवीर कुमार, सुनय सहाना, रौशन कुमार,कुंदन कुमार, किमसी कुमारी, अंश कुमार, विवान कुमार और शशि कुमार। विद्यालय के शिक्षक श्री संदीप कुमार एवं शिक्षिका सत्यभामा ठाकुर के मार्गदर्शन में नाटक की प्रस्तुति छात्रों द्वारा की गई। इस जनजातीय गौरव पखवाड़ा का मुख्य उद्देश्य योगदान भारत के जनजातीय स्वतंत्रता सेनानियों की विरासत को उजागर कर जनजातीय कला, संस्कृति और विरासत की जीवंत अभिव्यक्तियों को दशार्ते हुए छात्रों को प्रेरित करना है। इन्हीं उद्देश्यों की पूर्ति हेतु विद्यालय में इसी प्रकार कई गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। मौके पर विद्यालय के प्राचार्य श्री गुरुचरण वर्मा ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा के जीवन आदर्शों को जीवन में अपनाकर हम समाज और राष्ट्र की सेवा कर सकते हैं। जनजातीय समुदाय अपनी विशिष्ट सभ्यता, संस्कृति, पूजा पद्धति, गीत-संगीत और जीवन शैली के लिए प्रसिद्ध है। उन्होंने कहा कि आधुनिक युग में भी इस समुदाय ने अपनी परंपराओं को सहेज कर रखा है जो गर्व की बात है। विद्यालय निर्देशिका संगीता शर्मा ने भी नाटक प्रस्तुति करने वाले छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के अवसर पर मनाया जा रहा यह पखवाड़ा जनजातीय समाज की संस्कृति, खानपान और रहन-सहन को नजदीक से समझने का अवसर देगा।

### अपहरण कर दुष्कर्म करने के दोषी को आजीवन कारावास की सजा

**दुमका:** प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश एसएन मिश्रा की अदालत ने चार साल पहले जामा की किशोरी का अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म करने वाले अमलाचातर के दिलीप राय को दोषी करार देते हुए सोमवार को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने अभियुक्त पर 30 हजार रुपये का जुमार्ना भी लगाया है। मामले में सरकार की ओर से लोक अभियोजक चंपा कुमारी ने बहस की। अदालत ने आठ गवाह के बयान और साक्ष्य के आधार पर यह सजा सुनाई है। जानकारी के अनुसार जामा के एक गांव की किशोरी 31 मई 2021 को घर में बताकर शौच करने के लिए गई थी। जंगल से दिलीप राय ने डरा धमका कर उसका अपहरण कर लिया और खेत से दूर वीरान एक गडढे में ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। काफी देर तक किशोरी वापस घर नहीं आई तो घरवालों ने उसकी खोजबीन की। इसी क्रम में घरवालों ने आरोपित को किशोरी के साथ गलत काम करते हुए पकड़ लिया। गिरफ्त में आने के बाद भी आरोपित भाग निकलने में सफल रहा। किशोरी के पिता ने जामा थाना में उसके खिलाफ अपहरण और दुष्कर्म का मामला दर्ज कराया। बाद में पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया।

# बिहार चुनाव 2025: चुनावी मंच पर छाए रहे बिहार के प्रतीक चिह्न



परंपरा और संस्कृति का भी हुआ दर्शन

**मुजफ्फरपुर।** विधानसभा चुनाव के प्रचार-प्रसार में इस बार आरोप-प्रत्यारोप, वादों और दावों की बातें हुईं। साथ ही चुनावी मंचों पर बिहार की परंपरा, संस्कृति और यहां की प्रतीक चिह्न भी खूब छाए रहे। राष्ट्रीय नेता से लेकर स्थानीय नेताओं एवं अभिनेताओं तक की चुनावी सभाओं में न सिर्फ इन पर बातें हुईं, बल्कि स्वागत सत्कार एवं उपहारों में इनका उपयोग भी हुआ। चुनाव के प्रचार अभियान में मिथिला कलाकृतियां, सुजनी कला, गोदना पेंटिंग, सीतामढ़ी की राजा जनक की हल चलाती पेंटिंग जैसे प्रतीक चिह्न छाए रहे। वहीं, मिथिला पेंटिंग से लेकर पाग-दोपटा और मखाने की माला पहनाकर नेताओं का स्वागत हुआ।आठ नवंबर को सीतामढ़ी की चुनावी सभा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि वे मिथिला पेंटिंग के ब्रांड एंबेसेडर हैं। वे जब भी विदेश दौरे पर जाते हैं, तो वहां के राष्ट्राध्यक्षों को मिथिला की पारंपरिक पेंटिंग भेंट करते हैं। बिहार की बहन-बेटियों की कला और कौशल दुनियाभर में पहुंचे, इसलिए वो ऐसा करते हैं। पीएम ने चुनावी मंचों से मां जानकी, बाबा हलेश्वर स्थान व पंथपाकड़ भगवती स्थान के महत्व की भी चचाएं कीं। इस दौरान एक चुनावी सभा में राजा जनक की हल चलाती प्रतिमा भेंट कर उनका स्वागत किया गया। 24 अक्टूबर 2025 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने समस्तीपुर से अपने चुनाव अभियान का आगाज किया था। तब केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय ने मिथिला की पहचान माने जाने वाले पाग और चादर के अलावा भगवान सूर्य की मूर्ति देकर उनका स्वागत किया था। इसी मंच पर स्थानीय सांसद शांभवी चौधरी ने पीएम मोदी को क्षेत्रीयसंस्कृति और आस्था का प्रतीक मिथिला पेंटिंग से सुसज्जित छठ की एक सूप भेंट की थी। उपहार स्वरूप मखाने की माला भी दी गई। इसी दिन कपूरीग्राम के जीकेपीडी कालेज परिसर में छात्राओं ने मिथिला की लोक नृत्य सामा चकेवा से प्रधानमंत्री का स्वागत किया। शनिवार को पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने मधुबनी जिले के बेनीपट्टी में रोड शो किया। इस दौरान उन्होंने माथे पर मिथिला पेंटिग वाला पाग पहन रखा था और गले में मिथिला पेंटिंग की शाल थी।

## दूसरे चरण में एनडीए के 122, महागठबंधन के 126 प्रत्याशी मैदान में

11 नवंबर यानी आज दूसरे चरण का मतदान होगा। 20 जिलों में 122 विधानसभा सीटों पर चुनाव हो रहा है। चुनाव प्रचार थम चुका है। प्रत्याशी घर-घर जाकर मतदाताओं से मिल रहे। अंतिम चरण में राष्ट्रीय जनतांत्रिक के 122, महागठबंधन के 126 प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं। इनमें भाजपा के 53, जदयू के 44, लोजपा-रामविलास 15, राष्ट्रीय लोक मोर्चा के चार और हम के छह प्रत्याशी शामिल हैं। वहीं राजद के 70, कांग्रेस के 37, वीआईपी के आठ, सीपीआई के चार, सीपीआई एमएल के छह और सीपीआई के एक प्रत्याशी के भाग्य का फैसला दूसरे चरण के मतदान में होना है। वहीं जनसुराज पार्टी के 120 प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं। इस चरण में पूर्व उपमुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद, रेणु देवी, मंत्री विजेंद्र यादव, नीतीश मिश्रा, प्रेम कुमार, कृष्णनंदन पासवान,




प्रमोद कुमार, शीला मंडल, लेशी सिंह, जयंत राज, कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम, लोजपा रामविलास के प्रदेश अध्यक्ष राजू तिवारी की प्रतिष्ठा, राजद के वरिष्ठ नेता उदय नारायण चौधरी, रालोमो के प्रमुख उपेंद्र कुशवाहा की पत्नी स्नेहलता, कांग्रेस के विधायक दल के नेता शकील अहमद खान, भाकपा माले के विधायक दल के नेता महबूब आलम जैसे दिग्गजों की प्रतिष्ठा दांव पर लगी है। दूसरे चरण के मतदान से पहले राष्ट्रीय जनता दल के नेता तेजस्वी यादव ने कहा कि प्रथम चरण के बाद एनडीए खेमे में भारी गमगीन माहौल है। इस बार बदलाव निश्चित है इसलिए अधिकारी फोन करने वाले का स्क्रीनशॉट तक हमें भेज रहे है। बिहार सरकार के ईमानदार अधिकारी बिना रिटायर्ड अधिकारियों के दबाव में आए संविधान सम्मत अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें। दो गुजराती येनकेन प्रकारेण बिहार पर कब्जा करना चाहते है। वो बिहार को अपना उपनिवेश बनाना चाहते है। बिहार की जनता संविधान विरोधी कार्य करने वाले बेगैरत बे-जमीर सत्ताधारी नेताओं को कड़ा सबक सिखाने के लिए एक पैर पर खड़ी है। गणतंत्र की जननी बिहार में इनकी वोट चोरी हरगिज नहीं चलेगी। जनता हर प्रकार से यानि हर प्रकार से इनकी वोट चोरी और लोकतंत्र की डकैती रोकने के लिए तैयार है। बिहार की जनता पूरी तरह से एनडीए के साथ है। उन्होंने दावा किया कि 11 नवंबर को होने वाले मतदान में एनडीए प्रचंड जीत हासिल करेगा।

# पटना-रांची जनशताब्दी हादसा



## चलती ट्रेन में चढ़ते वक्त फिसला पैर, प्लेटफॉर्म और ट्रेन के बीच फंसे यात्री की मौत

**गयाजी।** बिहार के गया जी रेलवे स्टेशन पर रविवार की सुबह एक दर्दनाक हादसा हुआ। पटनाझरांची जनशताब्दी एक्सप्रेस में चढ़ने की कोशिश कर रहे एक यात्री की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा उस वक्त हुआ, जब ट्रेन स्टेशन से खुल चुकी थी और यात्री उसे पकड़ने के लिए भागते हुए प्लेटफॉर्म पर पहुंचा। जैसे ही उसने चलती ट्रेन के पायदान पर पैर रखा, उसका संतुलन बिगड़ गया। पैर फिसलते ही वह ट्रेन और प्लेटफॉर्म के बीच के संकरे गैप में फंस गया। ट्रेन धीरे-धीरे रफ्तार पकड़ रही थी, जिससे वह कुछ दूर तक घिसटता चला गया। आसपास मौजूद यात्रियों ने उसे बचाने की कोशिश की, लेकिन सफल नहीं हो पाए। घटना की जानकारी मिलते ही ट्रेन के गार्ड ने तुरंत ब्रेक लगाकर ट्रेन रोक दी, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। यात्री की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद स्टेशन पर अफरातफरी मच गई। बड़ी संख्या में लोग घटनास्थल के आसपास जमा हो गए। सूचना मिलते ही आरपीएफ और जीआरपी की टीम मौके पर पहुंची। यात्री का शव ट्रेन और प्लेटफॉर्म के बीच बुरी तरह फंसा हुआ था। शव को निकालने के लिए रेलवे कर्मचारियों को प्लेटफॉर्म तोड़ना पड़ा। करीब 20 मिनट की मशक्कत के बाद शव को बाहर निकाला जा सका। इस हादसे के कारण पटना-रांची जनशताब्दी एक्सप्रेस करीब एक घंटे तक गया स्टेशन पर खड़ी रही। वहीं, मृतक की पहचान अब तक नहीं हो पाई है। जीआरपी इंस्पेक्टर राजेश सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। मृतक का मोबाइल बरामद हुआ है, जिससे पहचान की कोशिश की जा रही है।

## वाहन की टक्कर से दो लोग घायल

**गोपालगंज।** जिले में एक दर्दनाक हादसा सामने आया है, जहां पुलिस वाहन की चपेट में आने से दो लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। दोनों घायलों की स्थिति नाजुक बनी हुई है। इस घटना के बाद इलाके में स्थिति तनावपूर्ण हो गई है। जानकारी के अनुसार, नगर थाना क्षेत्र के साधु चौक पर एक पुलिस वाहन ने दो व्यक्ति को टक्कर मार दी, जिससे दोनों गंभीर रूप से जख्मी हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोग आक्रोशित हो गए और उन्होंने विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। गुस्साई भीड़ ने पुलिस वाहन को आग के हवाले कर दिया, जिससे वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

## संक्षिप्त डायरी

### बिहार चुनाव ड्यूटी पर तैनात कर्नाटक पुलिस के जवान की हार्ट अटैक से मौत, साथियों में मचा हड़कंप



**कैमूर।** जिले के रामगढ़ थाना क्षेत्र से बड़ी खबर सामने आई है। विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण की ड्यूटी में तैनात कर्नाटक पुलिस के हेड कॉन्स्टेबल राजकुमार की हार्ट अटैक से मौत हो गई है। मिली जानकारी के अनुसार, कर्नाटक पुलिस की एक टीम चुनावी ड्यूटी के लिए रामगढ़ पहुंची थी। सभी जवानों को रामगढ़ हाई स्कूल परिसर में ठहराया गया था। शुक्रवार सुबह जब साथी जवानों ने राजकुमार को जगाने की कोशिश की, तो वे अचेत अवस्था में पाए गए। इसके बाद उन्हें तुरंत रामगढ़ रेफरल अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। रामगढ़ प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) जितेंद्र कुमार ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि हेड कॉन्स्टेबल राजकुमार की मौत हार्ट अटैक से हुई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भभुआ सदर अस्पताल भेज दिया गया है। घटना की जानकारी मिलते ही रामगढ़ थानाध्यक्ष पुलिस बल के साथ अस्पताल पहुंचे और आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी। चुनावी ड्यूटी के दौरान हुई इस घटना से सुरक्षाबलों में शोक की लहर है।

### राजद नेता के बेटे की संदिग्ध मौत, घर के पीछे मिला शव



**सहरसा।** जिले के सिमरी बख्तियारपुर थाना क्षेत्र से रविवार अहले सुबह एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। नगर परिषद वार्ड नंबर 12 के ढाव गांव में राजद नगर अध्यक्ष सुरेंद्र यादव के 17 वर्षीय पुत्र प्रीतम कुमार की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। प्रीतम का शव सुबह घर के पीछे चापाकल और बाथरूम के पास गिरा हुआ मिला।मृतक प्रीतम कुमार इंटरमीडिएट का छात्र था। वह पढ़ाई के साथ अपने पिता के राजनीतिक कार्यों में भी सहयोग करता था। परिजनों ने तत्काल उसे अनुमंडलीय अस्पताल सिमरी बख्तियारपुर पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों के अनुसार, प्रीतम शनिवार की रात घर में ही सोया हुआ था। रविवार तड़के जब सुरेंद्र यादव की पत्नी नूतन देवी जागीं, तो उन्होंने देखा कि प्रीतम के कमरे का दरवाजा खुला हुआ है और वह बिस्तर पर नहीं था। पशुओं को चारा देने के बाद जब वे घर के पीछे स्थित बाथरूम और चापाकल की ओर गईं, तो उन्होंने देखा कि प्रीतम जमीन पर गिरा हुआ है। शोर मचाने पर आसपास के लोग मौके पर जुटे और तुरंत अस्पताल ले जाया गया।घटना की सूचना मिलते ही सिमरी बख्तियारपुर थानाध्यक्ष अमरनाथ कुमार, इंस्पेक्टर मो. सुजाउद्दीन और एसडीपीओ मुकेश कुमार ठाकुर मौके पर पहुंचे और छानबीन शुरू कर दी। एसडीपीओ मुकेश कुमार ठाकुर ने बताया कि प्रारंभिक जांच में यह मामला संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का प्रतीत होता है। उन्होंने घटनास्थल का गहन निरीक्षण किया और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अधिकारी ने बताया कि अभी तक परिजनों द्वारा किसी प्रकार का लिखित आवेदन नहीं दिया गया है।

## प्रताड़ना से तंग नवविवाहित महिला ने की आत्महत्या





**वैशाली।** जिले के बेलसर थाना क्षेत्र के साइन गांव में पति की प्रताड़ना से तंग आकर एक नवविवाहित महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका की पहचान मुजफ्फरपुर जिले के पारू थाना क्षेत्र के दाऊद बरा गांव निवासी देवेंद्र राम की 22 वर्षीय पत्नी पिंकी देवी के रूप में हुई है। मृतका के पिता सुखदेव राम ने बताया कि वर्ष 2022 में उन्होंने अपनी बेटी पिंकी की शादी देवेंद्र राम से हिंदू रीति-रिवाज के अनुसार की थी। शादी के कुछ ही दिनों बाद से पिंकी के साथ मारपीट और गाली-गलौज की घटनाएं शुरू हो गईं। परिजनों के अनुसार, ससुराल पक्ष पिंकी से मायके से एक लाख रुपये लाने की मांग करता था। पैसे न लाने पर उसे प्रताड़ित किया जाता था और घर से निकल जाने की धमकी दी जाती थी। जब पिंकी ने पैसे लाने से इंकार किया, तो उसके साथ मारपीट की गई। ग्रामीणों ने कई बार पंचायत के माध्यम से समझौता कराने का प्रयास किया, लेकिन ससुराल वाले मानने को तैयार नहीं हुए। इसी कारण पिंकी पिछले एक वर्ष से अपने मायके में रह रही थी। बताया गया कि इस दौरान उसका पति फोन पर भी उसे गाली-गलौज करता था। घटना रविवार को उस समय हुई, जब पिंकी के माता-पिता मजदूरी के लिए घर से बाहर गए थे। घर में अकेली पिंकी ने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलते ही बेलसर थानाध्यक्ष प्रवीण कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, हाजीपुर भेज दिया है।

## विधायक पर हमले के 11 दिन बाद भी दिघौरा में भय का साया, गांव से पुरुष फरार





**टेकारी (गया)।** बिहार विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण की वोटिंग महज दो दिन दूर है, लेकिन गया जिले के टेकारी विधानसभा क्षेत्र के दिघौरा गांव में 29 अक्टूबर को हुए हिंसक हमले का असर अभी भी बरकरार है। हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा के विधायक व प्रदेश अध्यक्ष अनिल कुमार पर ग्रामीणों के कथित जानलेवा हमले के 11 दिन बाद भी गांव में भय का माहौल है। पुरुष फरार हैं, महिलाएं और बच्चे घरों में कैद हैं। हां, जिस बदहाल सड़क पर विवाद हुआ, उसके मरम्मत का काम जोरों पर जारी है। बुलडोजर, रोलर के साथ सड़क निर्माण तेजी से चल रहा है। बड़ा सवाल यही है कि 11 नवंबर को होने वाली वोटिंग पर गांव के सभी लोग वोट डाल पाएंगे। ग्रामीणों का दावा है कि पुलिस की बर्बर कार्रवाई ने गांव को खौफ में डाल दिया है, जबकि एनडीए इसे विपक्षी साजिश बता रहा है। प्रशासन की पहल का इंतजार है। 29 अक्टूबर की शाम को विधायक अनिल कुमार अपने चुनावी काफिले के साथ दिघौरा गांव से गुजर रहे थे। ग्रामीणों के अनुसार विधायक से गांव की जर्जर सड़कों पर बातचीत के दौरान विवाद बढ़ गया। गुस्साए ग्रामीणों ने उन्हें कार से उतारकर पैदल चलने को मजबूर करने की कोशिश की ताकि बदहाली का अहसास हो। बातें बढ़ीं तो पथराव शुरू हो गया। आरोप है कि अनिल कुमार के सुरक्षाकर्मियों ने फायरिंग की। ग्रामीणों के हमले में विधायक के सिर और हाथ में चोटें आईं। उनके भाई और कई समर्थक भी घायल हुए, जबकि 7-8 वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। हमले में लूटपाट की भी शिकायतें हैं। अनिल कुमार ने इसे हत्या की साजिश बताया और आरजेडी पर इल्जाम लगाया। हम पार्टी के प्रवक्ता राकेश रंजन ने कहा, यह जंगलराज लाने की साजिश है। विपक्ष लोकतंत्र का गला घोंट रहा है। वहीं विपक्ष ने इसे लोकतांत्रिक विरोध करार दिया। घटना के तुरंत बाद पुलिस ने गांव को छावनी में बदल दिया। दिघौरा पंचायत के दिघौरा गांव में 44 नामजद और 150 अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज हुई। अब तक 9 लोग गिरफ्तार हो चुके हैं, जिनमें ज्यादातर ओबीसी समुदाय से हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि पुलिस ने बेगुनाहों पर लाठियां बरसाईं, यहां तक कि बच्चों को भी नहीं बख्शा। बबीता कुमारी, पुष्पा कुमारी आदि महिलाओं ने बताया कि पुलिस रातों-रात आई और घर-घर तलाशी ली। ऐसा कई दिन चला। इधर तीन दिन से कोई पुलिस-प्रशासन से कोई नहीं आया है। पुरुष भाग गए, अब गांव सूना पड़ा है। वोटिंग के दिन भी डर से बाहर नहीं निकलेंगे। पुलिस के अनुसार यह कार्रवाई हमले की जांच के तहत थी। पुलिस पर गलत आरोप लगाया जा रहा है। घायलों का इलाज हो रहा है। सुरक्षा बढ़ा दी गई है। कोई राजनीतिक साजिश नहीं, सिर्फ स्थानीय विवाद का मामला है। स्थानीय ठेकेदार सड़क निर्माण खुद से कर रहे हैं, मरम्मत का काम होना ही था। बारिश की वजह से काम डिले हुआ। इसका चुनाव से कोई संबंध नहीं है। हमला टेकारी में जातिगत समीकरणों को प्रभावित कर सकता है। वरिष्ठ पत्रकार उज्जवल कहते हैं, इस घटना से दोनों तरफ से ध्रुविकरण हो रहा है। लड़ाई सीधी है। अनिल कुमार (भूमिहार) का मुकाबला राजद के अजय दांगी (कोएरी/ओबीसी) में है। जन सुराज के शशि यादव भी अपनी मौजूदगी दिखा रहे हैं। हमले के बाद ओबीसी नेताओं ने एनडीए की ओर से डैमेज कंट्रोल शुरू किया है, ताकि आगे-पीछे ध्रुवीकरण न हो। दो नवंबर को एनडीए नेताओं ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर हमले की निंदा की और कहा, यह हत्या की साजिश थी, लेकिन हम मजबूत हैं।

## साइकिल सवार को 100 मीटर तक घसीटती चली गई बस, दर्दनाक मौत



**सिंहेश्वर (मधेपुरा)।** सिंहेश्वर-पिपरा मुख्य मार्ग एनएच 106 पर रविवार की शाम तेज रफ्तार यात्री बस ने साइकिल सवार बुजुर्ग को कुचल डाला। कुचलने के बाद लगभग 100 मीटर तक बस उसे घसीटती चली गई। घटनास्थल पर ही साइकिल सवार बुजुर्ग की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान रामपट्टी पंचायत के वार्ड संख्या एक निवासी राधे साह (60) के रूप में हुई है। इधर, आक्रोशित ग्रामीणों ने बस चालक को पकड़कर बुरी तरह पीट दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह चालक को ग्रामीणों की भीड़ से छुड़ाकर मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सिंहेश्वर थाना क्षेत्र अंतर्गत बुढ़ावे पुल के समीप पिपरा की ओर जा रही आनंद विहार नामक बस संख्याझ बीआर 11पीसी 9725 ने साइकिल सवार राधे साह को कुचल दिया। हादसा इतना भयावह था कि बस राधे साह को करीब 100 मीटर तक घसीटती चली गई। इसके बाद बस सड़क किनारे जाकर अटक गई। इस वजह से बस में सवार यात्रियों की जान बाल-बाल बची। घटना के बाद अफरा-तफरी का माहौल बन गया। स्थानीय लोग दौड़कर मौके पर पहुंचे और गंभीर रूप से घायल राधे साह को जननायक कपूरी ठाकुर मेडिकल कॉलेज मधेपुरा ले गए, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक की पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल था, वह बार-बार बेहोश हो जा रही थी। वहीं, स्थानीय लोगों ने बताया कि बस चालक नशे की हालत में था। आक्रोशित ग्रामीणों ने सुपौल जिले के किशनपुर थाना के सिंगियावान निवासी चालक पप्पू कुमार यादव को पकड़कर बंधक बना लिया और जमकर पिटाई कर दी। इसके बाद लोगों ने सड़क जाम कर मृतक के परिवार को मुआवजा देने की मांग की। लगभग एक घंटे तक एनएच 106 पर सड़क जाम रहा। घटना की जानकारी मिलते ही एसआई सुड्डू कुमार दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे और बस चालक को भीड़ से बचाकर हिरासत में ले लिया। बाद में अंचलाधिकारी नवीन सिंह, थानाध्यक्ष विनोद कुमार सिंह व रामपट्टी के मुखिया विजय सिंह मौके पर पहुंचे।

## बिहार चुनाव में गूंजता रहा 'जंगलराज'




**पटना।** अब परिणाम की उत्कंठा की ओर बढ़ चले बिहार के चुनाव ने जीत के लिए ऐसी व्यग्रता इससे पहले शायद की कभी दिखाई हो। इस व्यग्रता ने प्रतिद्वंद्वात्मक तल्खी और तीखी बयानबाजी का कोई अवसर हाथ से जाने भी नहीं दिया। मुफ्त के वादों की तो ऐसी झड़ी लगी कि उसके लिए एक नहीं, बल्कि दर्जनों बिहार के खजाने भी कम पड़ जाएं! व्यवस्था में बदलाव की प्रतिबद्धता जताते हुए महागठबंधन ने हर परिवार को एक सरकारी नौकरी देने का वादा किया। युवाओं को आकर्षित करने का उसका यह दांव जोर पकड़ता कि उससे पहले ही एनडीए ने जंगलराज की मद्धिम पड़ चुकी स्मृतियों को चटख कर दिया। इस बार जुबानी जंग के बीच दावे और वादे घोषणा-पत्र से भी आगे बढ़ गए। एनडीए के संकल्प पत्र और महागठबंधन के तेजस्वी प्रण इन दावों में विलीन हो गए। वादों को गिनाते समय एनडीए का फोकस समग्र विकास, आधारभूत संरचना और कौशल विकास पर रहा। महिलाओं के साथ किसानों के लिए नकदी लाभ के वादे हुए। महागठबंधन बेहिसाब नौकरियों और जन-कल्याण के वादों पर अडिग रहा। महिलाओं के लिए एकमुश्त 30000 नकदी देने की घोषणा तेजस्वी यादव ने चुनाव के ठीक बीच में तब की, जब ओपिनियन पोल सार्वजनिक हो रहे थे। एनडीए ने उसे हताशा में किया जाने वाला वादा बताया। वस्तुतः महागठबंधन ने रोजगार और पलायन के मुद्दे पर जब घेरने का प्रयास किया, तो एनडीए जंगलराज की दुहाई देने लगा।उसके लिए कठघरे में खड़ा किए जाने वाले लालू प्रसाद भी अंततः कई दशक का झिझक तोड़ रोड-शो के लिए उस दानापुर में निकल ही गए, जहां से जेल में बंद बाहुबली रीतलाल यादव पर राजद ने दांव लगा रखा है। लालू के बाहर निकले के साथ ही भाजपा की ओर से कट्टा और तमंचा वाले गुजरे दौर की यादें ताजा की जाने लगीं। एनडीए ने दावा किया कि नीतीश के 20 वर्ष के सुशासन में जंगलराज समाप्त हुआ और व्यवस्था के प्रति महिलाओं का भरोसा बढ़ा। 2020 में 10 लाख नौकरियां दी जा चुकी हैं। आगे एक करोड़ नौकरियां दी जाएंगी। इस हवाले से एनडीए के नेताओं ने महागठबंधन के वादे को हवा-हवाई बताया। प्रत्युत्तर में महागठबंधन के नेताओं ने नीतीश की आयु-जनित थकान के साथ सत्ता के लिए पलटीमारी की आलोचना की। वादा यह कि सत्ता मिली तो 20 महीने में ऐसा बदलाव लाएंगे कि बिहार अद्भुत हो जाएगा। इसके साथ ही एनडीए पर वादे पूरे नहीं करने और एसआइआर से वोट चोरी के आरोप भी लगे। इसने एनडीए को घुसपैठ के मुद्दे पर आक्रामक होने का अवसर दे दिया। चुनाव के आखिरी दौर में राहुल गांधी ने अपने अंदाज में दिल्ली में जो हाईड्रोजन बम फोड़ा, वह हरियाणा में वोट चोरी के आरोप से संबंधित रहा। उत्साही लोगों ने मौका-मुआयना कर बता दिया कि आरोप निराधार है। यानी कि हाईड्रोजन बम फूलझड़ी भी नहीं रही। उसके बाद बिहार के पहले चरण में हुए रिकार्ड मतदान ने एसआइआर पर आशंकाओं के लिए गुंजाइश ही नहीं छोड़ी। बरहरहाल इस दुराग्रही राजनीति के बावजूद अबकी बार चुनाव में जातीय जकड़न को तोड़कर मतदान की वर्गीय व्यवस्था कुछ हद तक प्रभावी हुई है। मतदाताओं के रूप में महिलाएं तो 2010 से ही एक वर्ग बन चुकी हैं, लेकिन इस बार युवाओं के साथ किसानों को भी इसी सांचे में ढालने का भरसक प्रयास हुआ। यह प्रयास दोतरफा (एनडीए और महागठबंधन) रहा, जिसमें क्रियान्वयन के आधार पर एनडीए के वादे सहज रहे। महागबंधन, विशेषकर तेजस्वी, द्वारा किए जाने वाले प्रत्यक्ष व नकदी लाभ के वादे बिहार की आर्थिक हैसियत से काफी बड़े हैं, जैसा कि आर्थिक-राजनीतिक विश्लेषक बता रहे। महागठबंधन का प्रचार काफी आक्रामक और जन-केंद्रित रहा।



# बचे हुए खाने को कभी न करें बर्बाद ! अपनाएं ये स्मार्ट किचन हैक्स

ताजा खाना खाने से सेहत भी बढ़िया होती है। लेकिन घर में हर बार नाप-तौल के खाना बनाना थोड़ा मुश्किल होता है। इसलिए बचे हुए खाने को कभी भी बर्बाद न करें, इससे अच्छा है कि लेफ्टओवर का फूड यूज कर सकते हैं। जब आपका खाना बनाने का मन न करें तो इन आसान तरीकों से लेफ्टओवर फूड को का इस्तेमाल कर सकते हैं।

### लेफ्टओवर की करें प्लानिंग

कई बार होता है कि बाहर किसी काम से हमें कहीं जाना होता है, तो फिर घर लौटकर खाना बनाने में दिक्कत होती है। ऐसे में आप अपनी मनपसंद रेसिपी ज्यादा मात्रा में तैयार करके रख लें। फिर इसे फ्रिज में स्टोर करके रख दें, अब आपको खाना पकाने की कोई चिंता नहीं होगी। आप चाहे तो चीला या डोसा के लिए ज्यादा बैटर बनाकर स्टोर करके रख सकते हैं या फिर बिना सिकी हुई पैटी या उबले आलू।

### ये चीजें लगती हैं ज्यादा टेस्टी

रात या दोपहर का खाना बच ही जाता है, ऐसे में आप अगली मील की प्लानिंग में बचे हुए खाने का इस्तेमाल कर सकते हैं। कुछ चीजें दोबारा गर्म करके खाने और पीने में ज्यादा टेस्टी लगती है, जैसे कि सूप, दाल, करी, रोस्ट की गई सब्जियां।


### पारदर्शी कंटेनर में स्टोर करें

अक्सर होता है कि हम सभी खाना फ्रिज में रखकर भूल जाते है। इसलिए हमेशा कांच के पारदर्शी लंच बॉक्स या मैसन जार में खाना स्टोर करें। यह आपको फ्रिज खोलते ही नजर आने लगेंगे।

### बचे हुए खाना से नई रेसिपी बनाएं

अगर आपका खाना बच जाता है, तो आप अगले मील के लिए इसे खा सकते हैं। कुछ रेसिपी बनाकर बचा हुआ खाना बना सकते हैं। उदाहरण के तौर पर, बची हुई सब्जियों को ऑमलेट या फिर चीले में इस्तेमाल करें। सलाद में उबले हुए काबुली चना डाल दें। बचे हुए चावल से फ्राइड राइस या फिर एग राइस बना सकते हैं। इसके अलावा, आप लेफ्टओवर फूड को नए रुप में सर्व करके डिशेज बना सकते हैं। इस तरह से आप बचा हुआ खाने को खत्म कर सकते हैं।

# गुड़ की चाय फटने की टेंशन खत्म ! आजमाएं ये सीक्रेट टिप्स, बनेगी लाजवाब



चाय लवर हर मौसम में इसे स्वाद से पीते हैं। चाहे गर्मी हो या सर्दी चाय की लत वाले इसे खूब पीते है। चाय के दीवाने चिलचिलाती धूप में बड़े चाव से चाय पीने के शौकीन होते है। इस मौसम में या फिर सर्दियों के दौरान गुड़ की चाय पीने का एक अलग ही मजा होता है। यह स्वाद के साथ ही काफी हेल्दी होती है। लेकिन कई बार गुड़ की चाय बनाने के फट जाती है। अगर आप इसे सही तरीके से बनाएंगे तो यह कभी नहीं फटेगी। आइए आपको बताते हैं किन तरीकों से बनाएं गुड़ की टी।

### सही समय पर दूध डलना जरुरी

कई लोग गुड़ की चाय बनाते समय बड़ी गलती यह करते हैं कि गुड़ के साथ ही तुरंत दूध डाल देते हैं। गुड़ को चाय के पानी में घोलते ही दूध डालें। पहले चाय के पानी में गुड़ को अच्छे से घुलने दें और इसे एक-दो उबाल आने दें। फिर गैस बंद कर दें या आंच को धीमी कर दें। चाय का तापमान कम होने बाद ही दूध को डालें।

### पहले दूध को गर्म करें

अगर आप ठंडा या सामान्य तापमान का दूध उबलते हुए गुड़ वाले पानी में डल रहे, तो यह आपके चाय को फाड़ देगी। इसलिए आप दूसरे बर्नर पर दूध को गर्म करके डाल दें। इसके बाद आप गुड़ वाला घोल तैयार होने के बाद इसमें गर्म दूध को धीरे-धीरे मिश्रण में डाले। इसके अलावा, नकली गुड़ से बचें, इनमें केमिकल भरा होता है। इसलिए आप भूरा या काले रंग वाल गुड़ खरीदें। जिससे चाय अच्छी बनेंगी।

### कैसे बनाएं गुड़ वाली चाय

» इसके लिए एक पैन में पानी लें और उसमें अदरक, इलायची या अन्य मसाले कूटकर डाल दीजिए।

» जब पानी उबलने लगे, तो बारीक कटा हुआ गुड़ डालें और उसे पूरी तरह से घुलने दें।

» इसके बाद आप गुड़ चाय पत्ती डालें और चाय को अच्छी तरह से 2-3 मिनट तक उबलने दें, ताकि मसाला और गुड़ का स्वाद पानी में पूरी तरह आ जाए।

» चाय का बेस जब कड़क हो जाए, तो गैस बंद कर दें या आंच बिल्कुल धीमी कर दें।

» इसके बाद आप दूसरे पैन में गर्म किया हुआ उबला हुआ दूध इस गुड़ वाले मिश्रण में धीरे-धीरे मिलाएं।

» इस मिश्रण को एक बार फिर हल्का सा आंच पर रखें और सिर्फ एक उबाल आने दें। उबाल आते ही तुरंत गैस बंद चाय को छान लें।



**खाना खाते समय हम सभी उसके टेस्ट पर सबसे ज्यादा ध्यान देते हैं। अक्सर अपने खाने को तीखा या चटपटा बनाने के लिए अधिक मसालों का इस्तेमाल करते हैं। कभी-कभी तीखी चटनी या मिर्च का अचार खाने के स्वाद को बढ़ा देता है। इससे आपके टेस्ट बड को तो मजा आता है, लेकिन स्किन पर इसका उल्टा असर हो सकता है। बहुत ज्यादा तीखा खाने से चेहरे में रेडनेस व डलनेस की शिकायत होती है। वो गर्मी जो शरीर में महसूस होती है, स्किन पर भी असर डालती है, जिससे ऑयल ज्यादा बनने लगता है और चेहरा डिहाइड्रेट हो जाता है।**

# मसालेदार खाना खाकर चेहरा दिखने लगा है डल, तो इन आसान घरेलू नुस्खों से मिनटों में पाएं दमकती स्किन

ऐसे में अधिकतर लोग सोचते हैं कि उन्हें अपने पसंदीदा मसालेदार खाने से दूरी बनानी पड़ेगी। जबकि वास्तव में ऐसा नहीं है। अगर आप चाहें तो अपने पसंदीदा खाने का लुत्फ उठाते हुए भी ग्लोइंग स्किन पा सकती हैं। बस जरूरत है कुछ आसान स्किनकेयर स्टेप्स अपनाने की। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको ऐसे ही कुछ आसान तरीकों के बारे में बता रहे हैं, जो मसालेदार खाने के बाद चेहरे की डलनेस को दूर करने में मदद करेंगे-

### भरपूर पानी पीएं

अगर आप अपनी स्किन के खोए हुए ग्लो को वापिस पाना चाहती हैं तो ऐसे में आपको भरपूर मात्रा में पानी पीना चाहिए। दरअसल, मसालेदार खाना खाने से शरीर में पसीना और गर्मी बढ़ जाती है, जिससे शरीर का पानी कम होने लगता है। इसी डिहाइड्रेशन की वजह से स्किन रूखी, डल और बेजान नजर आने लगती है। इसलिए दिनभर में भरपूर पानी पीएं। इसके अलावा, नारियल पानी पीना भी काफी अच्छा रहता है। नारियल पानी से हाइड्रेशन के साथ-साथ इलेक्ट्रोलाइट्स भी मिलते हैं, जिससे स्किन की नमी भीतर से बनी रहती है।

### लगाएं कूलिंग फेस मास्क

मसालेदार खाने के बाद स्किन को सुकून और नमी की जरूरत होती है। इसलिए, आपको एलोवेरा, खीरा या दही से बने मास्क को स्किन पर अप्लाई करना चाहिए। यह स्किन को ठंडक देने के साथ-साथ जलन कम करता है। मास्क बनाने के लिए आप दो चम्मच दही के साथ एक चम्मच एलोवेरा जेल और कुछ बूंदे गुलाबजल मिक्स करके अप्लाई करें। करीबन 15-20 मिनट बाद ठंडे पानी से चेहरो धो लें। इससे स्किन को ठंडक, नमी व ग्लो मिलता है।

### हाइड्रेटिंग टोनर या गुलाबजल से करें स्प्रे

मसालेदार खाने से शरीर में गर्मी बढ़ने लगती है। गर्मी बढ़ने से स्किन की नमी जल्दी उड़ जाती है। ऐसे में गुलाबजल या टोनर लगाने से फायदा मिलता है। इससे चेहरा तुरंत ठंडा और फ्रेश लगता है, साथ ही पीएच बैलेंस भी बना रहता है। इसलिए, दिनभर में 2-3 बार गुलाबजल स्प्रे करें। इससे स्किन की नमी बनी रहती है। साथ ही, वह फ्रेश महसूस होती है।

# फूड क्रेविंग्स से हेल्थ को हो सकता है नुकसान, इसे रीसेट करने के लिए आजमाएं ये आसान ट्रिक्स

हम सभी को अक्सर फूड क्रेविंग्स होती ही हैं। कभी-कभी कुछ मीठा खाने का मन होता है तो कभी हम कुछ चटपटा खाते हैं। जब यह क्रेविंग्स होती हैं तो हम खुद को रोक ही नहीं पाते हैं। अचानक से मन करता है कि अभी चॉकलेट चाहिए, बस अभी! ऐसे में अक्सर हम अपना फ्रिज टटोलने लग जाते हैं या फिर बाहर अपना पसंदीदा फूड खाने के लिए निकल जाते हैं। हो सकता है कि आप भी अपने टेस्ट बड और फूड क्रेविंग्स की वजह से परेशान हो और इससे आपकी सेहत को लगातार नुकसान हो रहा हो। हालांकि, ऐसे में आपको परेशान होने की बिल्कुल भी जरूरत नहीं है। अगर आप चाहें तो अपनी फूड क्रेविंग्स को आसानी से रीसेट कर सकती हैं। बस आपको अपना माइंडसेट बदलने की जरूरत है और कुछ छोटी-छोटी आदतों को अपाने की जरूरत है। जब आप ऐसा करते हैं तो क्रेविंग्स आप पर हावी नहीं हो पाएंगी। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे ही आसान तरीकों के बारे में बता रहे हैं, जिन्हें अपनाकर आप फूड क्रेविंग्स को आसानी से रीसेट कर सकते हैं-

पहले पीएं पानी - अगर आपको फूड क्रेविंग्स हो रही हैं, तो ऐसे में कुछ भी खाने से पहले एक पूरा गिलास पानी पियो और फिर 10 मिनट के लिए रुक जाओ। इससे कई बार आपकी क्रेविंग्स खुद ब खुद खत्म हो जाती है। ऐसा इसलिए होता है, क्योंकि कई बार शरीर की प्यास को दिमाग भूख समझ लेता है। पानी पीने से शरीर हाइड्रेट होता है, झूठी भूख की फीलिंग कम होती है और आप बेवजह की स्नैकिंग से बच पाते हैं।

नींद के साथ समझौता नहीं - अक्सर लोग पर्याप्त नींद नहीं लेते हैं और इससे भी उनकी फूड क्रेविंग्स बढ़ने लगती हैं। दरअसल, कम नींद लेने से घ्रेलिन हार्मोन बढ़ता है और लेप्टिन हार्मोन घटता है। यही असंतुलन जंक फूड की क्रेविंग बढ़ाता है, खासकर कार्ब्स और मिठाइयों की क्रेविंग्स कई गुना बढ़ने लगती है। इसलिए रोजाना 7-8 घंटे की गहरी अवश्य लें।

करें माइंडफुल ईटिंग - अगर आप बेवजह की फूड क्रेविंग्स से बचना चाहती हैं तो ऐसे में माइंडफुल ईटिंग करना यकीनन काफी अच्छा रहता है। आप हमेशा धीरे-धीरे खाएं और बिना किसी डिस्ट्रैक्शन के खाना खाएं। दरअसल, जब आप माइंडफुल ईटिंग करते हैं तो ऐसे में दिमाग को समझ आता है कि पेट भर गया है। जल्दी-जल्दी खाने से ये सिग्नल कन्फ्यूज हो जाते हैं और बाद में दोबारा कुछ खाने का मन करता है, भले ही पेट भरा हो।





# पाचन शक्ति बढ़ाएगा भुना जीरा या जीरा पानी ? जानें कौन है सबसे बेहतर उपाय !

खराब जीवनशैली और गलत खानपान के कारण कई बीमारियां शरीर को घेर लेती है। आजकल लोग मोटापे से काफी परेशान हैं। वहीं, कुछ लोगों का डाइजेशन खराब रहता है। पेट भारी होने से उन्हें कुछ भी खाने का मन नहीं होता है। पेट की पाचन क्रिया जबरदस्त रहती है तो शरीर भी हेल्दी रहता है। खाना खाने के बाद भोजन पच नहीं रहा, तो एसिडिटी, गैस और पेट दर्द जैसी परेशानियां होने लगती है। अब आपको जानना बेहद जरुरी है कि भुना जीरा या जीरे का पानी कौन है सबसे बेहतर। आइए आपको बताते हैं-

### भुना जीरा के फायदे

- ये डाइजेशन एंजाइम्स को एक्टिव करता है। यह खाना को जल्दी और आसानी से डाइजेस्ट हो जाता है।

- भुना हुआ जीरा खाने से गैस और पेट फूलने की समस्या दूर हो जाती है।

- भुना हुआ जीरा सेवन करने से शरीर को ज्यादा पोषण मिलता हैं।

- इसमें पाए जाने वाला एंटीऑक्सीडेंट्स आंतों की सूजन कम करते हैं।

### कैसे सेवन करें

भुना जीरा को आप अपने खाने में डाल सकती है। इसको आप सलाद, रायता, दही या सब्जी में मिलाकर सेवन कर सकती हैं।

### जीरा पानी के फायदे

- जीरा पानी पीने से पेट के एंजाइम्स को एक्टिव करता है, जिससे खाना आसानी से डाइजेस्ट भी हो जाता है।

- जीरा पानी पीने से एसिडिटी और जलन से भी राहत मिलती है।

- ये पानी शरीर को डिटॉक्स करने में मदद करता है।

कैसे सेवन करें

आपको सुबह खाली पेट गुनगुना जीरा पानी पीना सबसे बेहतरीन माना जाता है। यह आपके पाचन को बेहतर करता है।

### कौन बेहतर है- भुना जीरा या जीरा पानी

अगर आपक हल्की-फुल्की गैस है, तो भुना जीरा का सेवन कर सकते हैं। यदि आपको बार-बार एसिडिटी, कब्ज और पेट फूलने की समस्या हो रही है, तो आपको जीरा पानी का सेवन करना चाहिए। दोनों ही अपने तरीके से फायदेमंद है। आप जैसा चाहे इसका सेवन करें।

# हील्स पहनकर पैरों में होता है भयंकर दर्द ? इन स्ट्रेचिंग एक्सरसाइज से पाएं तुरंत आराम !

लड़कियां स्टाइलिंग और फैशन के मामले में किसी भी तरह का समझौता नहीं करती। स्टाइलिश बनाने के लिए कभी-कभी लड़किया दर्द सहने को भी तैयार रहती हैं। ऑफिस, पार्टी और शादी में आउटफिट लुक को परफेक्ट बनाने के लिए महिलाएं हील्स जरुर पहनती है। हील्स पहनना सभी को पसंद है और यह लुक भी गजब का देता है। लंबे समय तक हील्स पहनने से पैरों में दर्द या फिर टखनों में जकड़न की शिकायत होने लगती है। कई बार तो दर्द इतना भयंकर होता है कि चलना-फिरना भी मुश्किल हो जाता है। आइए आपको बताते हैं कुछ स्ट्रेचिंग एक्सरसाइज के बारे में, जो हील्स पहनने में काफी फायदेमंद रहेगी।

कफ स्ट्रेच - आमतौर पर हील्स पहनने पर पिंडलियों में टाइटनेस आ जाती है। कफ स्ट्रेच करने से उस मसल्स की टाइटनेस को कम करने में मदद करता है। यह ब्लड सर्कुलेशन को बढ़ाता है। आप चाहे तो वॉल के पास खड़े होकर काफ स्ट्रेच कर सकते हैं। इसे करने के लिए दीवार के सामने सीधे खड़े हो जाएं। अब एक पैर आगे और दूसरा पीछे रखें। पीछे वाला पैर एड़ी के साथ जमीन पर टिका रहे। दोनों हाथ दीवार पर रखकर थोड़ा आगे झुके, जब तक पीछे वाले पैर की पिंडली में खिंचाव न महसूस हो। इसे करीब 20-30 सेकंड ऐसे ही रुको। अब दूसरे पैर से भी इसी तरह स्ट्रेच करें।

फुट आर्च स्ट्रेच -इसे करते समय टॉवल या रेसिस्टेंस बैंड का इस्तेमाल किया जाता है। हील्स पहनने से जो मसल्स टाइट हो जाती है, उन्हें ये स्ट्रेच खोलता है। इसे करने के लिए एक टॉवल या रेसिस्टेंस बैंड लो। इसे अपने पैरों के पंजे में फंसाएं और धीरे-धीरे अपनी तरफ खींचो। ऐसा करने से पैरों के आर्च और एड़ी खिंचाव फील होगा। अपने क्षमतानुसार इसी पोजिशन में रुकें और सामान्य अवस्था में लौट आएं।

एंकल रोल्स -एंकल रोल्स स्ट्रेच को आप कुर्सी पर बैठकर कर सकते हैं। यह आपके एंकल ज्वॉइंट्स को फ्लेक्सिबल बना देता है और पैर की सूजन भी कम हो जाती है। इसे करने के लिए सबसे पहले आप कुर्सी पर बैठ जाएं। अब एक पैर ऊपर उठाओ और एंकल को पहले घड़ी की दिशा में, फिर उल्टी दिशा में घुमाओ। ऐसे ही दूसरे पैर से भी करें। इस तरह आप दोनो डायरेक्शन में 10-10 बार रोल करें।



# 'हम अभी उस स्थिति में नहीं हैं' : आगामी टी20 विश्व कप पर गौतम गंभीर का बड़ा बयान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने स्वीकार किया कि उनकी टीम अगले साल होने वाले टी20 विश्व कप की तैयारियों के मामले में अभी उस स्थिति में नहीं है जहां वह पहुंचना चाहती है लेकिन उन्होंने इसके साथ ही कहा कि इस मुकाम पर पहुंचने के लिए टीम के पास अभी पर्याप्त समय है।

गंभीर ने 'बीसीसीआई डॉट टीवी' से बातचीत में फिटनेस के महत्व पर भी जोर देते हुए कहा कि खिलाड़ियों को अपनी फिटनेस को अगले स्तर पर ले जाने की ज़रूरत है क्योंकि खिताब बचाने की तैयारी भारत घरेलू मैदान पर कर रहा है। उन्होंने कहा, 'यह एक ऐसा ड्रेसिंग रूम है जहां बहुत अधिक पारदर्शिता और ईमानदारी है। हम चाहते हैं कि यह ड्रेसिंग रूम आगे भी ऐसा ही बना रहे।'

उन्होंने कहा, 'फिटनेस के नजरिए से मुझे लगता है कि टी20 विश्व कप से पहले हम अभी उस मुकाम पर नहीं पहुंचे हैं जहां पहुंचना चाहते हैं। यही बात हमने खिलाड़ियों से भी की है। हम पूरी तरह से चुस्त-दुरुस्त रहना चाहते हैं। हम फिट रहना चाहते हैं। हम तेजी से आगे बढ़ना चाहते हैं। भारतीय कोच ने कहा, 'हम जितने ज्यादा फिट होंगे, मानसिक रूप से उतने ही मजबूत होंगे। क्योंकि दबाव वाले मैच और दबाव वाली स्थिति में आप जितने ज्यादा शारीरिक रूप से मजबूत होंगे, मानसिक रूप से भी उतने ही मजबूत होंगे। हमारे पास अभी भी तीन महीने हैं।'

टी20 विश्व कप अगले साल फरवरी-मार्च में भारत और श्रीलंका में खेला जाएगा। भारत इस प्रतियोगिता का मौजूदा चैंपियन है। गंभीर ने हाल ही में भारत के एशिया कप के विजयी अभियान के दौरान पावरप्ले में जसप्रीत बुमराह से तीन ओवर कराने के पीछे के तर्क पर भी बात की। उन्होंने कहा, 'बहुत से लोग इस टी20 टीम को एक बेहद आक्रामक बल्लेबाजी क्रम के रूप में देखते हैं। मेरे हिसाब से, पहले छह ओवरों में जसप्रीत बुमराह से तीन ओवर गेंदबाजी कराना और भी आक्रामक विकल्प था। हम ऐसी टीम नहीं बनना चाहते जिसकी पहचान सिर्फ आक्रामक बल्लेबाजी क्रम हो। हम एक ऐसी टीम बनना चाहते हैं जो कुल मिलाकर एक आक्रामक टीम के रूप में जानी जाए।'

उन्होंने कहा, 'हम इस विकल्प को आजमा कर परखना चाहते थे कि इससे हमें भविष्य में क्या परिणाम मिल सकते हैं। मुझे लगता है कि एशिया कप में यह हमारे लिए वाकई अच्छा रहा है क्योंकि पावरप्ले में शुरुआती तीन ओवर में उनकी शानदार गेंदबाजी से हम मैच में दबदबा बनाने में कामयाब रहे।' गंभीर ने कहा, 'हमारे पास वरुण (चक्रवर्ती) और कुलदीप (यादव) के रूप में बीच के ओवरों में विकेट लेने वाले दो अच्छे विकल्प है। मुझे लगता है कि यह एक बहुत ही आक्रामक कदम था।'

गंभीर के कोच बनने के बाद से भारत आठवें नंबर तक बल्लेबाजी करना पसंद करता रहा है। मुख्य कोच ने कहा कि यह भी जरूरी है कि टीम के पास सात से आठ गेंदबाजी विकल्प हों और यह तभी संभव है जब शिवम दुबे, अक्षर पटेल और वाशिंगटन सुंदर जैसे ऑलराउंडरों को एकादश में शामिल किया जाए।

उन्होंने कहा, 'टीम में जितने ज्यादा हरफनमौला होंगे, उतना ही अच्छा होगा। यह एक ऐसी चीज है जो महत्वपूर्ण है। कम विकल्पों की तुलना में अधिक विकल्प होना हमेशा बेहतर होता है। इसलिए पहले भी कई बार हमने छह गेंदबाजी विकल्पों के बारे में सोचा है और इस टी20 टीम में हमारे पास सात या आठ गेंदबाजी विकल्प हैं, जो हमेशा महत्वपूर्ण होता है।'




गंभीर ने कहा, 'पिछले कई वर्षों से हम इस बारे में बात करते रहे हैं कि हमारे पास ऐसे खिलाड़ी कैसे हो सकते हैं जो हमें कुछ ओवर गेंदबाजी कर सकें। वह चाहे टी20 मैच हो या 50 ओवर का मैच। अब हम ऐसे खिलाड़ी तैयार करने की कोशिश कर रहे हैं जो जरूरत पड़ने पर गेंदबाजी और मध्यक्रम या मैच के अलग-अलग चरणों में बल्लेबाजी भी कर सकें। ऐसे में मुझे लगता है कि इस तरह के विकल्प होना हमेशा अच्छा होता है।''

गंभीर ने इसके साथ ही खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा का अच्छी तरह से अहसास कराने और उन्हें समझने के लिए उनके सामने मुश्किल चुनौतियों को रखने की बात भी दोहराई। उन्होंने कहा, 'हम खिलाड़ियों के सामने जितना संभव हो सके उतनी कड़ी चुनौती रखते हैं। हमने शुभमन (गिल) के साथ भी यही किया था, जब उन्हें टेस्ट कप्तान नियुक्त किया गया था।' गिल ने कप्तान के रूप में इंग्लैंड के खिलाफ अपनी पहली टेस्ट श्रृंखला में शानदार बल्लेबाजी की। उनकी अगुवाई में भारतीय टीम ने श्रृंखला 2-2 से बराबर की। इस श्रृंखला के सभी मैच रोमांचक रहे और प्रत्येक मैच पांचवें दिन तक खिंचा था।

# धोनी ने प्रशंसक की मोटरसाइकिल के टैंक पर दिया ऑटोग्राफ, प्रशंसक बोला अब मेरी गाड़ी करोड़ों की हुई





**रांची (एजेंसी)।** भारतीय भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी को संन्यास लिए काफी समय हो गया है पर अभी भी वह प्रशंसकों के दिलों में छाये हुए हैं। हाल ही में एक प्रशंसक की रॉयल एनफील्ड इंटरसेप्टर 650 पर धोनी ने ऑटोग्राफ दे दिया। इससे उत्साहित ये प्रशंसक बोला की अब मेरी तीन लाख की बाइक तीन करोड़ की हो गयी है।

वीडियो में धोनी इस प्रशंसक की लाल रॉयल एनफील्ड मोटरसाइकिल की प्रशंसा करते हैं। इसके बाद वह पेट्रोल टैंक पर अपने ऑटोग्राफ देते हैं। वहीं जाने से पहले उन्होंने प्रशंसक से कहा, 'चला के रिपोर्ट देना।'

प्रशंसक की मोटरसाइकिल पर धोनी के ऑटोग्राफ वाला वीडियो तत्काल ही हिट हो गया। इसे कई हजारों बार देखा गया। धोनी ने भी इस क्लिप पर प्रतिक्रिया देते हुए लिखा, 'राइड विद माही?'

धोनी के हस्ताक्षर की कीमत के बारे में बात करते हुए, एक व्यक्ति ने कहा, 'बाइक की कीमत 3 लाख से बढ़कर 30 करोड़ पहुंच गयी है।' धोनी खेल के साथ ही कारों और विशेषकर बाइक्स के खासे शौकीन है। उन्हें आम तौर पर कूल और विंटेज वाहनों की सवारी करते देखा गया है। उनके रांची स्थित घर का गैराज एक से बढ़कर एक वाहनो से भरा पड़ा है।

धोनी अपने करियर के शुरुआती दिनों से ही बाइक्स का कलेक्शन करते रहे हैं। उनके फार्महाउस में एक गैराज आइकॉनिक बाइक्स से भरा पड़ा है। रिपोर्ट्स के अनुसार, 2011 विश्व कप विजेता टीम कप्तान के सुपरबाइक्स के कलेक्शन में कावासाकी निंजा एच2, कॉन्फेडरेट एक्स132 हेलकैट, कावासाकी निंजा जेडएक्स-14आर, हार्ले डेविडसन फैटबॉय, डुकाटी 1098, यामाहा आरडी350, यामाहा राजदूत, सुजुकी शोगुन, यामाहा थंडरकैट, बीएसए गोल्डस्टार, नॉर्टन जुबली 250 और टीवीएस अपाचे आरआर 310 शामिल हैं।

वहीं धोनी को हाल ही में रांची में एक विंटेज रोल्स-रॉयस में घूमते हुए देखा गया था. धोनी खेल से संन्यास के बाद भी आईपीएल खेलते हैं और माना जा रहा है कि वह 2026 सत्र में भी खेलेंगे।

# जुरेल को टेस्ट में नंबर तीन पर मिल सकता है अवसर

## –दक्षिण अफीका ए के खिलाफ दो शतक लगाकर चर्चाओं में आये



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** युवा विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल ने भारत ए की ओर से जिस प्रकार दक्षिण अफ्रीका ए के खिलाफ बेहतरीन बल्लेबाजी की है। उससे उन्हें कोच गौतम गंभीर नंबर तीन पर अवसर दे सकते हैं। भारतीय टीम पिछले काफी समय से तीसरे नंबर पर एक ऐसे बल्लेबाज की तलाश कर रही है जो लंबी पारी खेल सके। इस जगह पर साई सुदर्शन सहित कई खिलाड़ियों को आजमाया गया पर अब तक कोई भी सफल नहीं रहा है। अनुभवी चेतेश्वर पुजारा के बाद से ही इस नंबर पर भारतीय टीम को कोई भी भरोसेमंद बल्लेबाज नहीं मिला है। अब जिस प्रकार से जुरेल ने दक्षिण अफ्रीका ए के खिलाफ दूसरे मैच की दोनों पारियों में शतक लगाया है। उससे अंदाजा होता है कि वह बड़ी पारी खेलने में सक्षम हैं। दोनों पारियों में दक्षिण अफ्रीका ए के गेंदबाज़ों का समझदारी से सामना किया। पहली पारी में जब भारत ए टीम मुश्किल में आई तो जुरेल ने उसे संभाला। उसके बाद दूसरी पारी में भी शानदार शतक लगाया। शुरुआत से ही जुरेल बेहद संयमित नजर आये।

# 'यहां की खराब एयर क्वालिटी को पचा पाना मुश्किल है', दक्षिण अफीका के दिग्गज क्रिकेटर ने जताया दुख

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दक्षिण अफीका के दिग्गज क्रिकेटर जॉन्टी रोड्स ने दिल्ली में बढ़ते एयर पॉल्यूशन पर चिंता जताई है। रोड्स ने अपने एक्स अकाउंट (पहले ट्विटर) पर एक पोस्ट में लिखा, 'आज शाम रांची जाते समय दिल्ली से गुजर रहा था, और हमेशा की तरह यहां की खराब एयर क्वालिटी को पचा पाना मुश्किल है। मैं शुक्रगुजार हूं कि मैं साउथ गोवा के एक छोटे से मछली पकड़ने वाले गांव में रहता हूं।'

क्रिकेट इतिहास के महानतम फील्डरों में से एक माने जाने वाले रोड्स का भारत से गहरा रिश्ता रहा है, जहां वे अब अपने परिवार के साथ गोवा में रहते हैं। उनकी पोस्ट में न सिर्फ उनकी पर्सनल परेशानी बल्कि राजधानी में बिगड़ते पर्यावरण के हालात के बारे में भी चिंता झलकती है जिसमें उन्होंने दिल्ली के घने स्मॉग की तुलना गोवा के साफ-सुथरे, शांत माहौल से की है।



फैंस और फॉलोअर्स ने तुरंत उनकी पोस्ट पर रिएक्ट करते हुए उनके विचारों से सहमति जताई और दिल्ली के गंभीर एयर क्वालिटी संकट से निपटने के लिए सख्त पर्यावरण नीतियों की मांग की। दूसरों ने रोड्स के शहरी भीड़भाड़ से दूर रहने के फैसले की तारीफ की और मछली पकड़ने वाले गांव में एक सिंपल, प्रकृति-आधारित जीवन शैली को पसंद करने के लिए उनकी सराहना की। दिल्ली की एयर क्वालिटी इस सीजन में सबसे निचले स्तर पर पहुंच गई है। शहर में स्मॉग की मोटी चादर छाई हुई है और तापमान सामान्य से काफी नीचे गिर गया है। जैसे-जैसे पॉल्यूशन का लेवल बिगड़ता गया, सोमवार को माता-पिता और बच्चे इंडिया गेट पर इकट्ठा हुए और सरकार से राजधानी के जहरीले हवा के संकट से निपटने के लिए तुरंत कार्रवाई करने की अपील की। सेंट्रल पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड (CPCB) के डेटा के अनुसार, दिल्ली में सोमवार को इस सीजन की सबसे खराब एयर क्वालिटी दर्ज की गई। सुबह 7 बजे एयर क्वालिटी इंडेक्स (AQI) 354 था - जिसे 'बहुत खराब' कैटेगरी में रखा गया है - जिससे शहर 'रेड जोन' में आ गया है। यह रविवार के 390 के स्तर से सिर्फ मामूली सुधार था, जो भी इसी कैटेगरी में आता था।

# रणजी मैच में विरोध टीम के खिलाड़ियों से बहस करते दिखे थे वैभव, प्रशंसक बोले, विराट की राह पर चल रहे

नई दिल्ली। 14 साल के उभरते हुए क्रिकेट वैभव सूर्यवंशी अपनी शानदार बल्लेबाजी के साथ ही आक्रामक व्यवहार के कारण भी विवादों में घिर गये हैं। पटना में हाल ही में हुए रणजी ट्रॉफी 2025-26 के मैच में वैभव अपनी बल्लेबाजी की जगह पर विकेटकीपर से झगड़े के कारण निशाने पर आ गये हैं। ये मैच बिहार और मेघालय के बीच हुआ था। इसका एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर आया है। इसमें देखा गया कि वैभव की मेघालय के विकेटकीपर अर्पित भाटेवारा और गेंदबाजों के साथ बहस हो गयी जिस कारण अंपायरों को बीच में आना पड़ा। अंपायरों के हस्तक्षेप और साथी बल्लेबाज के समझाने के बाद ही वैभव वापस क्रीज पर आ गये। वैभव की इस आक्रमकता को देखकर प्रशंसक उनकी तुलना विराट कोहली से करने लगे हैं, उनका मानना है कि ये बल्लेबाज भी विराट के नक्शेकदम पर है। विराट को भी अपने आक्रामक रवैये के लिए जाना जाता है। वह भी विरोधियों के जवाब उन्हीं के अंदाज में देते हैं। कोहली के निडर और आक्रामक रवैये टीम टीम पर काफी प्रभाव पड़ा है। अब अधिकतर खिलाड़ी आक्रामक अंदाज अपनाते हैं। मेघालय के खिलाफ मुकाबले में वैभव ने 93 रन बनाये थे। इस मैच में पहले दो दिन बारिश के कारण खेल नहीं हो पाया था। इस मैच में वैभव ने केवल 33 गेंदों में अर्धशतक लगा दिया था हालांकि वह अपना शतक नहीं पूरा कर पाये।

# मोहम्मद शमी की वापसी की संभावना पड़ सकती है मुश्किल, इग्लैंड में खेलने से किया था इनकार

नई दिल्ली। मोहम्मद शमी ने मौजूदा रणजी ट्रॉफी में 93 ओवर गेंदबाजी कर ली है लेकिन भारत के सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाजों में से एक का दोबारा टेस्ट क्रिकेट में खेलना मुश्किल लग रहा है और उनकी वनडे टीम में भी नीली जर्सी पहनने की संभावना कम ही दिख रही है। इस 35 वर्षीय खिलाड़ी ने भारत की तरफ से अपना आखिरी मैच इस साल मार्च में चैंपियंस ट्रॉफी में खेला था लेकिन उसके बाद से उन्हें किसी भी प्रारूप की टीम में नहीं चुना गया। वह 2023 में वनडे विश्व कप के बाद एड़ी की चोट के कारण लंबे समय तक खेल से बाहर रहे थे। उन्हें इस चोट से निजात पाने के लिए सर्जरी करानी पड़ी थी। वर्तमान समय में भारतीय क्रिकेट जिस दिशा में आगे बढ़ रहा है उसे देखते हुए ऐसी संभावना नहीं लगती है कि शमी तीनों प्रारूपों में अब तक खेले गए 197 अंतरराष्ट्रीय मैचों में और मैच जोड़ पाएंगे। वह टेस्ट और टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट दोनों में ही राष्ट्रीय टीम में जगह बनाने की दौड़ में पिछड़ गए हैं क्योंकि प्रसिद्ध कृष्णा और आकाशदीप के रूप में भारत के पास अच्छे विकल्प हैं। ऐसा लगता है कि उनके लिए अब केवल एक दिवसीय क्रिकेट ही बचा है। अगला वनडे विश्व कप 2027 में होगा और तब तक शमी 37 साल के हो जाएंगे। ऐसे में भारतीय टीम एक उम्र दराज तेज गेंदबाज को की टीम में रखने का जोखिम नहीं उठाएगी क्योंकि शमी का करियर चोटों से जुड़ा रहा है, जिसमें घुटने की समस्या भी शामिल है। शमी राष्ट्रीय चयनकर्ताओं से बिल्कुल भी खुश नहीं हैं और उन्होंने खुलकर कहा है कि चयनकर्ताओं ने उनसे कोई बातचीत नहीं की है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सूत्र हालांकि ऐसा नहीं मानते हैं।



# बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर फाइनल्स में अपनी जगह पक्की करने उतरेंगे लक्ष्य सेन

**कुमामोटो (जापान) (एजेंसी)।** चोट से उबरने के बाद एचएस प्रणॉय एक महीने के अंतराल के बाद मंगलवार से शुरु हो रहे कुमामोटो मास्टर्स जापान 2025 बैडमिंटन टूर्नामेंट में राष्ट्रीय टीम में वापसी करने के लिए तैयार हैं। वहीं लक्ष्य सेन अच्छा प्रदर्शन कर बीडब्ल्यूएफ वल्ड टूर फाइनल्स में अपनी जगह पक्की करने मैदान में उतरेंगे।

बैडमिंटन विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता प्रणॉय आखिरी बार सितंबर में कोरिया ओपन में खेले थे, जहां चोट के कारण मैच से हटने के बाद उन्हें पहले राउंड में ही बाहर होना पड़ा था। 33 साल के प्रणॉय के लिए 2025 का सीजन मुश्किल रहा है। वह अपने 14 बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर में से किसी में भी दूसरे राउंड से आगे नहीं बढ़ पाए हैं, और इस दौरान उन्हें आठ बार पहले राउंड में ही बाहर होना पड़ा है।



लक्ष्य सेन कुमामोटो मास्टर्स जापान में अच्छा प्रदर्शन करने की उम्मीद करेंगे ताकि उन्हें सीज़न के आखिर में होने वाले वल्ड टूर फाइनल्स के लिए क्वालिफाई करने में मदद मिल सके। लक्ष्य, सीजन के आखिर में होने वाले टूर्नामेंट के लिए क्वालिफाई करने वाले एकमात्र भारतीय एकल खिलाड़ी हैं। कल से शुरु हो रहे टूर्नामेंट में लक्ष्य सेन पहले दौर में जापान के कोकी वतनबे की कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा। वहीं प्रणय मलेशिया के जुन हाओ लियोंग के खिलाफ मैदान में उतरेंगे।

आयुष शेट्टी इस साल यूएस ओपन जीतकर बीडब्ल्यूएफ खिताब जीतने वाले एकमात्र भारतीय हैं, वे भी किरण जॉर्ज और तरुण मन्नेपल्ली के साथ जापान में पुरुष एकल ड्रॉ में हैं। इसके आलवा 17 साल की नैशा कौर भटोये महिला एकल में एकमात्र भारतीय खिलाड़ी हैं और वह क्वालिफायर से शुरुआत करेंगी। रोहन कपूर और रुथविका शिवानी गड्डे की मिश्रित युगल जोड़ी ही देश की एकमात्र युगल चुनौती पेश करेगी। मिश्रित युगल में रोहन कपूर और रूथविका शिवानी गादे का मुकाबला अमेरिका की प्रेस्ली स्मिथ और जेनी गाई की जोड़ी से होगा।

# अतुलदीप को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का ख़िताब




वाराणसी। पूर्वोत्तर रेलवे वाराणसी मंडल के वाणिज्य विभाग में कार्यरत अतुलदीप ने 01 नवम्बर से 08 नवम्बर, 2025 तक नई दिल्ली के शिवाजी स्टेडियम में आयोजित 35वें लाल बहादुर शास्त्री हॉकी टूर्नामेंट में टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया था। वह भारतीय रेलवे टीम के लिए खेलते हैं, जिसने एयर फ़ोर्स स्पोर्ट्स के खिलाफ रोमांचक मुकाबले के बाद चैंपियनशिप का खिताब जीता है। 35वें लाल बहादुर शास्त्री हॉकी टूर्नामेंट का हाल ही में समापन हुआ, जिसमें एक पुरस्कार समारोह आयोजित किया गया, जिसमें खिलाड़ियों को उनके प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार और युवा प्रतिभाशाली खिलाड़ी पुरस्कार रू.11,000/- का नकद पुरस्कार गुरुग्राम के श्री राज कुमार यादव द्वारा प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम को एसबीआई, अमूल, कृभको, जिंदल पावर और डालमिया जैसे संगठनों द्वारा प्रायोजित किया गया था। इस प्रतियोगिता में वायु सेना हॉकी टीमों सहित बारह टीमों ने भाग लिया था। मंडल रेल प्रबंधक, वाराणसी आशीष जैन एवं मंडलीय अधिकारियों ने अतुल दीप की इस उपलब्धी के लिए बधाई दी है। उल्लेखनीय ही की अतुल दीप विगत नौ वर्षो से भारतीय रेलवे एवं उत्तर प्रदेश की हाकी टीम में पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मंडल की तरफ से प्रतिभाग करते हुए लगातार मेडल प्राप्त कर रहे हैं।

# महिला जूनियर हॉकी विश्व कप के लिए भारतीय टीम की घोषणा, ज्योति सिंह को मिली कप्तानी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** हॉकी इंडिया ने चिली के सैंटियागो में 25 नवंबर से 13 दिसंबर तक होने वाले एफआईएच महिला जूनियर विश्व कप 2025 के लिए 20 सदस्यीय भारतीय टीम की घोषणा की है। इस टीम की अगुवाई ज्योति सिंह करेंगी, जबकि टीम की कोचिंग की जिम्मेदारी पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी तुषार खांडेकर निभाएंगे।

घोषित टीम में 18 मुख्य खिलाड़ी और 2 वैकल्पिक खिलाड़ी शामिल हैं। खांडेकर ने कहा, 'मैं टीम के प्रदर्शन से बहुत खुश हूं। अनुशासन हमारा मुख्य सिद्धांत है। खिलाड़ियों ने पिछले कुछ महीनों में जबरदस्त मेहनत की है और खेल में उल्लेखनीय सुधार दिखाया है।'

भारत को पूल-सी में रखा गया है और टीम अपना अभियान 1 दिसंबर को नामीबिया के खिलाफ शुरू करेगी। इसके बाद भारत 3 दिसंबर को जर्मनी और 5 दिसंबर को आयरलैंड से भिड़ेगा। पूल की शीर्ष टीमें 7 से 13 दिसंबर के बीच होने वाले नॉकआउट चरण में जगह बनाएंगी।

खांडेकर ने कहा, 'टीम पूरी तरह तैयार और उत्साहित है। लड़कियां विश्व कप में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।'

### भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम

गोलकीपरः निधि, एंगिल हर्षा रानी मिंज

डिफेंडरः मनीषा, लालथनलुआलांगी, साक्षी शुक्ला, पूजा साहू, नंदिनी

मिडफील्डरः साक्षी राणा, इशिका, सुनेलिता टोप्पो, ज्योति सिंह, खैदेम शिलेमा चानू, बिनिमा धान



फॉरवर्डः सोनम, पूर्णिमा यादव, कनिका सिवाच, हिना बानो, सुखवीर कौर

वैकल्पिक खिलाड़ीः प्रियंका यादव, पार्वती टोपनो।

# बाबर आजम सबसे तेजी से 15000 रन बनाने वाले पहले पाकिस्तानी बल्लेबाज बने

## पाक ने तीसरे एकदिवसीय में दक्षिण अफीका को हराया

लाहौर। पाकिस्तान के पूर्व कप्तान बाबर आजम ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपने 15000 रन पूरे कर लिए हैं। बाबर ने दक्षिण अफीका के खिलाफ तीसरे एकदिवसीय में ये उपलब्धि हासिल की है। अब वह 15000 रन बनाने वाले पाक के पांचवें बल्लेबाज बने हैं हालांकि उन्होंने यह आंकड़ा 370 पारियों में ही हासिल कर लिया। अब वह सबसे तेजी से 15000 रन बनाने वाले पहले पाक क्रिकेटर बन गये हैं। इससे पहले इंजमाम-उल-हक, यूनिस खान, मोहम्मद यूसुफ और जावेद मियांदाद ने भी ये आंकड़ा हासिल किया था। बाबर से पहले पाक ही अन्य बल्लेबाजों को इतने रनों तक पहुंचने के लिए 400 से 550 पारियां खेलनी पड़ी थीं। बाबर ने दक्षिण अफीका के खिलाफ तीसरे एकदिवसीय में 32 गेंद में 27 रन बनाये। अब तक 329 मैचों में बाबर ने 45.46 की औसत से 15004 रन बनाए हैं, जिसमें 31 शतक और 104 अर्धशतक शामिल हैं, उनका सबसे अधिक स्कोर 196 है। इस मैच में दक्षिण अफीका की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 37.5 ओवर में ही 143 रन पर आउट हो गयी। पाक की ओर से अबरार अहमद ने 27 रन देकर चार विकेट लिये जबकि शाहीन शाह अफरीदी, मोहम्मद नवाज और आगा सलमान ने दो-दो विकेट लिए। इसके बाद पाकिस्तान ने 25.1 ओवर में ही तीन विकेट पर 144 रन बनाकर ये मैच जीत लिया है। वहीं इससे पहले पाक टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने पहले ही ओवर में फखर जमान को खाता खोले बिना ही पेवेलियन भेज दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये बाबर आजम ने सैम अयूब के साथ दूसरे विकेट के लिए 64 रन बनाये। इसके बाद बाबर 27 रनों पर बदकिस्मती से रन आउट हो गये। ऐसे में मोहम्मद रिजवान ने सैम अयूब के साथ 65 रनों बनकार अपनी टीम को जीत दिलायी। अयूब ने 70 गेंदों में 11 चौके और एक छक्का लगाते हुए 77 रन बनाये।



# ऋचा घोष के नाम पर बनेगा क्रिकेट स्टेडियम, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने की घोषणा

**कोलकाता (एजेंसी)।** भारतीय महिला क्रिकेट की उभरती सितारा ऋचा घोष को लेकर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने एक ऐतिहासिक घोषणा की है। उन्होंने बताया कि दार्जिलिंग में बनने वाले नए क्रिकेट स्टेडियम का नाम 'ऋचा घोष क्रिकेट स्टेडियम' रखा जाएगा। यह सम्मान 22 वर्षीय सिलीगुड़ी की इस खिलाड़ी को उनके शानदार विश्व कप प्रदर्शन की याद में दिया जा रहा है। ऋचा ने 2025 महिला विश्व कप में भारत को खिताब जिताने में अहम भूमिका निभाई थी। यह फैसला न केवल उनकी उपलब्धियों का सम्मान है, बल्कि महिला क्रिकेट को नई ऊंचाई देने का प्रतीक भी बनेगा।

### ममता बनर्जी की घोषणा और भावनात्मक संबोधन

कोलकाता में आयोजित एक सम्मान समारोह में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने ऋचा घोष की उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा, 'ऋचा सिर्फ 22 साल की हैं, लेकिन उन्होंने पूरे देश को गौरवान्वित किया है। बंगाल सरकार चाहती है कि आने वाली पीढ़ियां उनके संघर्ष और सफलता से प्रेरणा लें।' ममता ने बताया कि दार्जिलिंग में करीब 27 एकड़ जमीन पर एक आधुनिक क्रिकेट स्टेडियम बनाया जाएगा और इसे ऋचा घोष के नाम समर्पित किया जाएगा। उन्होंने नगर निगम के मेयर को इस परियोजना की विस्तृत योजना तैयार करने के निर्देश भी दिए हैं।



### सिलीगुड़ी में हीरो की तरह हुआ स्वागत

2 नवंबर को नवी मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम में दक्षिण अफ्रीका पर भारत की 52 रन की ऐतिहासिक जीत के बाद ऋचा जब अपने गृहनगर सिलीगुड़ी लौटीं, तो उनका शानदार स्वागत हुआ। सड़कों पर हजारों प्रशंसकों ने उनका अभिनंदन किया। इस मौके पर क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ बंगाल (ष्टक्क) के अध्यक्ष सौरव गांगुली भी मौजूद थे, जिन्होंने राज्य सरकार के साथ मिलकर ऋचा को सम्मानित किया। गांगुली और झूलन गोस्वामी ने उन्हें सोने की परत चढ़ा हुआ बैट और बॉल भेंट किया। पश्चिम बंगाल सरकार ने ऋचा को बंगा भूषण पुरस्कार, एक सोने की चेन और डिप्टी सुपरिटेंडेंट ऑफ पुलिस (ष्ठस्क्क) * के पद से नवाजा, यह उनके योगदान की अद्भुत पहचान है।

### 'भविष्य की भारतीय कप्तान': गांगुली ने की प्रशंसा

पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली ने ऋचा की बल्लेबाज़ी और संयम की तारीफ करते हुए कहा कि वह भारतीय क्रिकेट का भविष्य हैं। गांगुली ने कहा, 'ऋचा में कप्तानी की सभी खूबियां आत्मविश्वास, अनुशासन और निर्णायक मानसिकता हैं। आने वाले समय में वह भारतीय महिला टीम की कप्तान बन सकती हैं।'

### विश्व कप में दमदार प्रदर्शन

ऋचा घोष का 2025 महिला विश्व कप शानदार रहा। उन्होंने अपनी टीम के लिए कई अहम पारियां खेलीं, जिनमें सबसे यादगार थी दक्षिण अफीका के खिलाफ 94 रनों की पारी, जब भारत का स्कोर 102 पर छह विकेट था। उनकी बल्लेबाज़ी ने मैच का पासा पलट दिया और भारत को फाइनल की राह पर आगे बढ़ाया।

## यूपी के सभी स्कूलों, कॉलेजों में अनिवार्य होगा 'वंदे मातरम्' का गान

गोरखपुर (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्य के सभी विद्यालयों में राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम' का गायन अनिवार्य किए जाने का ऐलान किया है। गोरखपुर में सोमवार को 'एकता यात्रा' कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, 'वंदे मातरम राष्ट्रीय गीत के प्रति सम्मान का भाव होना चाहिए। उत्तर प्रदेश के हर विद्यालय और हर शिक्षण संस्थान में हम इसका गायन अनिवार्य करेंगे।' उन्होंने कहा कि इससे उत्तर प्रदेश के हर नागरिक के मन में भारत माता के प्रति, अपनी मातृभूमि के प्रति श्रद्धा और सम्मान का भाव जागृत हो सकेगा। आदित्यनाथ ने किसी का नाम लिए बगैर कहा, 'कुछ लोगों के लिए आज भी भारत की एकता और अखंडता से बढ़कर उनका मत और मजहब हो जाता है। उनकी व्यक्तिगत निष्ठा महत्वपूर्ण हो जाती है। वंदे मातरम के विरोध का कोई औचित्य नहीं है।'

## जंतर-मंतर पर व्यक्ति ने खुद को गोली मार की आत्महत्या

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली के जंतर-मंतर पर सोमवार को एक व्यक्ति ने खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। सुबह करीब 9:00 बजे, दिल्ली पुलिस द्वारा लगाए गए मेटल डिटेक्टर गेट के पास स्थित एक चाय की दुकान के पास। बता दें कि मृतक की पहचान अभी तक नहीं हुई है। पुलिस मौके पर मौजूद है, घटनास्थल की घेराबंदी कर दी गई है। मामला दर्ज कर पुलिस आत्महत्या की परिस्थितियों की पुष्टि के लिए जाँच कर रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। दक्षिण-पश्चिम दिल्ली के महिपालपुर में एक 23 वर्षीय महिला की बिजली की रॉड से पानी गर्म करते समय करंट लगने से मौत हो गई। रविवार रात आठ बजकर 19 मिनट पर पुलिस को सूचना मिली। मणिपुर की 23 वर्षीय महिला। महिला बाथरूम में बेहोश पाई गई, उसके हाथ में बिजली की रॉड थी। जब वह काफी देर तक बाहर नहीं आई तो उसकी दोस्त ने पुलिस को फोन किया। यह बिजली का करंट लगने का मामला प्रतीत होता है और पुलिस को अभी तक किसी गड़बड़ी की आशंका नहीं है। शव को पोस्टमार्टम के लिए सफदरजंग अस्पताल के शवगृह ले जाया गया है।

## ध्वनि प्रदूषण को नियंत्रित करने धार्मिक स्थलों से अवैध लाउडस्पीकरों को हटाया गया

लखनऊ (एजेंसी)। ध्वनि प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए लखनऊ पुलिस द्वारा चलाए गए अभियान में धार्मिक स्थलों (मस्जिदों और मंदिरों) से अवैध लाउडस्पीकरों को हटाया गया है। धार्मिक स्थलों पर लगे अनधिकृत साउंड सिस्टम (लाउडस्पीकरों) को हटाना। यह अभियान योगी आदित्यनाथ सरकार द्वारा 2022 में शुरू की गई राज्यव्यापी पहल (ध्वनि नियंत्रण एवं विनियमन अभियान) का हिस्सा है। पुलिस की टीमों ने वजीरगंज की मस्जिदों (मोलसरी मस्जिद, मलका जमानी मस्जिद, गुइन रोड मस्जिद) और मंदिरों (बटुक भैरव मंदिर) का दौरा किया। अधिकारियों ने धार्मिक नेताओं को कानून के बारे में जानकारी दी और शांतिपूर्वक तथा आपसी सहमति से अनधिकृत लाउडस्पीकरों को हटाने में मदद की।

राज्यव्यापी आँकड़े (2022 से): उत्तर प्रदेश भर में 1,00,000 से ज़्यादा अवैध लाउडस्पीकर हटाए जा चुके हैं। 1,50,000 से ज़्यादा लाउडस्पीकरों की आवाज़ ध्वनि प्रदूषण मानदंडों के अनुपालन में कम की गई है। इस अभियान का प्राथमिक उद्देश्य ध्वनि प्रदूषण को नियंत्रित करना और तेज़ आवाज़ वाले लाउडस्पीकरों पर प्रतिबंध लगाने वाले कानूनी दिशा-निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करना है। यह अभियान उत्तर प्रदेश सरकार के ध्वनि नियंत्रण एवं विनियमन अभियान के तहत पूरे राज्य में कानून का समान रूप से क्रियान्वयन करने पर केंद्रित है।

## कठुआ में आतंकियों से संबंध के आरोप में दो एसपीओ बर्खास्त

कठुआ (एजेंसी)। जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले में आतंकियों के साथ संबंध रखने के आरोप में दो विशेष पुलिस अधिकारियों (एसपीओ) को सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है। अधिकारियों ने रविवार को बताया कि दोनों एसपीओ, अब्दुल लतीफ और मोहम्मद अब्बास पहले भी आतंकवादी गतिविधियों में संलिप्त पाए जाने पर गिरफ्तार किए जा चुके हैं। कठुआ की वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) मोहिता शर्मा ने दोनों पुलिसकर्मियों की सेवाएं तत्काल प्रभाव से समाप्त करने का आदेश जारी किया है। जांच में पाया गया कि दोनों एसपीओ आतंकियों को लॉजिस्टिक सपोर्ट और गोपनीय जानकारी मुहैया करा रहे थे। अधिकारियों के मुताबिक, सुरक्षा एजेंसियों ने दोनों के मोबाइल रिकॉर्ड और संपर्कों की जांच में कई संदिग्ध साक्ष्य पाए हैं। कठुआ पुलिस ने कहा कि आतंकवाद से किसी भी तरह का सहयोग बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, चाहे वह सुरक्षा बलों के भीतर से ही क्यों न हो। मामला अब आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए उच्च अधिकारियों को भेजा गया है।

## केरल में स्थानीय निकाय चुनाव नौ और 11 दिसंबर को दो चरणों में

तिरुवनंतपुरम (एजेंसी)। केरल राज्य निर्वाचन आयोग ने घोषणा की कि राज्य में स्थानीय निकाय चुनाव नौ और 11 दिसंबर को दो चरणों में होगा। तिरुवनंतपुरम, कोल्लम, पथनमथिट्टा, कोट्टायम, अलप्पुझा, इडुक्की और एर्नाकुलम जिलों में मतदान नौ दिसंबर को होगा। त्रिशूर, पलक्कड़, मलप्पुरम, वायनाड, कोझीकोड, कन्नूर और कासरगोड जिलों के मतदाता 11 दिसंबर को होगा। मतों की गिनती 13 दिसंबर को होगी। नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 21 नवंबर है, पत्रों की जांच 22 नवंबर को होगी और नामांकन वापस लेने की अंतिम तिथि 24 नवंबर है। राज्य निर्वाचन आयुक्त ए. शाहजहां ने घोषणा की कि केरल के 1,200 स्थानीय निकायों में से 1,199 में चुनाव कराए जाएंगे, जिसमें मट्टनूर नगर पालिका को शामिल नहीं है, क्योंकि इसकी परिषद का कार्यकाल 2027 तक वैध है।

चुनाव 941 ग्राम पंचायतों, 152 ब्लॉक पंचायतों, 14 जिला पंचायतों, 86 नगर पालिकाओं और छह नगर निगमों के लिए होगा, जिसमें कुल 23,512 वार्ड शामिल है। राज्य निर्वाचन आयुक्त शाहजहां ने बताया कि राज्य भर में 33,746 मतदान केंद्र और 2,84,30,761 मतदाता वोट डालने के पात्र हैं, जिसमें 2,841 प्रवासी भारतीय मतदाता भी शामिल हैं। केरल में स्थानीय निकाय चुनाव करीब आते ही, यूडीएफ और भाजपा दोनों ने तिरुवनंतपुरम निगम के लिए अपने उम्मीदवारों की सूची जारी की है।

# दिल्ली में हवा हुई दम घोंटू, एक्यूआई खराब स्तर पर, धुंध की मोटी चादर छाई

**प्रदूषण के बिगड़ते स्तर के बीच लोगों ने इंडिया गेट पर किया था प्रदर्शन**




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली में सोमवार सुबह वायु गुणवत्ता बेहद खराब श्रेणी में रही क्योंकि शहर में धुंध की मोटी चादर छाई रही। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मुताबिक सुबह 7 बजे एक्यूआई 345 पर रहा। दिल्ली में प्रदूषण के बिगड़ते स्तर के बीच रविवार को दिल्ली में इंडिया गेट पर अभिभावकों और पर्यावरण कार्यकर्ताओं समेत बड़ी संख्या में लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया था। प्रदर्शनकारियों जिनमें से कई बच्चों के साथ माताएं भी थीं, उन्होंने कहा कि वे स्वच्छ हवा सुनिश्चित करने के लिए सरकार से तत्काल कार्रवाई की मांग को लेकर यहां जमा हुए थे।

प्रमुख निगरानी केंद्रों पर प्रदूषण का स्तर

आनंद विहार-379, अशोक विहार-367, आईटीओ-376, चाँदनी चौक-360, ओखला फेज़-2-348, जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम-316, आईजीआई हवाई अड्डा (टी3)-305, जहांगीरपुरी-389, लोधी रोड-314, नजफगढ़-335, रोहिणी-390, आरके पुरम-363, वाजीपुर-397 एक्यूआई दर्ज किया गया। वहीं नोएडा में सेक्टर 62 में एक्यूआई-342, सेक्टर 1 में 325 और सेक्टर 116 में 339 दर्ज किया गया। ग्रेटर नोएडा में नॉलेज पार्क-3 और नॉलेज पार्क-5 में एक्यूआई का स्तर क्रमशः 316 और 314 दर्ज किया गया।

इस बीच गुरुग्राम के सेक्टर 51 में एक्यूआई 327 दर्ज किया गया, जबकि फरीदाबाद के न्यू इंडस्ट्रियल टाउन और सेक्टर 11 में वायु गुणवत्ता का स्तर क्रमशः 230 और 238 रहा, जो तुलनात्मक रूप से बेहतर था। शून्य से 50 के बीच के एक्यूआई को अच्छा, 51-100 के बीच के एक्यूआई को संतोषजनक, 101-200 के बीच के एक्यूआई को मध्यम, 201-300 के बीच के एक्यूआई को खराब, 301-400 के बीच के एक्यूआई को बहुत खराब और 401-500 के बीच के एक्यूआई को अति गंभीर माना जाता है।

वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने दिल्ली की वायु गुणवत्ता बहुत खराब श्रेणी के उच्च स्तर पर बने रहने के बावजूद, ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान के चरण 3 प्रतिबंधों को फ़िलहाल लागू नहीं करने का फैसला लिया है। दिल्ली का दैनिक औसत एक्यूआई दिन में गंभीर सीमा के करीब पहुंचने के बाद, जीआरएपी पर सीएक्यूएम की उप-समिति ने रविवार शाम वायु गुणवत्ता की स्थिति की समीक्षा के लिए बैठक की। पैनल के मुताबिक सुबह 10 बजे दिल्ली का प्रति घंटा औसत एक्यूआई 391 दर्ज किया गया, जो बाद में शाम 4 बजे तक सुधरकर 370 और शाम 5 बजे तक 365 हो गया।

भारत मौसम विज्ञान विभाग और भारतीय उष्णकटिबंधीय मौसम विज्ञान संस्थान के पूर्वानुमानों से पता चलता है कि आने वाले दिनों में समग्र वायु गुणवत्ता बिना किसी तीव्र गिरावट के बहुत खराब श्रेणी में रहने की संभावना है। मामूली सुधार और पूर्वानुमान के रुझानों को देखते हुए उप-समिति ने एनसीआर में मौजूदा चरण 1 और चरण 2 के उपायों को जारी रखने और इस स्तर पर चरण 3 के प्रतिबंधों को लागू नहीं करने का फैसला लिया। पैनल ने कहा कि वह स्थिति पर कड़ी नज़र रख रहा है और समय-समय पर वायु गुणवत्ता की समीक्षा करेगा।

## एसआईआर के खिलाफ बंगाल कांग्रेस सुप्रीम कोर्ट पहुंची

**-टीएमसी का दावा- एसआईआर के डर से राज्य में हुई 15 मौतें**

**कोलकाता (एजेंसी)।** बिहार के बाद 12 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में शुरू वोटर लिस्ट का रिवीजन स्ढ्ढक्र को लेकर पश्चिम बंगाल में सियासत गरमा गई है। अब कांग्रेस की बंगाल यूनिट ने सुप्रीम कोर्ट में स्ढ्ढक्र के खिलाफ याचिका लगाई है। जस्टिस सूर्यकांत की बेंच में यह मामला उठाया गया जो बिहार एसआईआर मामले की सुनवाई कर रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट 11 नवंबर को तमिलनाडु सरकार की एसआईआर प्रक्रिया के खिलाफ याचिका पर सुनवाई करेगा।

इधर, सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस ने दावा किया है कि 27 अक्टूबर को एसआईआर शुरू होने के बाद से अब तक 15 लोगों की मौत हुई है, जिनमें 3 महिलाएं शामिल हैं। टीएमसी ने कहा कि एसआईआर के डर से कुछ ने आत्महत्या की, तो कुछ की मौत हार्ट अटैक या ब्रेन स्ट्रोक से हुई। हालांकि भाजपा ने इसे 'राजनीतिक प्रचार' करार देते हुए आरोपों से इनकार किया है। कहा- टीएमसी जनता को गुमराह कर रही है। पश्चिम बंगाल में विरोध के बावजूद 80,000 से ज्यादा बूथ लेवल अधिकारी एसआईआर के फॉर्म बांट रहे हैं। 9 नवंबर रात 8 बजे तक 55.15 करोड़ से ज्यादा एसआईआर फॉर्म बांट दिए हैं। 4 नवंबर से शुरू हुआ काम 4 दिसंबर तक चलेगा।

**तृणमूल ने पीड़ितों के मदद के लिए लीगल टीम बनाई**

तृणमूल कांग्रेस महासचिव अभिषेक बनर्जी ने एसआईआर के आतंक की वजह से मरने वालों के परिजनों की मदद के लिए हेल्प डेस्क और लीगल सेल बनाई। पांच लोगों के परिजनों को आर्थिक सहायता भी भेजी। मृतकों के परिजनों की सहायता के लिए विशेष कमेटी बनाई है। इसके तहत सांसद और मंत्री परिजनों से मुलाकात कर मदद का आश्वासन दे रहे हैं।

## हवा में खराब हुआ विमान का इंजन, देर रात कराई इमरजेंसी लैंडिंग

**170 से ज्यादा यात्रियों थे सवार, सभी को सुरक्षित उतारा, जांच शुरु**




**मुंबई (एजेंसी)।** मुंबई से कोलकाता जा रहे स्पाइसजेट के विमान की रविवार देर रात आपातकालीन लैंडिंग करानी पड़ी, क्योंकि उसके एक इंजन में तकनीकी खराबी आ गई थी। 170 से ज्यादा यात्रियों को ले जा रही उड़ान एसजी670, पायलट ने पूर्ण आपातकाल घोषित करने के बाद रात करीब 11:38 बजे नेताजी सुभाष चंद्रबोस अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सुरक्षित उतर गई। हवाई अड्डे के अधिकारियों ने बताया कि सभी यात्री और क्रू-मेंबर्स के सदस्य सुरक्षित हैं।

मीडिया रिपोर्ट में कोलकाता हवाई अड्डे के अधिकारियों के हवाले से बताया गया है कि मुंबई के छत्रपति शिवाजी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से उड़ान भरने वाला यह विमान कोलकाता पहुंचने वाला ही था, तभी पायलट ने इंजन में खराबी की सूचना दी। जानकारी मिलते ही एयरपोर्ट ऑथरटी तुरंत इमरजेंसी की घोषणा कर आपातकालीन लैंडिंग के लिए रूट क्लियर किया।

अधिकारियों ने बताया कि हवाई अड्डे की इमरजेंसी रिस्पॉन्स टीम, जिसमें दमकल गाड़ियां, एम्बुलेंस और मेडिकल टीम थी, उनको लैंडिंग वाले स्थान पर तैनात किया गया था। फ्लाइट में 170 यात्रियों और क्रू-मेंबर सवार थे। विमान रात 11.27 बजे सुरक्षित लैंडिंग करा लिया गया। रात 11.38 बजे एयरपोर्ट पर लगे पूर्ण इमरजेंसी हटा लिए1 अधिकारियों ने पुष्टि की कि सभी यात्री और चालक दल सुरक्षित हैं।

बता दें इससे पहले सितंबर में भी पुणे से दिल्ली जा रही स्पाइसजेट की एक उड़ान को तकनीकी खरीबी के कारण उड़ान भरने के तुरंत बाद हवा में यू-टर्न लेना पड़ा था। हालांकि, एयरलाइन ने कहा कि उड़ान आपातकालीन परिस्थितियों में नहीं उतरी थी। अहमदाबाद में एयर इंडिया फ्लाइट के दुर्घटना के बाद से कई फ्लाइट्स बीच हवा में खराब हुई। कई फ्लाइट्स की इमरजेंसी लैंडिग करानी पड़ी। इसी कड़ी में इस घटना ने हवाई यात्रा की सुरक्षा को लेकर चिंताएं बढ़ा दी हैं। वहीं नागरिक उड्डयन महानिदेशालय ने इंजन फेल होने के कारणों का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी है।

## एण्डटीवी पर होगा शादी के साइड इफेक्ट्स और दोस्ती के हंगामे का धमाका

एजेंसी



**मुंबई :** एण्डटीवी के ह्यभाबीजी घर पर हैं और हप्पू की उलटन पलटन में इस हफ्ते के एपिसोड्स दोगुना मजा, हंसी और मस्ती देने वाले हैं, क्योंकि ये गलतफहमियां, हलचल, मजेदार मोड़ और नए ट्विस्ट के साथ आगे बढ़ते हैं। हप्पू की उलटन पलटन के इस हफ्ते के एपिसोड के बारे में बताते हुए गीतांजलि मिश्रा यानी राजेश बताती हैं, जब हप्पू का सबसे अच्छा दोस्त बेनी अपनी भावनाओं पर काबू नहीं पा पाता और बिमलेश की याद का दर्द सहन नहीं कर पाता, तो हप्पू उसे इलाज के लिए डॉक्टर के पास ले जाता है। लेकिन जल्दी ही हालात मजेदार तरीके से आउट ऑफ कंट्रोल हो जाते हैं। इस बीच, राजेश परेशान हो जाती हैं जब उनके पिता गब्बर अचानक गायब हो जाते हैं। मदद के लिए वह हप्पू के पास जाती हैं, लेकिन उसका व्यवहार संदिग्ध और हास्यप्रद हो जाता है। सच जानने के लिए राजेश और मलाइका अपनी खुद की जांच शुरू करती हैं, जो पूरे परिवार को मजेदार उलटफेरों और कॉमिक घटनाओं में उलझा देती है। लेकिन असली सवाल ये है कि गब्बर के साथ वास्तव में क्या हुआ, हप्पू अपने दोस्त से किए वादे को निभाने के लिए किस हद तक जाएगा और क्या गब्बर उसे माफ करेंगे इस हास्यास्पद अपहरण के लिए। भाबीजी घर पर हैं के बारे में बताते हुए शुभांगी अत्रे ऊर्फ अंगूरी भाबी ने कहा, अंगूरी नाराज हैं कि तिवारी हमेशा काम में इतने व्यस्त रहते हैं कि उनके लिए वक्त ही नहीं निकालते। वहीं, अनीता इस बात से खीझी हुई हैं कि विभूति सारा दिन घर पर रहते हैं और कुछ काम नहीं करते। दोनों पत्नियों की उलटी परिस्थितियाँ घर में बहस और झगड़े की वजह बन जाती हैं। एक रात, दुख साझा करते हुए विभूति और तिवारी अपनी परेशानियाँ चाचा को बताते हैं। चाचा एक उपाय सुझाते हैं कि तिवारी अपनी दुकान पर विभूति को नौकरी दे दें, और बदले में खुद घर पर रहकर अंगूरी को खुश करें। शुरूआत में दोनों पत्नियाँ इस बदलाव से खुश हो जाती हैं, लेकिन जल्द ही ये खुशी पूरी तरह अफरातफरी में बदल जाती है। घर के कामों में तिवारी की मदद से अंगूरी का सिर दर्द बढ़ जाता है, वहीं अनीता को बिना विभूति के घर चलाना मुश्किल लगने लगता है। अब सवाल ये है कि क्या यह पति-पत्नी की भूमिका बदलने वाला प्रयोग उनकी जिंदगी में संतुलन लाएगा या मॉडर्न कॉलोनी में मचा देगा और ज्यादा हंगामां। तैयार हो जाइए मस्ती और हंसी से भरपूर हफ्ते का आनंद उठाने के लिए! देखिए हप्पू की उलटन पलटन रात 10 बजे, और ह्यभाबीजी घर पर हैं रात 10:30 बजे, हर सोमवार से शुक्रवार, सिर्फ एण्डटीवी पर।

## संघ के वित्तपोषण के तरीकों पर प्रियांक खड़गे ने मांगा स्पष्टीकरण

बेंगलुरु (एजेंसी)। कर्नाटक के मंत्री प्रियांक खड़गे ने आरएसएस यानी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा चंदा प्राप्त करने के तरीके पर सवाल उठाकर उसके वित्तपोषण के तरीकों पर स्पष्टीकरण मांगा। मंत्री खरगे ने आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत के बयान पर प्रतिक्रिया व्यक्त की कि संगठन पूरी तरह से अपने स्वयंसेवकों के योगदान से संचालित होता है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के पुत्र कर्नाटक सरकार में मंत्री ने कहा, भागवत ने कहा है कि संघ अपने स्वयंसेवकों द्वारा दिए गए चंदे के माध्यम से काम करता है। हालांकि, इस दावे को लेकर कई वाजिब सवाल उठते हैं। उन्होंने पूछा कि ये स्वयंसेवक कौन हैं और उनकी पहचान कैसे की जाती है, वे कितना चंदा देते हैं एवं इसकी प्रकृति क्या है और किन माध्यमों से धन एकत्र होता है। कर्नाटक के मंत्री ने कहा, अगर आरएसएस पारदर्शी तरीके से काम करता है, तब संगठन को उसकी पंजीकृत पहचान के तहत सीधे चंदा क्यों नहीं मिलाता? उन्होंने कहा मैं जानना चाहता हूं कि औपचारिक रूप से पंजीकृत संस्था न होते हुए भी संघ ने अपना वित्तीय और संगठनात्मक ढांचा कैसे कायम रखा। मंत्री ने पूछा कि पूर्णकालिक प्रचारकों को कौन वेतन देता है और संगठन के नियमित संचालन संबंधी खर्चों को कौन पूरा करता है तथा बड़े पैमाने के आयोजनों, अभियानों एवं संपर्क गतिविधियों का वित्तपोषण कैसे होता है। उन्होंने स्वयंसेवकों द्वारा स्थानीय कार्यालयों से गणवेश या सामग्री खरीदे जाने का मुद्दा उठाकर पूछा कि धन का हिसाब कहां रखा जाता है और स्थानीय कार्यालयों एवं अन्य बुनियादी ढांचे के रखरखाव का खर्च कौन उठाता है। मंत्री ने कहा कि ये प्रश्न पारदर्शिता और जवाबदेही के मूलभूत मुद्दे को रेखांकित करते हैं। उन्होंने कहा, अपनी व्यापक राष्ट्रीय उपस्थिति और प्रभाव के बावजूद आरएसएस अब भी पंजीकृत क्यों नहीं है? उन्होंने कहा, जब भारत में हर धार्मिक या धर्मार्थ संस्था को वित्तीय पारदर्शिता बनाए रखना जरूरी है, तब आरएसएस के लिए ऐसी जवाबदेही व्यवस्था न होने का क्या औचित्य है?

## जम्मू-कश्मीर पुलिस को बड़ी कामयाबी, आतंकी नेटवर्क से जुड़े डॉक्टर, सहित 7 आरोपियों को किया गिरफ्तार

**-करीब 2,900 किलो विस्फोटक, हथियारों का जखीरा और कई आपत्तिजनक वस्तुएं बरामद**

**श्रीनगर (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने बड़ी कामयाबी हासिल कर एक अंतरराज्यीय और अंतरराष्ट्रीय आतंकी नेटवर्क का खुलासा किया है। यह नेटवर्क प्रतिबंधित आतंकी संगठनों जैश-ए-मोहम्मद और अंसर गजवात-उल-हिंद से जुड़ा हुआ था। पुलिस ने मामले में सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है और करीब 2,900 किलो विस्फोटक, हथियारों का जखीरा और कई आपत्तिजनक वस्तुएं बरामद की हैं। गिरफ्तार आरोपियों में आरिफ निसार डार उर्फ साहिल, यासिर-उल-अशरफ, मकसूद अहमद डार उर्फ शाहिद, मौलवी इरफान अहमद, जमीर अहमद अहंगर उर्फ मुतलाशा, डॉ. मुजम्मिल अहमद गनई उर्फ मुसैब और डॉ. अदील के नाम शामिल हैं। पुलिस ने छापेमारी के दौरान भारी मात्रा में हथियार और विस्फोटक सामग्री बरामद की। इसमें एक चाइनीज पिस्टल और कारतूस, एक बेरेटा पिस्तौल और कारतूस, एक एके-56 और कारतूस, एक एके क्रिंकॉफ राइफल और कारतूस और 2,900 किलो आईईडी मटेरियल (जिसमें विस्फोटक, रसायन, बैटरी, टाइमर, वायर, रिमोट कंट्रोल और मेटल शीट्स) शामिल हैं। पुलिस जांच में सामने आया हैं कि यह गिरोह विदेशी हैंडलर्स के संपर्क में था और एनक्रिप्टेड चैनलों के जरिए फंडिंग, भर्ती और लॉजिस्टिक सपोर्ट का काम कर रहा था।

आतंकियों ने सोशल मीडिया और एजुकेशनल नेटवर्क्स के जरिए फंड जुटाने की व्यवस्था तैयार की थी, ताकि शक न हो। यह पूरा नेटवर्क व्हाइट कॉलर टेरर इकोसिस्टम के रूप में काम कर रहा था, जिसमें कुछ पेशेवर और छात्र भी शामिल थे। इस आतंकी मॉड्यूल का खुलासा तब हुआ जब 19 अक्टूबर को नौगाम, श्रीनगर के विभिन्न इलाकों में जैश-ए-मोहम्मद के धमकी भरे पोस्टर लगाए गए थे।

जम्मू-कश्मीर पुलिस ने कहा कि यह ऑपरेशन आतंकवाद के खिलाफ उनकी दृढ़ निष्ठा और सतर्कता का सबूत है। पुलिस के अनुसार, फंडिंग की जांच जारी है और सभी संपर्कों को ट्रेस किया जा रहा है। पुलिस ने स्पष्ट किया कि जम्मू-कश्मीर पुलिस आतंकवाद के इस जहर को पूरी तरह खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## ग्राहकों को मिलेगी आसान और भरोसेमंद बैंकिंग

एजेंसी



**पटना :** ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में आसान और भरोसेमंद बैंकिंग अब पहले से ज्यादा जरूरी है और इसी सोच के साथ उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक ने बिहार में अपनी चार नई शाखाएँ बेगूसराय, भागलपुर, जमुई और कटिहार में खोली हैं। इन शाखाओं के जरिए छोटे कारोबारियों, घर खरीदने वाले और बैंकिंग से दूर लोगों तक सेवाएं आसानी से पहुंच सकेंगी। नई शाखाएं मुख्य रूप से ग्रुप लोन और इंडिविजुअल लोन पर काम करेंगी और स्थानीय स्तर पर करीब 40-45 लोगों के लिए रोजगार के अवसर भी पैदा करेंगी। उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक के माइक्रो बैंकिंग और गोल्ड लोन के हेड, विभास चंद्र ने कहा, बिहार हमारे लिए एक अहम विकास क्षेत्र है, जहां मजबूत उद्यमशीलता की भावना और भरोसेमंद वित्तीय सेवाओं की बढ़ती जरूरत साफ दिखाई देती है। नई शाखाओं की शुरूआत हमारे इस संकल्प को दर्शाती है कि हम जमीनी स्तर पर लोगों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना चाहते हैं। हमारा उद्देश्य पूर्वी भारत में अपनी मौजूदगी को और मजबूत करना है, ताकि हम लोगों, छोटे कारोबारियों और युवा उद्यमियों की बदलती जरूरतों के अनुसार उन्हें आसान और ग्राहक-केंद्रित बैंकिंग समाधान दे सकें। उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक अब 26 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 98.8 लाख से अधिक ग्राहकों को सेवाएं दे रहा है। बैंक बचत, फिक्स्ड और रिकरिंग डिपॉजिट, माइक्रोफाइनेंस, हाउसिंग, एमएसएमई, गोल्ड और व्हीकल लोन जैसी सुविधाएँ प्रदान करता है।

# वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग की चेतावनी, पराली जलाने वालों पर लें सख्त एक्शन

**-विद्युत संयंत्र की स्थिति व उत्सर्जन मानदंडों के पालन नहीं करने पर जताई चिंता**



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने पंजाब से पराली जलाने की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए तत्काल और समन्वित कार्रवाई का आह्वान किया है। साथ ही आयोग ने कहा कि हरियाणा में धान कटाई के मौसम में ऐसे मामलों में कमी आई है। पंजाब के क्षेत्रीय दौरे में सीएक्यूएम अध्यक्ष राजेश वर्मा ने बठिंडा स्थित लहरा मोहब्बत ताप विद्युत संयंत्र की खराब स्थिति और उत्सर्जन मानदंडों के पालन नहीं करने पर गंभीर चिंता जताई।

आयोग ने चेतावनी दी कि यदि तत्काल सुधारात्मक उपाय नहीं किए गए तो वह इसे बंद करने के निर्देश जारी कर सकता है। टीम को क्षेत्र में पराली जलाने की छिटपुट घटनाएं भी मिलीं। 7 नवंबर को पंजाब सरकार के साथ एक उच्च-स्तरीय समीक्षा बैठक में, आयोग ने पाया कि राज्य में इस साल 15 सितंबर से 6 नवंबर के बीच पराली जलाने की 3,284 घटनाएं दर्ज की गईं, जबकि 2024 में इस अवधि में 5,041 मामले दर्ज किए गए थे, जो केवल मामूली सुधार दर्शाते हैं।

जानकारी के मुताबिक मुक्तसर और फाजिल्का समेत कुछ जिलों में पराली में आग लगाने की घटनाओं में वृद्धि हुई है, जिसके लिए हस्तक्षेप की जरुरत है। सीएक्यूएम ने कहा कि पंजाब के चार ताप विद्युत संयंत्रों ने सितंबर तक केवल 3.12 लाख मीट्रिक टन पराली का ही संयुक्त दहन किया, जबकि 2025-26 के लिए 11.83 लाख मीट्रिक टन का लक्ष्य रखा था। इसने राज्य को फसल अवशेष प्रबंधन के प्रयासों को बढ़ाने, मशीनरी की समय पर उपलब्धता सुनिश्चित करने और संपीड़ित बायोगैस संयंत्रों के लिए सहायता प्रदान करने का निर्देश दिया है।

आयोग ने ज्यादा सख्त प्रवर्तन और जवाबदेही पर जोर देते हुए पंजाब को जागरूकता अभियान तेज करने और खेतों में पराली में आग लगाने की घटनाओं वाले क्षेत्रों में अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया। हरियाणा के प्रदर्शन की समीक्षा करते हुए आयोग ने कहा कि राज्य में खेतों में पराली में आग लगाने की घटनाओं में भारी गिरावट आई है। उसने कहा कि 15 सितंबर से 6 नवंबर के बीच 206 घटनाएं दर्ज की गईं, जबकि पिछले साल इसी अवधि में 888 घटनाएं हुई थीं।

सीएक्यूएम ने इसका श्रेय सक्रिय प्रवर्तन, प्रोत्साहन-आधारित हस्तक्षेपों और किसानों के बीच पराली प्रबंधन के प्रति व्यवहारिक बदलाव को दिया। आयोग ने हरियाणा में वाहनों और औद्योगिक उत्सर्जन, निर्माण और तोड़फोड़ से निकलने वाली धूल और नगरपालिका अपशिष्ट प्रबंधन समेत अन्य प्रमुख प्रदूषण स्रोतों की भी समीक्षा की। इसने क्षेत्र में स्वच्छ वायु सुनिश्चित करने के लिए कार्य योजनाओं और वैधानिक निर्देशों के सख्त क्रियान्वयन का निर्देश दिया।

नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित।
संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, कार्यकारी संपादक- भीष्म सिंह, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह. 9334331934, 7903538992, 9570107019, RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902